जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 14 संख्याः 28 प्रभात हिण्डौन सिटी, सोमवार 29 नवम्बर, 2021 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.



अल-कत-अल असीरी, सऊदी अरब की एक पारम्परिक चित्र शैली है, इसे युनैस्को ने इन्टैन्जिबल कल्चरल हैरिटेज की अन्तर्राष्ट्रीय सूची में शामिल किया है। सऊदी अरब के दक्षिणी क्षेत्र, असीरी में ही इस शैली का जन्म हुआ। सबसे खास बात यह है कि, महिलाएं ही ये चित्र बनाती हैं। असीरी के पारम्परिक घरों की बैठक की दीवारों पर ये चित्र देखे जा सकते हैं। महिलाएं ज्यामितीय आकृतियां और जनजातीय प्रतीकों की आकृतियाँ बनाकर उनमें शोख रंग भरती हैं। अरबी भाषा में इन्हें नागाश पेंटिंग कहते हैं। इनका एक नाम मजलिस पेंटिंग भी है, क्योंकि ये चित्र मुख्यतया घर की बैठक अर्थात् मजलिस में बनाए जाते हैं। इस चित्र शैली में प्रयुक्त ज्यामितीय डिजाइन यहां के टैक्सटाइल व कपड़ों की बुनाई के पैटर्न को प्रतिबिंबित करते हैं। इनमें आड़ी-तिरछी रेखाओं, त्रिभुजों व वर्गों का प्रयोग ज्यादा किया जाता है। त्रिकोण के आकार से पहाड़ व तिरछी रेखाओं से पानी को दर्शाया जाता है। बैठक के अलावा शेष घर की दीवारों, सीढ़ियों व फर्नीचर पर भी इस तरह की चित्रकारी की जाती है। एक परिवार की सम्पन्नता का अंदाजा दीवार पर बनी तस्वीरों से लगाया जाता है। यह तो ज्ञात नहीं है कि पेंटिंग की यह परम्परा कब शुरु हुई, परंतु 1991-92 में प्रोफैसर घीथान अली जराइस ने एक रिसर्च के दौरान तीन सौ से चार सौ साल पुराने घर भी देखे जिनकी दीवारों पर ऐसे चित्र बने हुए थे। इससे स्पष्ट है कि यह परम्परा काफी पुरानी है और पीढ़ी से पीढ़ी हस्तांतरित होती है। असीरी महिलाओं ने भी बताया कि उन्हें यह पेंटिंग उनकी मां ने सिखाई थी तथा उनकी मां ने अपनी मां से यह कला सीखी थी। सऊदी अरब के नीरस रेगिस्तानी माहौल को ये रंग बिरंगी पेंटिंग्स जीवंत व रंगीन बना देती हैं।

त्रिपुरा निकाय चुनाव में भाजपा ने विपक्षी पार्टियों का सूपड़ा साफ किया

भाजपा ने 334 वॉर्डों में से 329 में कब्जा जमाया, तृणमूल कांग्रेस को सिर्फ एक सीट मिली

- **निकाय चुनाव के नतीजों से जहां भाजपा गदगद है तो महज एक सीट जीतने वाली तृणमूल कांग्रेस की भी खुशी कम नहीं है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद मिशन दिल्ली के तहत ममता बनर्जी की पार्टी ने सबसे पहले त्रिपुरा में ही विस्तार का ऐलान किया था।**
- **टी.एम.सी. को सीट महज एक ही मिली हो, लेकिन वोट शेयर के मामले में इसने लैफ्ट को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।**
- **टी.एम.सी. के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने ट्विटर पर कहा कि, यह उनकी पार्टी के लिए 20 प्रतिशत मत हासिल करना असाधारण बात है, जिसकी तीन माह पहले त्रिपुरा में न के बराबर उपस्थिति थी।**

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। भाजपा ने त्रिपुरा निकाय चुनाव में विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दिया है। अगरतला म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन सहित 14 अर्बन बॉडीज में हुए चुनाव में भाजपा ने कुल 334 वॉर्डों में से 329 पर कब्जा जमा लिया। अगतला में तो सभी 51 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। कुल 334 सीटों में से 222 पर 25 नवंबर को मतदान हुआ था, जिसमें 81.54 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। कुल 222 में से 217 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की, जबकि 112 पर उसके प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए।

निकाय चुनाव के नतीजों से जहां भाजपा गदगद है तो महज 1 सीट जीतने वाली तृणमूल कांग्रेस की भी खुशी कम नहीं है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद मिशन दिल्ली के तहत ममता बनर्जी की पार्टी ने सबसे पहले त्रिपुरा में ही विस्तार का ऐलान किया था। टी.एम.सी. को सीट महज 1 ही मिली हो, लेकिन वोट शेयर के मामले में इसने लेफ्ट को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। त्रिपुरा म्यूनिसिपल बॉडीज के कई वॉर्डों में सी.पी.आई. (एम) को पीछे छोड़कर मुख्य विपक्षी का दर्जा हासिल करने वाली टी.एम.सी. ने अपने प्रदर्शन को असाधारण बताया। पार्टी इसे 2023 विधानसभा चुनाव से पहले अपनी कामयाबी के तौर पर देख रही है।

टी.एम.सी. के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने ट्विटर पर कहा कि यह उनकी पार्टी के लिए 20 प्रतिशत मत हासिल करना असाधारण बात है, जिसकी त्रिपुरा में न के बराबर उपस्थिति थी। उन्होंने ट्वीट किया, हमने बमुश्किल 3 महीने पहले अपनी गतिविधियां शुरू कीं, इसके बावजूद हमें यह प्रतिक्रिया मिली है जबकि भाजपा ने त्रिपुरा में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

त्रिपुरा टी.एम.सी. के सभी बहादुर सैनिकों को उनके अनुकरणीय साहस के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

करोना संक्रमण के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन से राजस्थान अभी सुरक्षित

राज्य में अभी तक इस वैरिएंट का कोई भी मामला सामने नहीं आया है

- **केन्द्र सरकार ने राजस्थान सहित सभी राज्यों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।**
- **प्रदेश में रविवार को थोड़ी कमी के बाद 17 नए संक्रमित मिले। इनमें सबसे ज्यादा 8 मामले जयपुर में पाए गए हैं।**
- **राज्य में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर दो सौ के करीब पहुंचे।**

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 28 नवम्बर । विदेश में करोना संक्रमण का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन मिलने से हड़कंप मचा हुआ है, वहीं राहत की बात यह है राजस्थान इससे अभी सुरक्षित है। फिलहाल यहां इसका कोई भी मामला सामने नहीं आया है।

नए वैरिएंट को लेकर केन्द्र ने राजस्थान सहित सभी राज्यों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। इस बीच राज्य में रविवार को थोड़ी गिरावट के बाद करोना के 17 नए रोगी मिले हैं। हांलाकि इस बीच प्रदेश में एक्टिव केस बढ़कर दो सौ के करीब पहुंच गए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने राजस्थान सहित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों को पत्र भेजकर कहा है कि ओमिक्रॉन को देखते हुए अत्यधिक सतर्कता बरती जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोविड मानकों की कड़ाई से पालन की जाए। पत्र में कहा गया है कि ओमिक्रॉन से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा तैयार किया जाना चाहिए। वहीं अति जोखिम वाले दस देशों से आने वाले यात्रियों को लेकर भी सतर्कता बरती जाए। इसके अतिरिक्त विदेश से आने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखते हुए उनकी कोविड जांच करवाई जाए।

इधर राजस्थान में अब तक करोना के नए वैरिएंट का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है।

पहली और दूसरी लहर के दौरान राज्य में अल्फा, डेल्टा और कप्पा वैरिएंट ही मिला है। हालाकि नए वैरिएंट से बचने के लिए राज्य में विदेशों से आने वाले सभी लोगों की जांच होना बेहद जरूरी है।

उधर दूसरी ओर राजधानी जयपुर सहित राज्य भर में करोना के नए मामलों में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। इसके चलते राज्य में रविवार को 17 नए मरीज सामने आए हैं। इससे पहले शनिवार को 26 रोगी पाए गए थे। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में फिर सबसे ज्यादा 8 मरीज जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा अजमेर में 4 तथा अलवर, जैसलमेर, नागौर, पाली और उदयपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। राजधानी में रविवार को लालकोठी में 4, बनीपार्क में 2 और गांधीनगर व मुरलीपुरा में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस दौरान 5 मरीज रिकवर भी हुए हैं।

इस बीच राज्य के 26 जिलों में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। इनमें 20 जिले ऐसे है, जहां अब न कोई नया संक्रमित है और न ही कोई एक्टिव केस मौजूद है।

प्रदेश में रविवार को केवल 5 और संक्रमितों के ठीक होने के साथ ही अब तक इस बीमारी से 9 लाख 45 हजार 604 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। राज्य में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 199 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 104 मामले जयपुर में तथा 30 केस अजमेर में हैं।

इसके अलावा 11 जिले अलवर, बारां, बाड़मेर, बीकानेर, दौसा, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, पाली, राजसमंद और उदयपुर में 20 से कम एक्टिव केस हैं। प्रदेश में शनिवार को भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हांलाकि राज्य में इस बीमारी से अब तक 8955 लोगों की मौत हो चुकी है।

'आंकड़े झूठे हैं, लेकिन लोगों की पीड़ा सच्ची है'

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि देश में कोविड-19 के कारण मरने वालों का सही और ठोस आंकड़ा सामने आना चाहिए और इस महामारी के कारण मरने वाले लोगों के परिवारों को चार लाख रुपये मुआवजा दिलाने के लिए वह प्रयास करेगी।

करोना वायरस के कारण जान गंवाने वाले लोगों के परिवार को मुआवजा दिलाने के लिए केंद्र पर दबाव

- **राहुल गांधी ने यह भी कहा कि, मुआवज़ा देना पड़े, इस डर से सरकार ने करोना से बड़े पैमाने पर हुई मौतों के आंकड़े छुपाये हैं।**

बनाने के पार्टी के अभियान के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महामारी की दूसरी लहर के दौरान पीड़ित परिवारों का वीडियो साझा किया।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस संसद के दोनों सदनों में मुद्दे को उठाएगी और इस तरह के सभी परिवारों को सरकार से चार लाख रुपये मुआवजा दिलाने की मांग रखेगी।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

ममता बनर्जी को संसद में अब कांग्रेस की अगुवाई बिल्कुल मंजूर नहीं!

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से बुलाई गई विपक्षी दलों की बैठक में तृणमूल ने नहीं आने का ऐलान किया

- **सोमवार को यह बैठक प्रमुख मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए विपक्ष की संयुक्त रणनीति पर चर्चा के लिए बुलाई गई है।**

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार को घेरने से पहले ही विपक्षी खेमे में दरार पैदा हो गई है। तृणमूल कांग्रेस ने राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा सोमवार को बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। हालांकि वह रविवार को सरकार की बैठक में शामिल हुई थी। सोमवार की बैठक प्रमुख मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए विपक्ष की संयुक्त रणनीति पर चर्चा के लिए बुलाई गई है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि, उन्होंने सभी विपक्षी दलों को आमंत्रित किया, लेकिन इसमें शामिल होना या न होना उन पर निर्भर है। हालांकि कांग्रेस शुक्रवार को 14 विपक्षी दलों को संविधान दिवस समारोह में शामिल न होने के लिए मनाने में सफल रही, लेकिन तृणमूल कांग्रेस से दूरी बनाए रखना चाहती है क्योंकि बनर्जी पश्चिम बंगाल के बाहर अपना आधार बढ़ाना चाहती हैं लेकिन राष्ट्रीय राजनीति में उनके आने से विपक्ष की बड़ी चर्चा बाधित हो सकती है।

इन दरारों को कांग्रेस द्वारा परोक्ष रूप से निशाना बनाने के साथ देखा जा सकता है और गोवा, असम और मेघालय में अपनी पार्टी के नेताओं को तोड़ने के लिए चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर को दोषी ठहराया जा सकता है। ममता बनर्जी ने अपनी हालिया दिल्ली यात्रा पर, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात नहीं की थी।

गौरतलब है कि, इससे पहले केन्द्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय मीटिंग में आप पार्टी ने भी आने से इंकार कर दिया था और आप पार्टी इसमें शामिल नहीं हुई थी।

हालांकि, संसद के शीतकालीन सत्र से पहले कांग्रेस, सरकार के खिलाफ एक मजबूत गठबंधन बनाने के लिए, तृणमूल से बात कर रही है और इसे भी बोर्ड पर ले जाने की कोशिश कर रही है। लेकिन संदेह बरकरार है क्योंकि मेघालय विभाजन (जहां 17 में से 12 विधायक तृणमूल में चले गए) ने कांग्रेस में हंगामा खड़ा कर दिया है, जो पहले से ही पूर्वोत्तर में भाजपा के हमले का सामना कर रही थी।

हालांकि संसद में विपक्षी एकता पर टी.एम.सी. के राज्य सभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा, संसद में विपक्ष की एकता होगी।

आम मुद्दे विपक्ष को एकजुट करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस हमारी चुनावी सहयोगी नहीं है और न ही हम उनके साथ सरकार चला रहे हैं बस इतना सा ही अंतर है।

बंगाल में सड़क हादसे में 18 लोगों की मौत

कोलकाता, 28 नवंबर (वार्ता)। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में शनिवार रात हुए एक सड़क हादसे में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है और पांच अन्य घायल हो गए हैं।

सूत्रों ने बताया कि हादसा उस समय हुआ, जब वाहन में सवाल लोग उत्तर 24 परगना के बगदा से नवद्वीप में श्मशान घाट जा रहे थे। इस दौरान

- **एक वाहन में सवार होकर लोग श्मशान घाट जा रहे थे तभी उनके वाहन की एक ट्रक से टक्कर हो गई।**

हांसखाली थाना क्षेत्र के फूलबाड़ी में अनियंत्रित होकर उनका वाहन सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जाकर टकरा गया। दुर्घटना में घायल लोगों को तुंरत अस्पताल ले जाया गया।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने इस घटना पर दुख जताते हुए

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

केंद्रीय नेतृत्व द्वारा वसुंधरा राजे को कड़ी फटकार लगाने की चर्चा जोरों पर

वसुंधरा राजे की राजनीतिक यात्रा में भाजपा के बागी नेताओं का जमावड़ा रहा

- **चर्चा है कि, अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे एक-दूसरे के खिलाफ बयान देने से बचते हैं।**
- **अमित शाह के दौरे की तैयारियों में जुटे सतीश पूनिया, वहीं दूसरी ओर वसुंधरा राजे अपना शक्ति-प्रदर्शन कर रही हैं।**

जयपुर, 28 नवम्बर (का.सं.)। भाजपा में सियासी खींचतान जाहिर है, जिसमें संघ पृष्ठभूमि के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन की मजबूती के लिए कार्य कर रहे हैं, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे राजनीतिक यात्रा के जरिए केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही हैं। इस बीच कई भाजपा नेताओं में अंदरूनी चर्चा और सूत्रों से मिली जानकारी की माने तो केंद्रीय नेतृत्व ने वसुंधरा राजे को पत्र द्वारा लिखित में कड़ी फटकार लगाई है, जिसके बारे में आगामी दिनों में खुलासा होने पर स्पष्ट हो सकता है।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया ने हाल ही में चार दिन की यात्रा की है, जिसे वह धार्मिक यात्रा नाम दे रही हैं, जबकि हकीकत यह है कि यह उनकी राजनीतिक यात्रा थी, जिसमें उनके साथ वह लोग ज्यादा थे जो भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़े हैं। इनमें प्रमुख रूप से रणधीर सिंह भिंडर, भंवर सिंह पलाड़ा, लादूलाल पिपलिया हैं। सियासी गलियारों में चर्चा है कि प्रदेश भाजपा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियों में जुटी हुई है, वहीं वसुंधरा राजे अपनी खुद की सियासी जमीन की हकीकत टटोल रही हैं, जिसमें भविष्य में नई पार्टी का ऐलान भी कर सकती हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के साथ वसुंधरा राजे की मुख्यमंत्री रहने के दौरान से ही सियासी दुश्मनी है, ऐसे में केंद्रीय नेतृत्व वसुंधरा राजे के नेतृत्व को शुरुआत से ही नकार कर मौजूदा प्रदेश नेतृत्व को आगे बढ़ाने का मन बना चुका है।

भाजपा नेताओं में चर्चा इस बात को लेकर भी जोरों पर है कि वसुंधरा राजे की इस पूरी यात्रा में खास बात यह रही कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व उनकी सरकार की कार्यशैली पर बोलने से बचती रहीं और इसी तरह मुख्यमंत्री गहलोत भी वसुंधरा राजे के खिलाफ बयान देने से बचते हैं। राजनीतिक विश्लेषक यह कहते हैं कि वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत की अंदरूनी तौर पर सियासी मित्रता के स्पष्ट संकेत मिलते हैं, जिसमें चाहे पिछले साल कांग्रेस सरकार के विश्वासमत के दौरान भाजपा के चार विधायकों के विधानसभा से गायब होने की बात हो या कांग्रेस सरकार के अन्य कई फैसलों की बात हो।

वसुंधरा राजे निकाय चुनावों से लेकर उपचुनाव तक भाजपा के प्रदेश नेतृत्व को सियासी तौर पर नुकसान पहुंचाने की तमाम कोशिशें कर चुकी हैं, जिसमें वह केंद्रीय नेतृत्व की नजर में प्रदेश भाजपा नेतृत्व को कमजोर दिखाकर खुद को मजबूत दिखाने की कोशिश कर रही हैं, जिसमें वह सफल नहीं हुई। वसुंधरा की इस यात्रा से पार्टी के ज्यादातर पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों ने दूरी बनाये रखी।

हाल ही में भी राजे ने मेवाड़ यात्रा से केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव बनाने की कोशिश की, यात्रा में मौजूदगी के लिए वसुंधरा राजे द्वारा विधायकों, पूर्व विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों को फोन कर बुलाने की भी चर्चाएं भाजपा मुख्यालय में सुनने को मिल रही हैं।

पार्टी के जिन नेताओं का एक-डेढ़ साल पहले निधन हो गया, उनको इतने लंबे समय के बाद शोक संवेदना के बहाने वसुंधरा ने अपने इस राजनीतिक इवेंट के जरिए खुद का शक्ति-प्रदर्शन किया, जबकि शोक संवेदना के नाम पर शायद ही प्रदेश में किसी नेता ने शक्ति प्रदर्शन किया हो, क्योंकि दुख में तो संबल दिया जाता है, ना की शक्ति-प्रदर्शन किया जाता है।

जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

सात करोड़ रु. के नकली नोट

ढाका, 28 नवंबर (वार्ता)। बंगलादेश पुलिस ने शनिवार को राजधानी ढाका स्थित एक घर से सात करोड़ रुपये से अधिक की नकली भारतीय मुद्रा बरामद की जिसे पाकिस्तान में बनाया गया था और

- **बंगलादेश पुलिस ने राजधानी ढाका स्थित एक घर से सात करोड़ रुपये से अधिक की नकली भारतीय मुद्रा बरामद की जिसे पाकिस्तान में बनाया गया था और इसे भारत भेजने का इरादा था।**

बंगलादेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के माध्यम से भारत में भेजने का इरादा था।

पुलिस उपायुक्त अहमद असदुज्जमां के मुताबिक उत्तरी ढाका के दक्षिणखान इलाके में स्थित एक घर की पानी की टंकी से 1400 से ज्यादा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

विचार बिन्दु

अनुभव की पाठशाला में जो पाठ सीखे जाते हैं, वे पुस्तकों और विश्वविद्यालयों में नहीं मिलते। –अज्ञात

कलाकार को अपना काम करने दीजिए!

मैं इस बात को बहुत ग़ौर और व्यथा से नोट कर रहा हूं कि उन बातों से जो हमें पसंद नहीं हैं, हमारे आहत होने की प्रवृत्ति बहुत तेज़ी से बढ़ती और बहुत बार उग्र रूप धारण करती जा रही है। यथार्थ यह है कि जीवन में और दुनिया में सब कुछ कभी ऐसा नहीं होता जिसे हम पसंद करें। बहुत कुछ ऐसा होता है जिसे हम पसंद नहीं करते हैं, लेकिन इसके बावज़ूद उसे हम सहन करते हैं। हम यह जानते हैं कि सारी दुनिया हमारे इशारों पर नहीं नाच सकती और न सारी दुनिया वैसी हो सकती है जैसा हम चाहते हैं कि वह हो। इससे भी बड़ा सच यह है कि औरों की छोड़िये, हम ख़ुद पूरी तरह वैसे नहीं बन पाते हैं जैसे हम होना या बनना चाहते हैं। इसके बावज़ूद हम ख़ुद को भी झेलते ही हैं। यह मानकर कि बकौल निदा फ़ाज़ली, कभी किसी को मुकम्मल जहां नहीं मिलता।

लेखक और कलाकार सदा एक आदर्श दुनिया का ख़्वाब देखते हैं। वे अपने समय और समाज की पड़ताल करते हैं, उसकी आलोचना करते हैं और एक ऐसी तस्वीर बनाते हैं जिसमें क्या है और क्या होना चाहिए दोनों चीज़ें शामिल होती हैं। अगर वर्तमान से असंतोष न हो तो कोई बेहतर भविष्य की कल्पना ही क्यों करे? अलबत्ता कलाकारों का लहज़ा, उनके माध्यम, उनकी शैली अलग-अलग होती है। तुलसीदास अलग लहज़े में अपनी बात कहते हैं तो कबीर दास दूसरी तरह से अपनी बात कहते हैं। रचनाकार बहुत दफा अपनी बात कहने के लिए व्यंग्य का भी प्रयोग करते हैं। व्यंग्य तीखा भी हो सकता है, मारक भी। वह आपको गुदगुदाता नहीं परेशान करता है, आहत करता है, विचलित करता है। व्यंग्य करने वाला चाहता भी यही है। कबीर दास जब मुल्ला या पण्डित की बात करते हैं तो वे ऐसा ही करते हैं। अगर हम अपने हिंदी साहित्य की बात करें तो आधुनिक काल में भी भारतेंदु हरिश्चन्द्र से जिस व्यंग्य लेखन का क्रम प्रारम्भ होता है वह आज तक बना हुआ है। हम क्योंकि अपनी चर्चा साहित्य तक सीमित नहीं रख रहे हैं इसलिए बहुत सारे लेखकों को स्मरण करना प्रासंगिक नहीं होगा, लेकिन जब भी व्यंग्य की बात करेंगे, हरिशंकर परसाई ज़रूर याद आएंगे। याद निराला भी आएंगे, नागार्जुन भी और श्रीलाल शुक्ल भी। और भी बहुत सारे रचनाकार याद आएंगे। सोचने की बात यह है कि जब ये अपने समाज, अपने देश, अपने परिवेश, अपने धर्म आदि पर कोई टिप्पणी करते हैं तो क्या ये कोई ग़लत काम करते हैं? क्या इनके लेखन से किसी का अपमान होता है? क्या किसी को यह सवाल पूछना चाहिए कि कबीर ने मुल्ला या पण्डित को केंद्र में रखकर कुछ क्यों कहा-लिखा? याद किया जाए कि शरद जोशी का एक प्रख्यात व्यंग्य है जिसमें वे खुलकर राजीव गांधी का उपहास करते हैं, लेकिन उससे कोई आहत नहीं होता। काँग्रेसी भी नहीं।

कोई अगर यह सोचता है कि देश के बारे में सोचना उसी का एकाधिकार है तो यह उसके सोच की सीमा है, और सीमित सोच को चुनौती दी जानी चाहिए। अगर कोई समाज अपने कलाकारों को अभिव्यक्ति की आज़ादी नहीं देता है उसे अपने आपको सभ्य समाज कहने-मानने का कोई हक़ नहीं है।

और जो काम लेखक अपनी कलम से करता है वही काम अन्य कलाकार अपनी-अपनी विधाओं के औज़ारों से करते हैं। संवेदनशील और समझदार लोग उनके व्यंग्य को समझते और सराहते हैं। यह समय स्टैण्ड अप कॉमेडी का है और किसी भी कॉमेडियन को यह हक़ है कि उसे जो मुद्दे ज़रूरी लगते हैं वह उन पर अपनी बात कहे। उसके औज़ार अलग होते हैं लेकिन काम तो अंततः वह भी वही करता है जो एक लेखक करता है। वैसे, किन्हीं दो विधाओं और किन्हीं दो कलाकारों की कोई तुलना हो ही नहीं सकती। ऐसा प्रयास करना भी नहीं चाहिए। जो लोग भारतीय स्टैण्ड अप कॉमेडी परिदृश्य से परिचित हैं उनके लिए वीर दास का नाम अनजाना नहीं हो सकता। देहरादून में जन्में और शिमला तथा दिल्ली में पढ़े वीर दास समकालीन स्टैण्ड अप कॉमेडी के चमकते सितारे हैं। जो लोग हर कॉमेडियन को हिकारत की निगाह से देखने के अभ्यस्त हैं वे यह भी जान लें कि वीर दास इलेनॉए के नॉक्स कॉलेज में चार बरस और हार्वर्ड विश्वविद्यालय में भी एक वर्ष पढ़ चुके हैं। उन्होंने अर्थशास्त्र और अभिनय की पढ़ाई की है। न केवल यह बल्कि यह भी कि अपने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में उन्होंने मॉस्को आर्ट्स थिएटर के साथ कई नाटकों में भी काम किया है। इन दिनों हमारे यहां इन्हीं वीर दास की बहुत चर्चा है। चर्चा की वजह उनका मात्र छह मिनिट का एक वीडियो क्लिप है जो खुद उन्होंने अपने यू ट्यूब चैनल पर साझा किया है। यह वीडियो असल में वॉशिंगटन डीसी के विख्यात जॉन एफ कैनेडी सेण्टर में हुए उनके एक शो का है जिसमें वे एक एकालाप – मोनोलॉग– का वाचन कर रहे हैं। भारतीय मीडिया में इस एकालाप को कविता कहा गया है, हालांकि यह कविता नहीं है। इस एकालाप का शीर्षक है – 'आई कम फ्रॉम टू इण्डियाज़' अर्थात मैं दो भारत से आता हूं।

खुद वीर दास ने अपने इस एकालाप का परिचय देते हुए कहा है; यह वीडियो भारत के दोहरेपन को लेकर है। दो पक्ष जो एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं, जैसा कि हर देश का एक अच्छा और एक बुरा पक्ष होता है, और यह बात कोई रहस्य नहीं है।; इस एकालाप में देश के एक दर्ज़न अंतर्विरोधों को उजागर किया गया है। लेकिन इस एकालाप ने, बल्कि ईमानदारी की बात यह है कि इस एकालाप के एक या डेढ़ वाक्यों ने, 'कुछ' लोगों को इतना आहत किया है कि वे बहुत मुखर होकर इसका विरोध कर रहे हैं। यहां तक कि फ़ेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इण्डियन सिने एम्प्लाइज़ (एफ़डब्ल्यूआईसीई) के अध्यक्ष ने तो यह भी कह दिया है कि उनकी संस्था के सदस्य वीर दास के साथ काम नहीं करेंगे। उन्होंने दम्भपूर्वक कहा है कि; वीर दास को किसी भी प्लेटफॉर्म पर काम नहीं करने दिया जाना चाहिए। मैं सभी निर्माताओं से कहूंगा कि उनके साथ न तो सहयोग करें और न ही काम करें।; वीर दास ने इस एकालाप में ऐसा क्या कह दिया है जिससे 'कुछ' लोग बहुत आहत हैं? एक शिकायत तो यह की जा रही है कि उन्होंने विदेश में जाकर देश की छवि धूमिल की है। सोचने की बात यह है कि सूचना क्रांति के इस दौर में क्या कोई भी बात देश की सीमाओं तक सीमित रह सकती है? फिर, क्या हमें केवल उजला पहलू ही देखना और दिखाना चाहिए? सारी कुरूपताओं को कार्पेट के नीचे छिपा देना चाहिए? कुछ उसी तरह जैसे एक विदेशी नेता के आगमन पर एक शहर के बाह्य भाग की कुरूपता को छिपाने के लिए बड़े-बड़े पर्दे टांग दिये गए थे? बेशक, हम सार्वजनिक रूप से अपनी विरूपताओं का दिखावा नहीं करते हैं और हमारा हर मुमकिन प्रयास यही होता है कि हम अपने बेहतर का प्रदर्शन करें, लेकिन बहुत बार यह भी ज़रूरी हो जाता है कि हम बेहतर और बदतर दोनों की बात करें। वीर दास ने अपने एकालाप में यही किया है, और मैं बेझिझक यह कह सकता हूं कि ऐसा करने का उन्हें पूरा अधिकार था और है। हममें से किसी को यह हक़ नहीं है कि एक स्वतन्त्र देश के नागरिक की अभिव्यक्ति की आज़ादी को चुनौती दें।

मैं अपनी बात फिर वहीं लाता हूं। अगर सच कहने से किसी की छवि विकृत होती है तो यह 'अपराध' सारे बड़े रचनाकारों-कलाकारों ने किया है। इस सोच के चलते तो न महान कार्टूनिस्ट शंकर अपनी विख्यात पत्रिका 'शंकर्स वीकली' निकाल सकते थे और न कोई कुंदन शाह 'जाने भी दो यारों' जैसी फ़िल्म बना सकता था। यह नहीं भूला जाना चाहिए कि नागार्जुन और हरि शंकर परसाई इसी देश और समाज में रहे हैं और ससम्मान रहे हैं। भले ही किसी अपराधी मनोवृत्ति वाले ने परसाई पर जान लेवा हमला किया, उसे सराहा किसी ने नहीं, और आज यह माना जाता है कि परसाई का लेखन अपने समय के भारत की प्रामाणिक छवि प्रस्तुत करता है। वे हमारे सर्वाधिक सम्मानित रचनाकारों में से एक हैं।

एक स्वस्थ और संज़ीदा समाज वही होता है जो भिन्न-भिन्न स्वरों को सम्मान देता है। अगर आप किसी की बात से सहमत न भी हों तो उसे अपनी बात कहने की आज़ादी दें, यही अपेक्षा की जाती है। कोई भी रचनाकार इसलिए अपने रचनाकर्म में प्रवृत्त नहीं होता है कि वह किसी की छवि को आहत करना चाहता है! देश का खून हम सबकी नसों में समान रूप से प्रवाहित होता है। देश भक्ति पर कुछ लोगों का एकाधिकार हो ही नहीं सकता। कोई अगर यह सोचता है कि देश के बारे में सोचना उसी का एकाधिकार है तो यह उसके सोच की सीमा है, और सीमित सोच को चुनौती दी जानी चाहिए। अगर कोई समाज अपने कलाकारों को अभिव्यक्ति की आज़ादी नहीं देता है उसे अपने आपको सभ्य समाज कहने-मानने का कोई हक़ नहीं है। हम किसी के कहे-लिखे-रचे से असहमत हो सकते हैं, अपनी असहमति व्यक्त करने का भी हमें अधिकार है, लेकिन यह ध्यान रखना बहुत ज़रूरी है कि हमारा वह अधिकार दूसरों की आज़ादी को बाधित न करे।

–अतिथि सम्पादक,
डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल
(शिक्षाविद और साहित्यकार)

डा.बी.डी.कल्ला अनुभवी शिक्षामन्त्री के सामने राजस्थान शिक्षा की चुनौतियां

राजस्थान की राजनीति में सुलझे हुए अनुभवी और वरिष्ठ राजनेता बुलाकी दास कल्ला राजस्थान के कांग्रेस मन्त्री मण्डल में फेर बदल के बाद पांचवीं बार शिक्षामन्त्री बने हैं इससे उनके समर्थकों में थोड़ी निराशा है। उन्हें उम्मीद थी कि उनके कद को ध्यान में रखकर कल्ला जी को कोई भारी और महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी । सम्भवतः शिक्षाविभाग में तबादलों में भ्रष्टाचार के आरोपों के तूफान को थामने के लिए उन्हें चुना गया है।

4 अक्टूबर 1949 को जन्मे डॉ बीडी कल्ला, बीकानेर निवासी राजस्थान के एक मात्र राजनीतिज्ञ हैं जो प्रायः विवादों से परे रहकर शान्त भाव से अपना काम करने के लिए मशहूर हैं। बीकानेर पश्चिम से विधायक चुने गए कल्ला ने बीएससी, एमए (अर्थशास्त्र), एलएलबी और पीएच.डी तक की शिक्षा ग्रहण की है।

डॉ. बी.डी. कल्ला ने अपने करियर की शुरुआत 1974 में बीकानेर के बीजेएस रामपुरिया कॉलेज में व्याख्याता के रूप में की थी। फिर उन्होंने राजनीति की ओर रुख किया और 6 बार विधायक बन चुके हैं।

श्री कल्ला ने 1990 और 2003 तक माध्यमिक शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया और शिक्षा क्षेत्र में अपने पिछले अनुभव के साथ अपने पद के लिए न्याय किया। डॉ. बी.डी. कल्ला जनवरी 2004 से जनवरी 2006 तक राजस्थान विधान सभा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सक्रिय सदस्य के रूप में विपक्षी दल के नेता थे । उन्होंने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और चौथे वित्त आयोग के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि उनके अनुभव का लाभ प्रदेश की जनता को मिले। उन्होंने कहा कि उनके पूर्व कार्यकाल में शुरू की गई विद्यालय विकास समितियों को और अधिक सक्रिय तथा प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा जिससे स्कूल प्रबंधन को सुदृढ़ किया जा सके। राज्य में महिला शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए उचित कदम उठाए जायेंगे। डॉ. कल्ला ने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में कक्षा 1 से 3 तक अंग्रेजी को अनिवार्य विषय बनाया गया था तथा ये हर्ष का विषय है कि वर्तमान में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के नाम से प्रदेश में कई स्थानों पर अंग्रेजी माध्यम के राजकीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं जिनमें समाज के साधारण परिवारों से आने वाले विद्यार्थी भी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उनका कहना था कि राजस्थान एक ग्रामीण प्रदेश है इसलिए ग्रामीण शिक्षा को मज़बूत करना बेहद जरूरी है जिससे गांव ढाणियों के छात्र भी चिकित्सक, इंजीनियर व प्रशासनिक अधिकारी बन सकें। स्वर्गीय राजीव गांधी की सोच से मुख्यमंत्री की पहल पर सरकार ने महात्मा गांधी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालयों की शुरुआज की।

नए शिक्षा मंत्री के रूप में दायित्व ग्रहण करने के बाद डॉक्टर बी. डी. कल्ला के सामने जमीनी धरातल पर शिक्षा विभाग के सामने गंभीर चुनौतियों का अंबार लगा हुआ है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार की जो लहर चल रही है उसे रोकने की है। स्वयं मुख्यमंत्री ने शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों से इसकी

ताकीद करवा दी थी जाहिर सी बात है आम धारणा और शिक्षकों की हामी ने यह सिद्ध कर दिया कि राजस्थान में तबादला एक उद्योग के रूप में बुरी तरह हावी है। कल्ला साहब अपने गहरे और लम्बे प्रशासनिक अनुभव के साथ शिक्षा विभाग को सुनिश्चित दिशा दे सकते हैं । राजस्थान में अनेक सरकारों ने शिक्षक तबादलों के विषय में नीतियां तो खूब बनाई हैं लेकिन क्रियान्वित कभी नहीं हुई।

इसी तरह शिक्षा विभाग के सामने दूसरी गंभीर समस्या रिक्त पदों की है जो रिक्त पद भरने के बयान दिए जा रहे हैं। हकीकत उससे भी कहीं बड़ी है करोना काल में राजस्थान के सरकारी स्कूलों में नामांकन भारी मात्रा में बढा है जिससे प्राइवेट स्कूल बुरी तरह चपेट में आए हैं। कल्ला साहब को देखना पड़ेगा कि राजस्थान में सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बीच छात्र नामांकन का संतुलन बना रहे। अभी तो जो 8-10 लाख नए बच्चे प्राइवेट स्कूल छोड़ कर सरकारी स्कूलों में आए हैं उनके लिए ही सरकार के पास शिक्षक नहीं है। सरकार लगातार नए पद सृजित कर उन्हें भरने का दावा तो करती है लेकिन क्या सरकार की आर्थिक माली हालत ऐसी है कि वे लगातार नए पदों का सृजन करते रहें और उनका वेतनमान समय पर देते रहें। यह एक असंभव टास्क है जो किसी भी सरकार के बूते का नहीं है। नए शिक्षा मंत्री जी को इस दिशा में सार्थक और सटीक नीति बनाने की आवश्यकता है।

राजस्थान में सरकार ने अंग्रेजी स्कूल खोलने का काम शुरू कर दिया है भले ही लोगों बड़ी संख्या में अपने बच्चों को वहां एडमिशन करा रहे हों लेकिन हकीकत यह है कि अंग्रेजी पर साअधिकार वार्तालाप करने की क्षमता हिंदी माध्यम के शिक्षकों के पास नहीं होती है। यूं भी आजकल जो बच्चे वहां पढ़ने जाते हैं वे लौटकर जब आते हैं तो यह शिकायत करते हैं कि गुरुजी अंग्रेजी में बात ही नहीं करते। सरकार का अंग्रेजी स्कूलों के प्रति यह मोह तो छुटने वाला नहीं है तो फिर इस दिशा में गम्भीरता से व्यवस्था करने की आवश्यकता है।

समय की मांग कहकर अंग्रेजी स्कूलों पर मोहर लगाई जा रही है जो सरकारी अंग्रेजी स्कूल खुल रहे हैं वहाँ पूरी क्षमता और योग्यता के आधार शिक्षकों का चयन किया जाए। नवाचार के रूप में सरकार प्रयोग करें और प्राइवेट स्कूलों में जो अच्छे अंग्रेजी में दक्ष और बोलने वाले शिक्षक हैं उन्हें प्रतिनियुक्ति पर सरकारी स्कूलों में लगा कर अन्य शिक्षकों के लिए वातावरण उपलब्ध कराए।

पिछले कुछ वर्षों में सरकारी स्कूलों में आईटी के नाम पर संस्था प्रधानों पर भारी बोझ डाल दिया गया है। मैं ऐसे सैकड़ों संस्था प्रधानों को जानता हूं जो अपना शैक्षिक योगदान देने के स्थान पर स्कूलों में केवल सूचनाओं को कंप्यूटर पर अपलोड करने के काम में लगे रहते हैं। वे दिन रात इस बात का रोना रोते हैं कि सरकारी अफसर कार्यालय में बैठकर दिन-रात स्कूल के संस्था प्रधानों को हड़कातें रहते हैं और वह हर बात पर उन्हें नोटिस देने की धमकी देते हैं। इसका सबसे बुरा प्रभाव बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है। जो संस्था प्रधान स्वयं शिक्षकों को पढाने-लिखाने के लिए प्रेरित कर सकता है वह उल्टे वह तीन-चार अन्य शिक्षकों को भी इन सूचनाओं को अपलोड करने में बिजी कर देता है, नतीजा स्कूल का शैक्षिक स्तर निरंतर प्रभावित होता रहता है। शिक्षा मन्त्री जी इस दिशा में सख्ती से निर्देश जारी करें। सरकारी अफसरों ने नवाचारों के नाम पर कम्पूटरीकृत सूचनाओं का अंध कूप खोद डाला है। कागज के घोड़ों से कभी मैदान फतह नहीं होते हैं उसके लिए जंगे मैदान में कुशल घुड़सवार और काठयावाड़ी घोड़ों की जरूरत होती है। राज्य के शिक्षा विभाग के पास समर्पित शिक्षकों की फौज है लेकिन उन्हें सही काम तो करने दें।

शिक्षामन्त्री जी का यह संकल्प अच्छा है कि आगामी समय में विद्यालयों को और संवारा जायेगा तथा विभिन्न शैक्षिणक नवाचारों के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा को आगे बढ़ाने तथा समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के बच्चे को गुणवत्तापुर्ण शिक्षा सुलभ करवाने का कार्य किया जायेगा।

राजेन्द्र मोहन शर्मा
साहित्यिकार, शिक्षाविद
और चिन्तक

नवलगढ़ बीडीओ के बेटे ऋतिक ने कोटडी धाम के विकास के लिए 8 लाख रूपए दिए

कोलसिया, (निसं)। मलसीसर निवासी व जयपुर प्रवासी नवलगढ़ में सेवारत विकास अधिकारी अनिल सोनी के बेटे ऋतिक भामा ने अपनी शादी के बाद कोटडी धाम विकास के लिए आठ लाख रूपए ट्रस्ट को दिए हैं। ट्रस्ट अध्यक्ष रामकुमार तोसावड ने

■ **आलीशान बडे हॉल निर्माण करने के लिए दिए आठ लाख रूपए**

बताया कि ऋतिक की शादी हाल ही में जयपुर के एंजेल रिसोर्ट में सरदारशहर निवासी श्यामसुंदर कटेल की पुत्री कोमल के साथ 21 नवम्बर को हुई थी, देवी देवता पूजन की रश्म अदा करने के लिए आस्थास्थल कोटडी आए जहां पर आलीशान बडे हॉल निर्माण करने के लिए आठ लाख रुपए दिए। गुढागौडजी अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, महेश जेजुसर, सांवरमल डांवर,श्यामसुंदर कोलसिया, मनोज तोगडा, गिरधारी लाल तोसावड, प्रभुदयाल छापरवाल, नरेश नारनोली, श्रीराम भामा, विनोद खेतडी आदि ने तदर्थ बधाइयां दी है।

नवलगढ में सेवारत विकास अधिकारी अनिल सोनी के बेटे ऋतिक भामा ने अपनी शादी के बाद कोटडी धाम विकास के लिए आठ लाख रूपए ट्रस्ट को दिए ।

प्रियंका गांधी वाड्रा सवाई माधोपुर पहुंची

सवाई माधोपुर, (निसं)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सवाई माधोपुर पहुंची। उनका काफिला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सवाई माधोपुर की सड़कों पर हो करके गुजरा। जहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई थी। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था एसपी राजेश सिंह के नेतृत्व में की गई। दर्जनों गाड़ियों का काफिला एक साथ जब सवाई माधोपुर होते हुए रणथंभौर से होकर गुजरा तब यातायात को भी एक तरफा ही रोका गया। प्रियंका गांधी वाड्रा अपने निजी यात्रा के दौरान रणथंभौर पहुंची । रणथंभौर के शेर बाघ होटल पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा का होटल मैनेजमेंट की तरफ से भव्य रूप में स्वागत किया गया। प्रियंका गांधी वाड्रा रणथंभौर के होटल शेर बाघ में तीन दिवस तक रहेगी । वहीं इस दौरान रणथंभौर नेशनल पार्क का प्रियंका गांधी वाड्रा ने भ्रमण किया । बाघिन सहित अन्य वन्यजीवों की अठखेलियां देखी। बाघ टी 101 व बाघिन एरोहेड के भी दीदार किये।

पेट की खातिर कबाड़ चुनने में बीत रहा बचपन

हर साल बच्चों को बालश्रम मुक्त करने का अभियान महज कागजों में ही पूरा हो जाता है

पावटा, (निसं)। बच्चों के हाथ में जिस उम्र में कॉपी-कलम और किताब होनी चाहिए, उस उम्र में अगर बच्चे सड़कों पर भीख मांगते या कबाड़ चुनते नजर आयें तो यह हमारे सभ्य समाज, समाजसेवियों और सरकारों के लिए बड़ी ही शर्मनाक घटना है।

यह घटनाएं तब और भी शर्मनाक हो जाती है जब केन्द्र से लेकर राज्य सरकार गरीब बच्चों को अच्छी तालिम तथा गरीबों की आर्थिक स्थिती में सुधार का दावा कर रही हो। यह तस्वीर पावटा उपखंड के सर्विस रोड की है जिसमें बच्चे पढ़ने-लिखने की उम्र में सड़कों पर कबाड़ा ढूंढते नजर आ रहे हैं। इन बच्चों से जब कबाडा चुनने की वजह पूछी गई तो इन्होंने कुछ नहीं बताया और चुपचाप चल दिये। बता दें कि नगर में ऐसी तस्वीर कई स्थानों पर आसानी से देखने को मिल जाती है। मगर इन तस्वीरों को बदलने के लिए कोई स्थानीय स्तर पर समाजसेवी, अधिकारी और नेता सामने नहीं आ रहा है।



पावटा उपखंड के सर्विस रोड़ पर कचरा बीनता बच्चा।

श्रम विभाग हर साल बच्चों को बालश्रम मुक्त करने का अभियान चलाता है लेकिन यह अभियान महज कागजों में ही पूरा हो जाता है। हकीकत तो यह है कि शहर में आज भी व्यापक स्तर पर बाल श्रमिकों से श्रम करवाया जा रहा है। दूसरी तरफ नया स्कूल सत्र को शुरू हुए दो माह बीत चुके हैं लेकिन सरकार के विशेष अभियान के तहत इन कबाड़ चुनने वाले बच्चों का स्कूलों में दाखिला नहीं कराया गया है।बताया जाता है कि यह बच्चे अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए पढाई करने की बजाए कबाड़ चुनते हैं।

■ **इन बच्चों को भरपेट भोजन तक नहीं मिल पाता है**

उल्लेखनीय है कि कचरा बीनने वाले बच्चों के पालक भी अपनी जिमेदारी नहीं निभा रहे हैं। जिस वजह से इन बच्चों को भरपेट भोजन तक नहीं मिल पाता है।

इससे ये बच्चे अपना पेट भरने के लिए दिनभर कचरे के ढेरों से खाली बोतल, प्लास्टिक व लोहा चुनकर भंगार में बेचकर अपना पेट भर रहे हैं। गौरतलब हो कि अगर इन बच्चों के अभिभावक इन्हें सरकारी स्कूल में दाखिला दिलाएं तो इन बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले अथवा ना मिले लेकिन एक वक्त का मध्याह्न भोजन जरूर मिलेगा। ज्ञात हो शासन की ओर से स्कूलों में बच्चों को पुस्तकें सहित स्कूल की यूनिफॉर्म भी उपलब्ध कराती है लेकिन इन बच्चों के पालक अपनी जिमेदार नहीं निभा रहे हैं ।

राशिफल

पंडित अनिल शर्मा

सोमवार 29 नवम्बर, 2021

मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2078, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 9:42 तक, प्रीति योग रात्रि 2:49 तक, वणिज करण सायं 4:52 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-तुला, बुध-वृश्चिक, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।

कुमार योग रात्रि 9:42 से आरम्भ होगा। भद्रा सायं 4:52 से रात्रि 4:14 तक रहेगी। मंगल उदय पूर्व में प्रातः 7:23 पर होगा। आज भगवान महावीर तप कल्याणक दिवस है।

श्रेष्ठ चौघड़िया: अमृत सूर्योदय से 8:19 तक, शुभ 9:38 से 10:56 तक, चर 1:33 से 2:52 तक, लाभ-अमृत 2:52 से सूर्यास्त तक।

राहूकाल: 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:01, सूर्यास्त 5:29

मेष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार होगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

वृष
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

मिथुन
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति में सुधार होगा।

कर्क
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

सिंह
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित कार्य योजना बन सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

कन्या
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

तुला
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

वृश्चिक
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

धनु
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा।

मकर
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

कुंभ
व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मीन
अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

सार-समाचार

अवैध निर्माण कार्य को रुकवाया

करौली, (निं.सं.)। करौली के मंडरायल सडक मार्ग के शिकारगंज पर मुख्य सड़क पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य को नगर परिषद ने कार्यवाही करते हुए रूकवा दिया। करौली नगर परिषद ने कार्यवाही करते हुए मौके पर मौजूद बेलदार और कारीगरों की सामग्री जप्त कर काम नहीं करने की हिदायत दी। कार्यवाही के दौरान मौके पर सफाई निरीक्षक पिंटू कुमार मीणा,नगर परिषद के एटीपी अधिकारी नरेश कुमार बैंसला और अन्य कार्मिक मौजूद रहे शिकारगंज पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य को रोक कर बिना स्वीकृति के कार्य नहीं करने की हिदायत दी इस दौरान मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई और नगर परिषद सफाई निरीक्षक पिंटू कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां हो रहे अतिक्रमण की नगर परिषद में शिकायत की गई थी जिसके आधार पर नगर परिषद ने शिकारगंज पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य को दस्ते के साथ पहुंचकर रुकवाया यहां पर इससे पहले भी दुकान बनाकर तैयार की गई थी लेकिन नगर परिषद ने दुकानों को तुड़वा दिया और अब फिर से दुकान बनाकर तैयार की जा रही थी जिसको नगर परिषद ने कार्यवाही करते हुए रुकवाया वही मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने शहर में अन्य जगहों पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य को रुकवाने की बात कही।

जिला समिति की बैठक स्थगित

करौली, (निं.सं.)। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक के.के मीना ने बताया कि आज सोमवार 29 नवम्बर को जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग की अध्यक्षता मे प्रात: 11 बजे आयोजित होने वाली विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

कार्यकारिणी का हुआ गठन

सपोटरा, (निं.सं.)। भारत विकास परिषद सपोटरा की बैठक गीता भवन में हरि नंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से टीकम पाराशर को अध्यक्ष चुना गया एवं हरिनंद शर्मा को संरक्षक बनाया गया। तथा कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें संस्कार प्रमुख महेश शर्मा,संगठन मंत्रीरूपसिंह गोरेहार,संपर्क प्रमुख बाबूलाल सोनी,मनोज शुक्ला, राजेश बाजना,राकेश गुप्ता तुरसंगपुरा,मंत्री देवेंद्र सेहरा,कोषाध्यक्ष गिर्राज प्रसाद गुप्ता वेरूंडा वाले एवं सदस्य के रूप में देवी सोनी, राजू शास्त्री,सोनू गुप्ता,आईटी प्रमुख लोकेंद्र मिझोरा, बुद्धि प्रकाश गुप्ता आदि चुने गए है।

स्काउट गाइडो को किया सम्मानित

करौली, (निं.सं.)। करौली जिला मुख्यालय के विभिन्न मन्दिरों में हुये अन्नकूट कार्यक्रमों के दौरान सेवाये देन वाले स्काउट गाइडों का लोगो ने भगवान की तसवीर भेंट कर सम्मान किया। करौली जिला मुख्यालय स्थित पंचचमुखी हनुमान मंदिर,परशुराम कॉलोनी,तीनबड करौली में रविबार को अन्नकूट वितरण आयोजित किया गया। आयोजक ओमप्रकाश सलोत्री,रमेश चंद, अशोक शर्मा,मनमोहन शर्मा स्काउटर,हुकम चंद नल वाले,कैलाश चंद अरहेला,सीता मैंडम बबलू भट्ट,प्रेमलता प्रधानाचार्य ने हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के जिला आयोजक विपिन शुक्ला,अभय शास्त्री,स्काउट सचिवगंगाराम प्रजापत, स्काउटर सागर सैनी, बबलेश, पुष्पेंद्र,उमेश,दीपक,विष्णु सैनी, राजकुमार, को हनुमान और आराध्य देव मदनमोहन जी महाराज की तश्वीर भेट कर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि गीतम मीना,रमेश चंद,नरेश शर्मा,आदि उपस्थित रहे।

ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई

भरतपुर (निस) । आज रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 131वीं पुण्यतिथि मनाई गई और उनके जीवनी के बारे में प्रकाश डाला गया साथ में ही ओंकार सिंह पहलवान का स्वागत किया गया जिन्होंने 34 वी अखिल भारतीय डाक कुश्ती प्रतियोगिता नई दिल्ली में कांस्य पदक प्राप्त किया उन्होंने भरतपुर का ही नहीं पूरे राजस्थान का नाम रोशन किया। जिसमें स्वागत करता सैनी समाज विकास समिति अध्यक्ष जुगल किशोर सैनी सैनी मिष्ठान भंडार, सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष पदम सिंह कजौली, चतर सिंह सैनी पार्षद, जयशंकर टाईगर जूडो कराटे के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर, मान सिंह सैनी, दुलीचंद, गजेंद्र, विजय सिंह गुडवा, रामदयाल कुशवाहा, जगदीश सैनी, डॉक्टर इंद्रजीत कुशवाह, राम रूप सैनी कंजौली व धर्मवीर सैनी और समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष जुगल किशोर सैनी ने बताया कि हमे महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और भरतपुर संभाग के गौरव एवं लाडले सुपुत्र ओंकार पहलवान जिन्होंने 52 वर्ष की उम्र में 25 नवंबर को नई दिल्ली में कांस्य पदक जीतकर भरतपुर व राजस्थान का नाम रोशन किया है उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पीयूष जयशंकर टाईगर ने बताया कि ओंकार पहलवान ने पूर्व में 40 गोल्ड मेडल, 15 सिल्वर मेडल और 8 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। पार्षद चतर सिंह सैनी व महासचिव रामदयाल कुशवाहा ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

'आचार संहिता की पालना करायें'

करौली,(निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहाग ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है। कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों की घोषणा के साथ ही सपूर्ण जिले में आचार संहिता के प्रावधान लागू हो गये हैं। इसके लिए सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता की पालना कराया जाना सुनिश्चित करावें।

'बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ें'

करौली,(निं.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहाग ने एक आदेश जारी कर कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही निर्वाचन कार्य की महत्वता को ध्यान रखते हुए समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। कि वह बिना कलेक्ट्रेट कार्यालय की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोडेंगे तथा इस कार्यालय की पूर्वानुमति के अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे।

शिक्षक संघ का सम्मेलन आज

करौली, (निं.सं.) राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला शाखा करौली का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आज सोमवार से शुभारंभ होगा। शिक्षक संघ प्रगतिशील का दो दिवसीय सम्मेलन आज सोमवार को प्रात: 11:30 बजे पुरानी ट्रक यूनियन भारत गैस एजेंसी के पास स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 7 में आयोजित होगा। संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष रामनिवास पाराशर ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि सहायक निदेशक गोविंद प्रसाद शर्मा होंगे तथा विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा अशोक कुमार शर्मा एवं दिनेश चतुर्वेदी होंगे सम्मेलन के प्रथम दिन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार,नामांकन वृद्धि,प्रभावी प्रार्थना सभा,प्रधानाध्यापक की भूमिका तथा शैक्षणिक उन्नयन पर शैक्षिक वार्ता होगी तथा इसी दिन दोपहर पश्चात जिला शाखा का वार्षिक चुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश से चुनाव हेतु वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नवनियुक्त रामनिवास पाराशर को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। तथा निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा एवं शीतल प्रसाद शुक्ला को नियुक्त किया है। पाराशर ने जिले की एवं सभी ब्लॉकों के संगठन अध्यक्ष, मंत्री एवं पदाधिकारियों,सदस्यों, सेवानिवृत्त सभी सदस्यों एवं जिले से नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों को कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। जिला मंत्री महेश शर्मा ने सभी उप शाखाओं द्वारा पूर्व सत्र की खाली एवं भरी ऐसी गड्डियो सहित प्रदेश एवं जिला अनुदान की राशि जिला कोषाध्यक्ष को जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

रंजीता कोली राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

भरतपुर (निस) । अखिल भारतीय कोली समाज रजिस्टर्ड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक मुंबई में संपन्न हुई। बैठक में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गुजरात सरकार में रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर बावलिया ने भरतपुर सांसद रंजीता कोली को संस्था का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिस पर सांसद ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। देश के महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी पूर्व में इस संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर रह कर समाज की उन्नति के लिए कार्य कर चुके हैं और अब इस संस्था में सांसद रंजीता कोली को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

मेडिकल स्टोर कर्मचारी से मारपीट कर अपहरण किया

■ पुलिस ने 25 मिनट में सुराग लगाकर कर्मचारी को किया बरामद

हिण्डौन सिटी, (का.सं.)। शहर के जिला अस्पतालके सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर पर रविवार दोपहर अचानक दो बोलेरो आकर रुकी और कर्मचारी के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसका अपहरण कर ले गए। हालांकि सूचना के बाद पुलिस ने नाकाबंदी कर अपहृत युवक को केवल25 मिनट में ही बरामद कर लिया। हालांकि इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से लिए गए बयान के बाद खुलासा हुआ कि ट्रक चालक के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर युवक का अपहरण किया गया था।

शहर के राजकीय अस्पतालके सामने स्थित अग्रवालमेडिकलस्टोर के मालिक कैलाश चंद अग्रवालव कैमिस्ट एसोसिएशन की ओर से नई मंडी पुलिस थाने में एक शिकायत पेश की गई। जिसमें आरोप लगाया था कि रविवार दोपहर लगभग 11 बजे दो बोलेरो गाडि़यों में सवार होकर कुछ लोग मेडिकलस्टोर पर आकर रुकी और उसके यहां काम करने वाले कर्मचारी संजय शर्मा निवासी ढिंढोरा के साथ अचानक मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बुलोरो सवार लोग उसका अपहरण कर गाड़ी में पटक कर ले गए। घटना की सूचना पर तत्कालप्रभाव से केमिस्ट एसोसिएशन ओर व्यापार संघ के पदाधिकारी भी वहां पहुंचे और सभी ने घटना के विरोध में अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। मामले की सूचना पुलिस उप अधीक्षक किशोरीलालउपखंड अधिकारी अनूप सिंह व नई मंडी थाना पुलिस को दी। सूचना के तुरंत बाद ही पुलिस ने नाकाबंदी कर दी। वही पुलिस उप अधीक्षक किशोरी लालने बताया कि गाड़ी नंबर से पुलिस ने जानकारी जुटाई की यह गाडि़यां आरेनी गुर्जर निवासी एक जने के नाम से रजिस्टर्ड है। जिस पर तत्कालप्रभाव से पुलिस ने आरेनी गुर्जर गांव पहुंचकर घेराबंदी की और बोलोरो के मालिक तक पहुंच गए। जहां से उन्होंने अपहृत युवक संजय शर्मा को बरामद कर केशव गुर्जर पुत्र रतिराम गुर्जर निवासी आर्मी का पुरा को भी हिरासत में ले लिया।

इन दोनों को लेकर पुलिस नई मंडी पुलिस थाना पहुंची जहां मामले में अपहृत युवक व आरोपी दोनों की ओर से बयान दर्ज किए गए। जिसमें यह बात निकलकर सामने आई थी कि रविवार सुबह केशव गुर्जर ट्रक लेकर बयाना की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक गोपालकांटे के सामने उसके ट्रक का टायर फट गया। जिससे गिट्टी उछलकर एक मोटरसाइकिलचालक को जा लगी। जो गांव ढिंढोरा निवासी था। इस घटना को लेकर मोटरसाइकिल चालक युवक ने और उसके साथी ने अपने परिजनों को सूचना दे दी। ट्रक चालक अपने टायर को बदलरहा था। तब तक ढिंढोरा निवासी युवक के परिजन वहां पहुंचे और ट्रक चालक के साथ बेरहमी से मारपीट करने लग गए। बताया जा रहा है कि जब ट्रक चालक के साथ मारपीट हो रही थी तभी मेडिकलस्टोर पर काम करने वाला कर्मचारी संजय शर्मा भी अपनी मोटरसाइकिलसे वहां से निकलरहा था। जो रास्ते में हो रही इस मारपीट को देख कर रुक गया और उसने भी ट्रक चालक के साथ मारपीट कर दी। जब परिजनों ने ट्रक चालक को घायलअवस्था में उपचार के लिये अस्पतालमें भर्ती कराया तभी पीडि़त ट्रक चालक ने मेडिकलस्टोर पर खड़े संजय शर्मा को पहचान लिया और परिजनों को बताया कि मारपीट करने वालों में वह शामिल है। जिस पर गुस्साए परिजन उसे के साथ मारपीट कर उसे गाड़ी में डालकर ले गए। इस घटना को लेकर सूचना के बाद दोनों समुदायों के लोगों की पुलिस थाने पर भीड़ जुट गई। आपस में दोनों गुटों की ओर से की गई समझाइस के बाद दोनों पक्ष इस मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं चाहने को राजी हो गए। इधर मेडिकलस्टोर से कर्मचारी की अपहरण की सूचना पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। जिस पर नई मंडी, कोतवाली, सदर, सुरोठ आदि थानों की पुलिस ने चारों तरफ से नाकाबंदी कर अपहृत कर्मचारी की सघन तलाशी शुरू कर दी थी।

डिसक्लेमर : **सभी ऋण एचडीएफ़सी लि., के स्व-निर्णय पर हैं. नियम और शर्तों की पूरी जानकारी के लिए www.hdfc.com पर विज़िट करें. CIN: L70100MH1977PLC019916. NETWORK HDFC2844-21 Hin

भजन गायिका काजल सुनेना का स्वागत

भरतपुर (निस) । जयपुर निवासी भजन गायिका काजल सुनेना के भरतपुर आगमन पर मथुरा गेट बाल्मिक बस्ती में इनके आगमन पर राजस्थान सफाई मजदूर कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष घई एवं अस्थाई सफाई कर्मचारी अध्यक्ष, नगर निगम भरतपुर ने उनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया। काजल सुनेना भरतपुर में भजन संध्या में भाग लेने आई थी। इस मौके पर उपस्थित संत श्री 108 महाराज शिवगिरी वेदाचार्य एवं बाल्मिकी समाज के गणमान्य नागरिक तथा सत्संग प्रेमी, महापुरूष आदि उपस्थित रहे।

पंचायत समिति सदस्य के लिए नामांकन भरेंगें आज

टोडाभीम (नि.सं.)। जिले में पंचायत समिति सदस्य के लिए 18 दिसंबर को होने वाले चुनाव के लिए उम्मीदवारों के द्वारा अपने नामांकन फार्म भरने की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो जाएगी इसके लिए निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम दुर्गाप्रसाद मीना के द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा किया गया।

टोडाभीम निर्वाचन अधिकारी दुर्गाप्रसाद मीना ने जानकारी पर बताया कि एसडीएम कार्यालय के हॉल में प्रात: 11 बजे से शाम तीन बजे तक अपने नामांकन फार्म निर्वाचन अधिकारी को भरकर जमा करा सकेंगे। पंचयय समिति सदस्य के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के अलावा उसके प्रस्तावकों ही निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रवेश दिया जावेगा। निर्वाचन अधिकारी दुर्गाप्रसाद मीना ने बताया कि नामांकन फार्म भरने वाले सभी उम्मीदवारों को चुनाव आदर्श सहिंता का पालन करना अनिवार्य होगा।

करौली जिले में धारा 144 लागू

■ आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर कार्यक्रम की घोषणा

करौली, (निं.सं.)। जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ सिहाग ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव माह नवम्बर दिसम्बर के लिये कार्यक्रम की घोषणा की जा चुकी है। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाना आवश्यक है साथ ही जिले के सभी क्षेत्रों मे निवासरत सभी वर्गो के मतदाता बिना किसी आतंक एवं भय के अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर सके।इस संबंध मे जिले मे कानून व्यवस्था एवं लोक शांति बनाये रखने हेतु जिले मे धारा 144 लागू की गई है।

जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ सिहांग ने बताया कि जिले मे असामाजिक,अवांछित,बाधक तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करने तथा कानून व्यवस्था एवं लोक शांति बनाये रखने हेतु दिशा निर्देश जारी कर दिये गये है। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, रासायनिक पदार्थ,आग्नेय अस्त्र-शस्त्र, जैसे- रिवाल्वर, पिस्टल, बंदूक, एम.एल.गन,बी.एल.गन आदि एवं अन्य हथियार जैसे गण्डासा, फर्सी, तलवार, भाला, कृपाण, चाकू, छुरी, बर्छी, गुप्ती, कटार, धारिया, बाघनख (शेर-पंजा) जो किसी धातु के शस्त्र के रुप में बना हो आदि तथा विधि द्वारा प्रतिबंधित हथियार और मोटे घातक हथियार-लाठी आदि सार्वजनिक स्थानों पर धारण कर न तो घूमेगा, और न ही प्रदर्शन करेगा।यह आदेश ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल, राजस्थान सशस्त्र पुलिस बल, राजस्थान सिविल पुलिस, चुनाव ड्यूटी में मतदान दलों में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नही होगा।

कांग्रेसियों ने तीसरे दिन भी लिये आवेदन

हिण्डौन सिटी, (का.सं.)। पंचायत चुनावों के लेकर रविवार को भी स्थानीय विधायक भरोसी लालजाटव के पास कॉंग्रेस टिकट के लिए अपने अपने समर्थकों के साथ दावेदारी जताई और आवेदन पेश किए।

कार्यालय प्रभारी हिम्मत सिंह ने बताया कि आज सुबह 8 बजे से ही हिंडौन विधानसभा क्षेत्र के पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्य का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों ने कांग्रेस का टिकट प्राप्त करने के लिए अपने समर्थकों के साथ स्थानीय विधायक भरोसी लालजाटव के समक्ष दावेदारी प्रस्तुत की। विधायक भरोसी लालजाटव ने इस अवसर पर कांग्रेस जनों से कहा कि हम सबको मिलकर अपने प्रत्याशियों को जिताकर प्रदेश की गहलोत सरकार को मजबूत करना है और विकास का रास्ता सुगम करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है।

ज्योतिबा फुले का 131 वां निर्वाण दिवस मनाया

करौली, (निं.सं.)। करौली जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को महात्मा ज्योतिराव फुले का 131वाँ निवार्ण दिवस समसा के कार्यक्रम अधिकारी देवी सिंह सैनी के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया।

मुख्य अतिथि देवी सिंह सैनी,विद्यालय निदेशक प्रेम माली, संस्था प्रधान धर्म सिंह जेरिया,दक्ष प्रजापति समाज के सचिव गंगाराम प्रजापत के द्वारा महात्मा फुले के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। समसा के कार्यक्रम अधिकारी देवी सिंह सैनी ने इस दौरान कहा कि महात्मा फुले की सामाजिक और सहशैक्षिक क्रांति को आवश्यकता है। समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना ताकि वर्तमान हालात का सामना किया जा सके जिस वर्ग में शैक्षिक दृष्टिकोण ऊंचा है। वही आज के युग के साथ अपना सामाजिक दायित्व बढ़ाने में कामयाब हो पा रहे हैं।

इस दौरान संस्था निदेशक प्रेमसिंह माली ने विद्यार्थियों से कहा कि फुले के जीवन से प्रेरणा लेकर प्रत्येक समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने की शपथ लेनी चाहिए जिससे सभी को समानता,सदभाव और निड़रता से जीवन जीने का माहौल तैयार हो सके। इससे पूर्व जलेबी दौड,कुर्सी दौड और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता उपविजेताओ को मुख्य अतिथि द्वारा पारितोषिक वितरण कर सम्मानित किया गया। इस दौरान दक्ष प्रजापति संस्था के सचिव गंगाराम प्रजापत,व्याख्याता माहिर खान,राधा मोहन सिंहल,प्रिया शर्मा,नेहा माली,मुकेश सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा संस्था प्रधान धर्म सिंह जेरिया द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया।

वरिष्ठ कवियों का सम्मान किया

भरतपुर, (निस) । अखिल भारतीय साहित्य मंच द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला खिरनीघाट, पर हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष मोहन बल्लभ शर्मा की अध्यक्षता में वरिष्ठ कवियों का सम्मान किया गया एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाराम पाराषर थे एवं विशिष्ट अतिथि डा0 लखपत राम महावर, ताराचन्द चिचाना, भगवत कटारा, डोरीलाल शर्मा थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम के संयोजक जसवन्त दारापुरिया, महावीर सरपंच खौंखर थे। मॉ सरस्वती वंदना कवि चन्द्रभान डीग ने की। सम्मानित होने वाले वरिष्ठ कवि डा. रामकृष्ण शर्मा, डा. लोकेश शर्मा, अर्जुन सिंह दारापुर, विक्रम सिंह कल्याणपुर, रिंकू सिंह बरिघा, चन्द्रभान डीग, सोहनलाल शर्मा डीग, श्याम सिंह जघीना, सुशील शर्मा, छीतर सिंह बाबा, नरेन्द्र निर्मल, पूरन सिंह शर्मा, कापरेट नत्थी लाल शर्मा आदि का अतिथियों द्वारा साफा पहनाकर, फूलों का हार पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया।

कवि डा. लोकेश शर्मा ने "देखो गजल वो फहमी सभी दूर हो गई, हड़ताल के वो सामने मजबूर हो गई", कवि श्याम सिंह जघीना - "छांया बन पत्नि रहै, कभी न छोडे हाथ", कवि अमरदीप सिंह- "किसान तेरी सदा ही जय हो", कवि नत्थी लाल षर्मा- "ऐसी क्या बात अड रही है, जो ये सरकार डर रही है", कवि नेकराम नेक- "मेरे सारे तीर्थ मेरे घर में हैं", कवि ओमप्रकाश कुन्तल- "कलुआ नाम कौ आदमी हनुमान कौ भक्त", कवि छीतर बाबा - "चले गये अटल बिहारी किन्तु नहीं हमको बतलाया", कवि सुषील षर्मा - "नषा है बहुत ही बुरी बीमारी, नषे से है परिवार की ख्वारी" एवं जसवन्त दारापुरिया की कमल के फूल से तुलना की गई। कवि सुगड सिंह सुग्गा, राजेन्द्र अनुरागी, चन्द्रभान डीग, सोहनलाल शर्मा डीग, पूरन शर्मा, नरेन्द्र निर्मल आदि कवियों ने अपनी-अपनी कविता पढ़ी।

एनसीसी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

भरतपुर (निस) । एनसीसी दिवस उपलक्ष्य पर 3 राज तोपखाना एनसीसी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 64 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया इस शिविर का आयोजन महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय के लक्ष्मी निवास हॉस्टल स्थित तीन राज तोपखाना एसीसी की इकाई में किया गया। षिविर में 64 यूनिट रक्तदान किया गया।

एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ हरवीर सिंह डागुर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष एनसीसी दिवस के उपलक्ष पर यूनिट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें18 साल से अधिक उम्र के लगभग प्रत्येक कैडेट ने स्वेच्छा से रक्तदान किया जिसमें 8 छात्राओं ने रक्तदान किया जिसमें सार्जेंट रश्मि शर्मा, कैडेट दीक्षा शर्मा, काजल चौधरी, कुजूलता चौधरी, निशा, सीनियर अंडर ऑफिसर भारत कुमार जादौन, अंडर ऑफिसर अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

चंबल लिफ्ट परियोजना ही है पांचने के पानी के विवाद का समाधान

हिण्डौन सिटी,(का.सं.)। चंबल का पानी पांचना आगिर्री जगर बांध में लाओ किसान संघर्ष समिति की कोर कमेटी की बैठक रविवार दोपहर फुलवा॰डा पैट्रोल पंप के पास तिवाडी फार्म हाऊस में संपन्न हुई।

जिला अध्यक्ष अमरसिंह नीमरोट ने बताया की बैठक में चंबल पांचना जगर लिफ्ट परियोजना की क्रियान्विती को राजस्थान सरकार आगामी बजट सत्र में कई हजार करोड का बजट जारी करे जिससे योजना का काम शुरू हो सके। सरकार पर दबाब बनाने को आगामी दिनो में जिले भर में जगह जगह बैठके करके किसान संघर्ष समिति जन जागरण अभियान चलाएगी, उसके बाद 25 दिसंबर को पांचना बांध के पास वाले गांवो में किसान पंचायत आयोजित करेगी। जिसको लेकर बैठक मे निणन्य लेकर रणनीती तय की गई। बैठक में प्रवक्ता राजेंद्र मीना ने बताया की जिले के जनप्रतिनिधि सांसद विधायक योजना की क्रियान्विती को लेकर सहयोग नही कर रहे हैं, जो जिले किसानो के हित में नही है, किसान संघर्ष समिति योजना में सहयोग नही करने वाले सांसद विधायको का खुले मंच पर विरोध करेगी। गिरीश गुर्जर ने कहा की सरकार को करौली जिले के किसानो की चंबल का पानी लाने की मांग वर्षों पुरानी मांग है जो जिले के किसानों की जीवन दायनी योजना है, इसको सरकार जल्द पूरा करे तो करौली और सवाई माधौपुर के किसानो के बीच उपजे विवाद का भी स्थाई हल निकल सकेगा, नदी के तटवर्ती गांवो को भी पानी मिल सकेगा। सिकरौदा के पूर्व सरपंच भीम मीणा ने कहा की करौली जिले के चारों विधायकों को मुख्यमंत्री से मिलकर योजना को बजट जारी करवाना होगा नही तो किसान उनका विरोध करना शुरू कर देंगे।

योगा ओलंपियाड संपन्न

करौली,(निं.सं.)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के तत्वावधान में प्रथम बार जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में आयोजित हुआ प्रतियोगिता का उद्घाटन भरतपुर संभाग के संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग रामकेश मीणा द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार गुप्ता व पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य प्रकाश बैनीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता के सीनियर छात्र वर्ग में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नारोली डांग एवम सीनियर छात्रा वर्ग में मॉडल स्कूल करौली की टीम विजेता रही। इसी प्रकार प्रतियोगिताओं के जूनियर छात्र वर्ग में मॉडल स्कूल सपोटरा की टीम व जूनियर छात्र वर्ग में मॉडल स्कूल करौली की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के समापन पर समसा करौली के एडीपीसी अशोक कुमार जैन,एपीसी विजेंद्र शर्मा, पी ओ पुखराज मीणा व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा द्वारा विजेता टीमों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

पीडब्ल्यूडी मंत्री भजनलाल जाटव का क्षेत्र में पहुंचने पर हुआ स्वागत

■ तोरणद्वार बनाकर, साफा बांधकर, माला पहनाकर एवं चांदी का मुकट पहनाकर स्वागत किया

भरतपुर, (निस) । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा मंत्रीमंगल विस्तार दौरान वैर विधायक भजनलाल जाटव को राज्यमंत्री से केबिनेट मंत्री पद देकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के मंत्री की जिम्मेदारी दी है, उनके प्रथम बार क्षेत्र में पहुचने पर नागरिकों, कार्यकर्ताओं एंव समर्थकों ने भव्य स्वागत किया गया।

सार्वजनिक निर्माण मंत्री जाटव के जिले की सीमा पर कमालपुरा पहुचने पर स्थान- स्थान पर तोरणद्वार बनाकर, जगह-जगह साफा बांधकर, माला पहनाकर एवं चांदी का मुकट पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया तथा मिठाईयां भी वितरित की गई।

पीडब्ल्यूडी मंत्री जाटव रविवार को निवार्चन क्षेत्र में आगमन पर हलैना के समीप तालचिवी स्तिथ लालजी महाराज की तपोभूमि एवं आस्था से भरपूर श्रीलाल जी बाबा मन्दिर पहुंचे,जहां लालजी महाराज की समाधी एवं धुना आदि सन्त व देवी-देवताओं के दर्शन कर मथा टेका और उन्होने राजस्थान की खुशहाली तथा कोरोना महामारी की तृतीय लहर से मानव जीवन सुरक्षा की कामनाए की। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरा पर अनेक सन्त एवं लोकदेवता हुए,जिनके प्रति सर्व समाज की आस्थाएं कायम है,जिनमें गांव तिलचिवी का लालजी मन्दिर, हलैना का वनखण्डी आश्रम, जहाज का देव बाबा मन्दिर,न्यौंठा का बाबू बाबा का मन्दिर,बेरी का मनीराम बाबा मन्दिर,पथैना की धनेरी गुफा आदि शामिल है। उन्होंने बतायाा कि सन्त एवं महापुरूष दर्शन तथा इनकी तपोभूमि, मन्दिर,कर्मस्थली आदि पर माथा टेकने से मानव को आत्मशान्ति प्राप्त होती है और साथ ही मनोकामनाएं भी पूरी होती है। उनके साथ पंचायत समिति वैर के प्रधान साक्षी दीपक कुमार,वरिष्ठ कांग्रेस नेता तोताराम प्रधान,युवा नेता ऋषि बदनपुरा,पूर्व उप प्रधान महेश मीणा, अनाज मण्डी व्यापार संघं हलैना के अध्यक्ष योगेश कुमार जिन्दल, ललिता मूडिया के लोकेन्द्रसिंह सरपचं आदि थे। जयपुर से रवाना होने के बाद भरतपुर-दौसा जिला कमालपुरा वार्डर पर झालाटाला के तोताराम गुर्जर,नगर पालिका भुसावर के चेयरमेन सुनीता प्रकाश जाटव,पूर्व चेयरमेन चन्द्रप्रकाश अवस्थी,सतीश पाण्डेय पूर्व सरपचं,पार्षद शारदा शर्मा,पार्षद सतीश जैन,पथैना के बृजेश कुमार,हतीजर के गिर्राजसिंह सरपचं ने,खेरलीमोड पर आशीष मालाहेडा,शिक्षाविद्व सतीश शर्मा,पंचायत समिति सदस्य देवा पहलवान,पूर्व उप प्रधान महेश मीणा ने,गांव छौंकरवाडा कलां पर जिला परिषद सदस्य किसनसिंह,पूर्व सरपचं हुकुमसिंह ने आमौली टोल प्लाजा पर भगवानसिंह भोसींगा, सरसेना के पूर्व सरपचं श्रीकान्त शर्मा ने,झालाटाला टोल टेक्स पर राहुल प्रधान,योगेश जिन्दल,मुकेश गुर्जर ने,तिलचिवी पर अशोक फौजदार ने हलैना पर शिक्षाविद्व ओमप्रकाश ज्ञगुप्ता,खाद-बीज विक्रेता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष महेशचन्द गर्ग, पूर्व सरपचं वासुदेवप्रसाद गोयल, पूर्व पंच विनोद मित्तल, होतीलाल सैनी ने आदि ने

पहले डीएपी की अब यूरिया की किल्लत, काश्तकार परेशान

266 रुपये की बजाय 400-450 रुपये में मिल रहा यूरिया का कट्टा

चाकसू, (निसं)। कस्बे में यूरिया की किल्लत होने से किसान परेशान हैं और यहां वहां दुकानों पर यूरिया के लिए भटक रहे हैं जिन दुकानों पर उपलब्ध है, वहां प्रति बोरी(50 किग्रा) के लिए 266 रुपये की बजाय 400-450 रुपये लिए जा रहे हैं।

यह हाल तब है जब किसान को गेहूं के लिए यूरिया की सर्वाधिक आवश्यकता है। हालांकि सरकार ने आधार कार्ड से हार्ड के लिए राशनिंग तो शुरू कर दी है लेकिन पर्याप्त स्टॉक में होने की वजह से किसानों को 1, 2 कट्टे ही स्टॉक रहने तक मिले थे वह भी अब मिलना बंद हो गए हैं । काश्तकार परेशान है क्योंकि जल्द ही यूरिया न डाली गई तो गेहूं की पैदावार पर असर पड़ेगा।



खाद बीज की दुकान पर यूरिया न मिलने पर निराश किसान

चाकसू क्षेत्र किसान नाथू लाल सैनी, शंकर, ओमप्रकाश आदि का कहना है कि समितियों पर यूरिया नहीं है गेहूं की फसल बो दी है । अब कोरवान करने के लिए यूरिया की आवश्यकता है जिसकी बाजार में किल्लत हो रही है जो बड़ी मुश्किल से किसी- किसी दुकानदार के पास ही मिल रहा है। जहां भी 266 रुपये की यूरिया को दुकानदार 450 रुपये ले रहे हैं।

किसान रामचंद्र का कहना है स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के द्वारा भी किसानों को सहयोग और सहायता देने की बातें सिर्फ भाषण और कागजों तक ही सिमट कर रह गई है जब किसानों को जरूरत पड़ती है तो सहयोग के लिए कोई भी दूर-दूर तक नजर नहीं आता है ।

खाद बीज के विक्रेता दिनेश कुमार बेनीवाल का कहना है कि पिछले 1 महीने से आगे से ही यूरिया की सप्लाई नहीं मिल पा रही है और पूर्व में भी मांग के अनुरूप यूरिया की सप्लाई नहीं मिली है इस कारण बाजार में यूरिया की किल्लत बनी हुई है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में अब फसल खराब होने का डर सता रहा है । यह स्थिति पिछले 1 महीने से भी ज्यादा दिनों से है। दुकानदारों की माने तो अभी यूरिया की कोई खेप आने की उन्हें जानकारी नहीं है।

एसडीएम चाकसू गोवर्धन लाल शर्मा का कहना है कि यूरिया की स्थिति की जानकारी है। यूरिया की आपूर्ति के लिये व्यवस्था की जा रही है और विकल्प के तौर पर किसानों को समझाया जा रहा है कि फसल को सुपर फास्फेट एवं डीएपी मिलाकर दें।

दिसंबर में आएगा पटवारी परीक्षा परिणाम : शर्मा

'जेईएन परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप बेबुनियाद'

झुंझुनूं, (निसं)। प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा पटवारी भर्ती का परिणाम अगले माह में आ जाएगा । राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने झुंझुनूं में खास बातचीत में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि परिणाम को तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। बोर्ड कोशिश कर रहा है कि दिसंबर माह में इसका परिणाम घोषित कर दें। इसके अलावा जेईएन भर्ती परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उठ रहे सवालों पर भी हरिप्रसाद शर्मा ने बातचीत की ।

कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने झुंझुनूं में दी जानकारी।

उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से जो अभ्यर्थी असफल होते हैं। वो कभी संतुष्ट नहीं होंगे और चाहेंगे कि परीक्षा निरस्त हो दुबारा हो लेकिन वे दावे के साथ कह सकते हैं कि ना केवल परीक्षा पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ हुई है बल्कि परिणाम भी उसी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ घोषित किया गया है। इस परीक्षा की तैयारी में युवाओं को नौ माह से अधिक का समय मिला था। साथ ही इसमें निगेटिव मार्किंग नहीं थी। इसलिए कट ऑफ ज्यादा गई है। उन्होंने इस मौके पर बताया कि फिलहाल बोर्ड जल्द ही पांच परीक्षाएं संगणक, ग्राम विकास अधिकारी, अग्निशमन अधिकारी फायरमैन, मोटर वाहन उप निरीक्षक व एपीआरओ भर्ती परीक्षा करवाने की तैयारी कर रहा है। जिसमें दिसंबर में दो परीक्षाएं प्रस्तावित हैं । उन्होंने इस मौके पर यह भी बताया कि बोर्ड इस दिशा में भी काम कर रहा है कि वर्ष 2022-23 का भर्ती परीक्षा कैलेंडर हर हाल में जनवरी-फरवरी माह में घोषित कर दें।

- **2022-23 का भर्ती परीक्षा कैलेंडर जनवरी-फरवरी माह में घोषित होने की संभावना**

ताकि युवाओं को भर्तियों और परीक्षाओं की जानकारी समय पर लग जाए। हरिप्रसाद शर्मा झुंझुनूं के अलसीसर में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में आए थे। इससे पहले हरिप्रसाद शर्मा ने अलसीसर के सीतारामका गेस्ट हाउस में शिक्षाविद् पीएल शर्मा की आत्मकथा जीवन की पगडंडी पुस्तक का विमोचन किया।

फिरौती लेने आए दो बदमाशों को ग्रामीणों ने बंधक बनाया

कामां /भरतपुर, (निसं) । कामां थाने के गांव पालड़ी के निवासी पिता-पुत्र के अपहरण कर ले जाने के बाद फिरौती की राशि लेने आए दो जनों को ग्रामीणों ने पकड़कर बंधक बना लिया और उनकी जमकर धुनाई करते हुए एक कमरे में बंद कर दिया। सूचना मिलने पर कामां पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली और ग्रामीणों द्वारा बंधक बनाए गए दोनों युवकों को बंधन मुक्त कराकर कामां थाने ले आई

पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई ने बताया कि पालड़ी निवासी शब्बीर व पुत्र मुनफेद का गुरुवार की दोपहर को बृज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग स्थित गांव पथवारी के निकट से फर्जी हरियाणा की सीआइए पुलिसकर्मी बनकर अपहरण कर लिया है। जिसकी छह लाख रुपए की फिरौती लेने आए कार में सवार हरियाणा के थाना बिछोर

- **ग्रामीणों ने की धुनाई, पुलिस ने कब्जे से दोनों युवकों को मुक्त कराया**

निवासी मुस्तकीम व शाहरूख ने शब्बीर की पत्नी रूखसाना से फोन पर बात कर सतवास के निकट पैसे लेकर बुलाया था।

लेकिन शब्बीर अपने पुत्र वसीम को साथ लेकर एक काले बैंग में कागज के टुकड़ों को भरकर पहुंच गई। जहां मां व पुत्र का पीछा कर रहे ग्रामीणों ने विभिन्न रास्तों ने पहुंचकर फिरौती लेने आए युवकों को पकड़ कर मारपीट करते हुए बंधक बना लिया था । जिस पर कामां पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों से समझाइश करते हुए बंधक बनाए गए युवकों को छुड़वाकर थाने लाया गया।

कामां पुलिस के मुताबिक पालड़ी निवासी पिता-पुत्र शब्बीर और मुनफेद का अपहरण करने के बाद बदमाशों ने उनके घर फोन करके फिरौती मांगी थी। इस पर उनके परिजन फिरौती की रकम देने के लिए तैयार हो गए। शब्बीर की पत्नी रूखसाना ने उन्हें फिरौती की रकम लेने कामां बुलाया साथ ही अपने गांव वालों को सूचित भी कर दिया । जैसे ही बदमाश फिरौती की रकम लेने कामां पहुंचे तो ग्रामीणों की मदद से घेरकर उन्हें कमरे में बंद कर दिया था। पालडी निवासी ग्रामीणों द्वारा घटना का मामला कामा थाने में दर्ज कराया गया है पुलिस अनुसंधान कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

कोविड प्रोटोकॉल्स की पालना करें: शेखावत

जोधपुर, (कासं)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हम सभी कोविड प्रोटोकॉल्स की पालना करें और अनावश्यक भीड़-भाड़ में जाने से बचें। रविवार को यहां सुबह जोधपुर निवास पर मीडिया से अनोपचारिक बातचीत में केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि कोविड के नए म्यूटेंट को लेकर चिंता बनी है। साउथ अफ्रीका से निकलकर यह म्यूटेंट 9-10 देशों में पहुंचा है। भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम अब तक 121 करोड़ से अधिक डोज लगवा चुके हैं । शेखावत ने कहा कि जिन देशों में इस तरह के केस चिह्नित हुए हैं, वहां से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग-चेकिंग के साथ नए प्रोटोकॉल्स बनाए गए हैं। राजस्थान में कोविड के बढ़ते केसों के बीच स्कूल-कॉलेजों को खोलने के संदर्भ में शेखावत ने कहा कि शिक्षा विभाग को उचित कदम उठाने चाहिए। कई उच्च शिक्षा संस्थानों ने अपने यहां हाईब्रिड मॉडल लागू किया है।

मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे नर्सिंग विद्यार्थी

चूरू, (कासं)। अपनी मांगों को लेकर रविवार को नर्सिंग कॉलेज चूरू के विद्यार्थी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कहा कि आरयूएचएस की संगठक कॉलेज चार साल से संचालित है।

चूरू में राजकीय नर्सिंग कॉलेज के प्रारंभ होने के बावजूद भी किसी प्रकार का कोई उचित भवन, लाइब्रेरी, खेल मैदान व अन्य किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं है। विद्यार्थियों को अध्ययन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक दिन क्लास कहीं होती है। दूसरे दिन अन्य स्थान पर होती है।

राज्य सरकार के मंत्रियों, विधायकों को कई बार अवगत करवाने के बावजूद आज तक किसी के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। इन परेशानियों को देखते हुये विद्यार्थियों को मजबूरन धरने पर बैठना पड़ा। विद्यार्थियों ने कहा कि धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक विद्यार्थियों की मांगें नहीं मानी जाती। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

चूरू नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी अपनी मांगों को लेकर धरने बैठे।

हिस्ट्रीशीटर ने कांस्टेबल को पीटा, हाथ में फ्रैक्चर आया

बीकानेर, (निसं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ के मोमासर में शनिवार देर रात एक बदमाश ने पुलि स कांस्टेबल पर हमला करके घायल कर दिया। कांस्टेबल के एक हाथ में फ्रैक्चर हो गया है, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोट आई है। मामला मोमासर बास का है, जहां एक हिस्ट्रीशीटर और पुलिस आमने-सामने हो गए। बीकानेर और चूरू के कई थानों में वांटेड हिस्ट्रीशीटर भानीनाथ उर्फ भानीड़ा को पिछले दिनों पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था । भानीड़ा को पता चला कि उसे गिरफ्तार करवाने में राकेश सिद्ध की भूमिका है। राकेश डूंगरगढ़ के मोमासर बास का रहने वाला है।

जमानत मिल ने के बाद से भानीड़ा कई दिनों से राकेश सिद्ध को ढूंढ रहा था। शनिवार रात उसने राकेश के घर पर हमला कर दिया। इसी दौरान पुलि स को सूचना मिली तो पुलि स मौके पर पहुंच गई। राकेश को अस्पताल लेकर पुलिस बल निकल गया लेकिन एक सिपाही तेजपाल को वहीं छोड़ दिया। उधर, भानीड़ा और उसके साथ वापस आए और फिर से राकेश के घर पर हमला किया। कांस्टेबल तेजपाल ने उन्हें रोकना चाहा तो उस पर हमला बोल दिया। बाद में पुलि स ने भानीड़ा के घर पर दबिश देकर उसके दो परिजनों को हिरासत में ले लि या और उसकी एक बाइक सीज कर ली। श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी वेदपाल ने बताया कि तेजपाल की रिपोर्ट पर भानीनाथ उर्फ भानीड़ा पर मामला दर्ज किया गया है।

शादी के बाद देवता पूजने जाते समय सड़क दुर्घटना में 9 लोग घायल

पावटा, (निसं)। विराटनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मैड के पास सताना गांव में शादी समारोह के बाद देवता पूजने जाते समय एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो गाड़ी के भीड़ में घुस जाने से 9 लोग घायल हो गए।

वहीं जानकारी के अनुसार लट्ठूराम गुर्जर पुत्र रामजीलाल गुर्जर निवासी सताना ने थाने में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि मैं अपनी दुल्हन धोली देवी के साथ देव पूजने जा रहा था। वहीं साथ में 40-50 लोग परिवार व रिश्तेदार जिनमें महिलाएं बच्चे भी शामिल थे ज्यो कि डीजे के पीछे नाचते गाते जा रहे थे । वहीं सताना मंदिर से पहले नदी में सड़क पर पहुंचे तो उन्हीं के रिश्तेदारों की स्कॉर्पियो गाडी पीछे-पीछे चल रही थी। जिसमें स्कॉर्पियो गाड़ी चालक ने गाड़ी में चाबी लगी छोड़कर उतर गया तभी किसी बच्चे ने गाडी में बैठकर चाबी घुमा दी जिससे स्कॉर्पियो गाडी चल पड़ी जो आगे पैदल-पैदल चल रहे दूल्हा दुल्हन अन्य जनों को टक्कर मारती हुई डीजे लगी पिकअप के टक्कर मार दी।

- **गाड़ी को बच्चे ने चाबी लगाकर स्टार्ट कर दिया था**

इसमें धोली देवी पत्नी धर्मेंद्र गुर्जर , यालीराम पुत्र पप्पूराम, चिडी देवी पत्नी स्वर्गीय रतनलाल, परभी देवी पत्नी बाबूलाल, मीरा देवी पत्नी हरिराम जाति गुर्जर साल निवासी सताना, रविंद्र पुत्र हरिराम जाति गुर्जर निवासी सताना, सोनू पुत्र कालूराम जाति मीणा उम्र 16 साल निवासी सताना, गजेंद्र पुत्र सुल्तान जाति गुर्जर निवासी जोधूला घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मैड सीएचसी ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल के लिए रैफर किया गया।

घायल दुल्हन का अस्पताल में उपचार किया।

रीट भर्ती-2021: पद बढ़ाने की मांग पकड़ रही जोर

सादुलपुर, (निसं)। रीट भर्ती 2021 में पदों की संख्या बढ़ाकर 60 हजार करने एवं आरक्षित एससी, एसटी व दिव्यांग अभ्यर्थियों के पूर्व भर्तियों में रिक्त रहे पदों को भरने की मांग दिन प्रतिदिन जोर पकड़ रही है। वहीं इस मामले में एक ओर जहां बेरोजगार धरना-प्रदर्शन को मजबूर हैं, वहीं दूसरी ओर विभिन्न जन प्रतिनिधि भी इस मामले को लेकर रोजाना मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को बेरोजगारों की मांग को लेकर पत्र लिख रहे हैं।

सत्तारूढ एवं विपक्षी दलों के विधायक गण रोजाना ट्विटर पर नई रीट भर्ती-2021 में पदों की संख्या बढ़ाकर 60 हजार करने तथा आरक्षित वर्ग एसी-एसटी की बेकलॉग की 60 सीटों को रीट भर्ती-2021 में शामिल करने की बेरोजगारों की मांग का समर्थन कर रहे हैं। रविवार को बीजेपी सांसद किरोडीलाल मीणा ने भी ट्वीटर के मार्फत बेरोजगारों की इस मांग का समर्थन किया है। वहीं इससे पूर्व भी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया सहित दर्जनों विधायक निरंतर विशेष शिक्षकों के पद रीट भर्ती 2021 में 5000 पद स्वीकृत करने, रीट भर्ती 2021 में 30 हजार से बढ़ाकर पद 60 हजार करने तथा एससी एसटी के बैकलॉग की इस भर्ती में शामील करने की मांग का समर्थन कर रहें हैं। वहीं प्रदेश के बेरोजगार एवं कई शिक्षक संगठन भी इस मांग को लगातार बुलंद कर रहें हैं मगर अब देखना होगा कि प्रदेश सरकार इस मामले में कब बेरोजगारों की सुध लेती है ?

ग्राम कैरोडी में दलित दूल्हे की पुलिस सुरक्षा में निकासी निकली

पंचायत कैरोडी में निकासी निकालते लोग।

पावटा, (निसं)। निकटवर्ती पावटा उपखण्ड की ग्राम पंचायत कैरोडी में रविवार को दलित दुल्हों के विवाह समारोह में भारी पुलिस जाप्ते की निगरानी में घोड़ी पर बैठाकर विधायक इंद्राज गुर्जर व बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में निकासी निकाली गई।

जिसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही । विगत 25 नवबर को दूल्हों की बहन के विवाह में आई बारात पर पथराव की घटना के बाद

- **निकासी में जयपुर से आई आरएसी की कंपनी, एसपी मनीष अग्रवाल ने स्वयं सभाली कमान**
- **भारी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस अधिकारी व पुलिस जाप्ता मौजूद रहा**

एसपी जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल ने स्वयं कमान सभाल रखी थी। विशेष तौर पर आरएसी की दो कपनियां जयपुर से बुलाकर तैनात की गई थी। निकासी के दौरान जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल द्वितीय जयपुर ग्रामीण मुख्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली सुमित गुप्ता सहित जाप्ता तैनात किया।

गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर फायरिंग की

भरतपुर, (निसं) । भरतपुर के कस्वा रुदावल में मोटरसाईकिल पर अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक बदमाश ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिसकर्मियों के ऊपर फायरिंग कर सनसनी फैला दी लेकिन बाद में थाना पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर हवालात के हवाले कर दिया।

पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई ने बताया कि गांव रतऊआ निबासी रब्बो गुर्जर के सम्बंध में जानकारी मिलने पर थाना पुलिस के जाप्ते ने उसे कस्वे के गौरव पथ से हनुमान मन्दिर की तरफ जाते हुए घेर लिया लेकिन रब्बो गुर्जर ने मोटरसाईकिल छोड़कर मन्दिर की तरफ खेत में भागते हुए कांस्टेबल प्रेमचन्द व गोरधन पर 315 बोर का अवैध देशी कट्टा तान दिया और धमकी दी कि पीछा किया तो गोली मारकर खत्म कर दूंगा । बताया गया बदमाश की धमकी के बाद भी जब पुलिसकर्मियों ने उसे घेरे रखा तो उसने फायरिंग शुरू कर दी ।

कांस्टेबल प्रेमचन्द बालबाल बचा और उसने जमीन पर गिरकर अपनी अपनी जान बचाई। बताया गया कि 23 वर्षिय रब्बो उर्फ जयशिव पुत्र नरेश निवासी रतऊआ थाना रूदावल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का कटा, 315 बोर के कारतूस का एक खाली खोखा, 2 जिंदा कारतूस तथा मोटरसाइकिल जप्त की हैं।

सोना चोरी करने के दो आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

बाड़मेर कोतवाली थाना क्षेत्र से 102 ग्राम सोना चोरी कर फरार हुए थे आरोपी

बाड़मेर, (निसं)। बाड़मेर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में 102 ग्राम सोना चोरी कर फरार होने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

कोतवाल उगमराज सोनी पुलिस थाना कोतवाली के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल देवाराम सहित विशेष गठित टीम ने इस मामले में विशेष भरसक प्रयास कर मुलजिमानों का पूर्ण नाम पता ज्ञात कर उनके निवास पश्चिम बंगाल जाकर मुलजिम दुरजो धन मण्डल व उज्जवल मण्डल को गिरफ्तार किया गया है।

कोतवाल उगमराज सोनी ने बताया कि 30अक्टूबर को भट्टराज पुत्र राणूलाल जाति सोनी उम्र 46 साल पेशा पुश्तेनी निवासी जाजू भवन के पास राय कोलोनी बाड़मेर द्वारा अनिल कुमार पुत्र प्रेमचन्द सोनी निवासी राय कोलोनी की एक रिपोर्ट पेश कर बताया था कि दोपहर करीब दो बजे के आस -पास उज्जवल बंगाली व दुर्जो बंगाली करीब 102 ग्राम सोना लेकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

इस मामले में विशेष टीम गठित की गई जिसने तकनीकी सहायता के आधार पर पश्चिम बंगाल पहुंच दो आरोपी दुरजो धन मण्डल (24) पुत्र असीत मण्डल जाति मण्डल निवासी दीयार रानीनगर पुलिस थाना रघुनाथगंज पुलिस थाना जंगीपुर जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल व उज्जवल मण्डल (43)पुत्र पंचानन मण्डल निवासी नदाई पुलिस थाना॰ सूती जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे हैं।

बाड़मेर में कोतवाली पुलिस ने सोना चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

'ना वेतन-भत्ते का आदेश निकाला, ना दर्जा दिया, फिर विपक्ष क्यों मुद्दा बना रहा है'

मुख्यमंत्री के सलाहकार पद पर नियुक्ति को लेकर उपजे विवाद के बीच बोले अशोक गहलोत

- महंगाई के खिलाफ 12 दिसंबर को हजारों कांग्रेस जन जाएंगे दिल्ली रैली में
- उत्तर प्रदेश में प्रदर्शन कर रहे राजस्थान के बेरोजगारों को लेकर कहा ''भाजपा इनको भड़का रही है''

जयपुर, (का.प्र.)। हाल ही में छह विधायकों के मुख्यमंत्री सलाहकार पद पर नियुक्ति को लेकर उपजे विवाद के बीच सीएम अशोक गहलोत ने स्पष्ट किया है कि हमने इस नियुक्ति के लिए अलग से वेतन भत्ते या सुविधाओं को लेकर कोई आदेश नहीं निकाला लेकिन विपक्ष ऐसा माहौल बना रहा है जैसे कोई जुर्म कर दिया हो। राज्य मंत्री बनाए गए राजेंद्र गुढ़ा के अब तक पद न संभालने पर गहलोत ने कहा कि मैं और पीसीसी अध्यक्ष उनसे बात करेंगे और कोई रास्ता निकाल लेंगे।

रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री सलाहकार नियुक्ति मामले में आरोप लगाने वाले यदि थोड़ा गहराई में जाते तो उन्हें समझ में आ जाता। सीएम गहलोत ने कहा कि हम भी सरकार चला रहे हैं तो कुछ जानकारी होगी ही लेकिन बिना मतलब के इस मामले को इश्यू बनाया जा रहा है।

पेट्रोल-डीजल सहित जरूरी चीजों के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से 12 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में राजस्थान से हजारों कांग्रेसजन जाएंगे। बढ़ती महंगाई को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए केंद्र की नीतियों को इसके लिए जिम्मेदार बताया।

पीसीसी मुख्यालय पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों को संघवाद के खिलाफ बताते हुए कहा कि केंद्र की नीतियों के कारण ही आज राज्य कमजोर हो रहे हो। गहलोत ने कहा पांच राज्यों में चुनाव हैं, इस वजह से कंपनियां पेट्रोल-डीजल के दाम अब रोजाना नहीं बढ़ा रही हैं, लेकिन केंद्र सरकार चाहे तो यह काम आगे भी जारी रह सकता है। गहलोत ने यह भी कहा कि अब तक एक्साइज ड्यूटी का पैसा सभी राज्यों के हिस्से में आता था, उसमें भी केंद्र सरकार की नीतियों के कारण राज्यों को नुकसान हो रहा है। आलम यह है कि जो स्पेशल एक्साइज ड्यूटी और एडिशनल एक्साइज ड्यूटी लगाई गई है उसमें भी राज्यों को हिस्सा नहीं दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि केंद्र सरकार कम से कम 10 रुपये पेट्रोल पर और 15 रुपये डीजल पर कम करे। गहलोत ने कह कि केंद्र सरकार साल 2022 तक जो जीएसटी का पुनर्भरण कर रही थी उसे साल 2027 तक आगे बढ़ाए। साथ ही राजस्थान को बकाया 5900 करोड़ रुपये जीएसटी पुनर्भरण का भुगतान जल्द करे।

गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि बीते 7 सालों में महंगाई आसमान छूने लगी है और पेट्रोल-डीजल से लेकर खाने-पीने की चीजें तक महंगी हुई हैं। केंद्र की मोदी सरकार ने इसे रोकने का कोई प्रयास नहीं किया इस दौरान यूपीए सरकार के कार्यकाल में पेट्रोल डीजल और खाद्य सामग्री की कीमतों की तुलना आज चल रही कीमतों से की।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे राजस्थान के बेरोजगारों को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यूनियनबाजी छोड़ परीक्षा की तैयारी करने की नसीहत दी है ताकि उनकी नौकरी लग सके। गहलोत ने कहा कि युवाओं को विपक्ष वाले भड़का रहे हैं जिसके चलते वे राजनीतिक दलों के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जो किसी भी दृष्टि से सही नहीं है। लखनऊ कांग्रेस कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ पर भी उन्होंने निशाना साधते हुए गहलोत ने कहा कि राजस्थान में सर्वाधिक रोजगार दिया गया है। एक लाख नौकरियां तो दी जा चुकी हैं और 75 हजार नौकरियां प्रक्रियाधीन हैं। ऐसे में जो युवा यूनियनबाजी में लगे हैं वो पढ़ाई पर ध्यान दें, ताकि उनकी नौकरियां लग सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जो नौकरियां राजस्थान में निकली हुई हैं, अधिकतर युवा तो उसकी तैयारी में लगे हैं लेकिन कुछ यूनियनबाजी में जुटे हैं। उनमें कुछ नेता तो ऐसे भी हैं जिनकी नौकरी लग भी जाए तो वह ज्वाइन नहीं करेंगे, क्योंकि वह नेतागिरी करके इलेक्शन में खड़ा होना चाहते हैं। चाहे बीजेपी और कांग्रेस उन्हें टिकट क्यों न दे दे। मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि युवाओं को ऐसे लोगों से सचेत रहना चाहिए और उनकी बातों में नहीं आना चाहिए।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यह भी कहा कि इन युवाओं को भड़काने का काम विपक्ष के रूप में भाजपा कर रही है। राजस्थान में हुए उपचुनाव में भाजपा की जो दुर्गति हुई है, उसके बाद यहां के नेता केवल इसी मिशन पर जुटे हुए हैं कि किसी न किसी तरह पद पर बने रहें, क्योंकि आलाकमान हटा देगा और इसी के चलते युवाओं को भड़काने का काम चल रहा है।

हाईटेंशन लाइन से प्रभावित भूखंड़ों के पट्टे देने की मांग

जयपुर। राजधानी के पृथ्वीराज नरग में हाइटेंशन लाइन से प्रभावित भूखंडों के पट्टों की मांग लगातार जारी है। रविवार को पृथ्वीराज नगर हाइटेंशन लाइन संघर्ष समिति ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास को ज्ञापन दिया।

समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि जो 2015 में नए नियम बनाए गए हैं, उनसे पृथ्वीराज नगर को बाहर रखा जाए। क्योंकि यहां की कॉलोनियां 30 से 40 वर्ष पुरानी हैं। 60 फीट रोड पर पट्टे दिलवाने की मांग की। इस मौके पर अनिल माथुर, दिनेश राव, ओम प्रकाश जाखड़, नवीन श्रीवास्तव, चेतन धलवानी, हनुमान सिंह मौजूद रहे। गौरतलब है कि 2015 में नगरीय विकास विभाग ने एक अधिसूचना जारी की थी। इसमें 132 केवी और 220 केवी की हाइटेंशन लाइनों के नीचे 105 फीट और 120 फीट पर पट्टे जारी करने के निर्देश दिए है। इस वजह से पीआरएन में 20 हजार से अधिक भूखंडधारियों को पट्टे नहीं मिल पा रहे हैं।

चाकू से गला रेतकर मजदूर की हत्या करने वाले तीन गिरफ्तार

- खाना बनाते समय गाली-गलौच करने पर साथी मजदूरों ने की थी हत्या
- वीकेआई पुलिस ने 24 घंटे में वारदात का खुलासा कर बदमाशों को पकड़ा

जयपुर (कासं)। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने मजदूर की हत्या का 24 घंटे में खुलासा कर उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है।

डीसीपी (वेस्ट) ऋचा तोमर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित लीलाराम मीणा (36), संतोष मीणा उर्फ़ संतराम (45) और गंगा लहरी (35) थाना प्रतापगढ़, थानागाजी (अलवर) के रहने वाले हैं। आरोपियों ने 26 नवंबर को अपने साथी मजदूर जयनारायण उर्फ़ जैनी मीणा की चाकू से गला काटकर नृशंश हत्या कर दी थी।

थानाधिकारी रमेश सैनी ने बताया कि मृतक जयनारायण उर्फ जैनी और उसके साथी मजदूर लीलाराम मीणा, गंगालहरी उर्फ लहरी मीणा, संतोष उर्फ सतराम मीणा एक ही फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। खाना बनाने की बात को लेकर अक्सर इनके बीच आपस में लडाई-झगड़ा होता रहता था। घटना के दिन भी मृतक जयनारायण का साथी मजदूरों से खाना बनाने, आटा लगाने की बात को लेकर आपस में झगडा हुआ था। मृतक ने खाना बनाने से इंकार कर दिया और साथी मजदूरों को गन्दी-गन्दी गलियां दी। इस पर साथी मजदूर आक्रोशित हो गए और जयनारायण मीणा को मारने का प्लान बनाया। जयनारायण मीणा लघुशंका के लिए गटर की तरफ जाने लगा तो दो मजदूरों ने जयनारायण को पकड़ लिया और तीसरे मजदूर ने चाकू से गला रेत दिया। काफी खून बहने से उसकी मौत हो गयी। आरोपी मजदूरों ने लाश को उठाकर दूसरी जगह पर फिर कमरे में लाकर फर्श पर लिटा दी। मौके से साक्ष्य मिटाने का प्रयास कर मौका पाकर घटनास्थल से फरार हो गए थे।

सलाहकार के पदों पर नियुक्ति के असंवैधानिक फैसले के बाद मुख्यमंत्री को यू-टर्न लेना पड़ रहा है : राठौड़

- 'मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्त सलाहकार केवल नाम मात्र के होंगे, सलाहकारों के पास लेटर पैड पर अपना नाम/पद अंकित करने के अलावा कोई अतिरिक्त शक्तियां नहीं होगी'
- 'राज्यपाल द्वारा राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगने के बाद अब सरकार संसदीय सचिवों की नियुक्ति करने का साहस नहीं जुटा पा रही है'

जयपुर। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा यह स्वीकारोक्ति करना कि सलाहकार एवं संसदीय सचिवों को राज्यमंत्री/कैबिनेट मंत्री का दर्जा नहीं दिया जा सकता है एवं सरकार ने इसके लिए कोई लिखित आदेश भी जारी नहीं किए हैं, इससे साबित होता है कि मुख्यमंत्री ने महज असंतुष्ट कांग्रेस व अन्य समर्थित विधायकों को खुश करने एवं अंतर्कलह से जूझती अपनी सरकार को बचाने के लिए सलाहकारों की नियुक्ति की है। वास्तविकता में नियुक्त सलाहकार महज सामान्य विधायक के कार्य के अतिरिक्त अन्य कोई कार्य करने में सक्षम नहीं होंगे।

राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट 1923 की धारा 5 (1) (सी) में दिए गए प्रावधानों का स्पष्टतः उल्लंघन कर रही है। इस धारा के प्रावधानों के अनुसार किसी भी व्यक्ति/अधिकारी को कोई अधिकार नहीं है कि वह राज्य से संबंधित गोपनीय सूचनाओं को बिना अधिकारिता के अपने पास रखे और जानबूझकर ऐसे निर्देशों का पालन करे जो उसकी अधिकारिता में नहीं हैं। धारा 5 (2) में स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि कोई भी व्यक्ति/अधिकारी ऐसी गोपनीय सूचना को अपने पास रखता है जिसकी उसकी कोई अधिकारिता नहीं है तो वह इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी माना जाएगा। ऐसे दोषी व्यक्ति/अधिकारी को 3 साल का कारावास या जुर्माना या दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है।

राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा स्वीकारोक्ति करने के बाद यह सिद्ध हो गया है कि उनके द्वारा नियुक्त सलाहकार के पास सरकार द्वारा कोई पत्रावली नहीं भेजी जा सकती है और ना ही उनकी सलाह पर कोई पत्रावली चलाई जा सकती है। यह महज विधायकों को खुश करने के लिए झुनझुना देना है। मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्त सलाहकार केवल नाम मात्र के होंगे, सलाहकारों के पास लेटर पैड पर अपना नाम/पद अंकित करने के अलावा कोई अतिरिक्त शक्तियां नहीं होगी। सामान्य विधायक के अतिरेक इन सलाहकारों के पास कोई संवैधानिक अधिकार भी नहीं होंगे। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री सलाहकारों की असंवैधानिक नियुक्ति व संसदीय सचिवों की संभावित नियुक्ति को लेकर मैंने 22 नंवबर को राज्यपाल को पत्र लिखा था। इसके बाद राज्यपाल द्वारा राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगने के बाद से अब सरकार संसदीय सचिवों की नियुक्ति करने का साहस नहीं जुटा पा रही है। सलाहकार के पदों पर नियुक्ति के असंवैधानिक फैसले के बाद मुख्यमंत्री को यू-टर्न लेना पड़ रहा है और वह सलाहकारों को राज्यमंत्री/कैबिनेट मंत्री के स्तर की सुविधाओं के लिए लिखित आदेश भी जारी नहीं कर पा रहे हैं।

राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री की ऐसी क्या मजबूरी रही कि उन्हें मंत्रिमंडल पुनर्गठन के साथ ही 6 सलाहकारों की जरूरत पड़ गई और उन्हें सलाहकार के पद का झुनझुना पकड़वा दिया। मुख्यमंत्रीजी को बताना चाहिए कि क्या कांग्रेस विधायकों की पार्टी में सम्मानजनक स्थिति नहीं थी या फिर क्या विधायक का पद कम महत्वपूर्ण है? जो उन्हें सलाहकार जैसे पदों की रेवड़ियां बांटनी पड़ रही है।

राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री यह कह रहे हैं कि सलाहकारों की नियुक्तियों के मामले को लेकर विपक्ष बेवजह तूल दे रहा है और सरकार को तमाम कानूनों की पूरी जानकारी है। हकीकत तो यह है कि अगर सरकार को संवैधानिक प्रावधानों की पूरी जानकारी होती तो आज मुख्यमंत्रीजी को लोकतंत्र का उपहास करते हुए एवं आपसी कलह को शांत करने के लिए विधायकों को सलाहकार के पद पर नियुक्ति देने की जरूरत ही नहीं होती।

गांधीजी के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को सेन्ट्रल पार्क में बन रहे गांधी दर्शन म्यूजियम के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और जेडीसी गौरव गोयल भी मौजूद थे।

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मुल्क में प्रेम, भाईचारा एवं सद्भाव कायम करने के लिए आज गांधीजी के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि गांधी दर्शन एवं गांधीजी की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार जिला, ब्लॉक एवं गांव के स्तर तक हो।

गहलोत रविवार को सेन्ट्रल पार्क स्थित कनक भवन में आयोजित गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन को युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने प्रदेश में अलग से शांति एवं अहिंसा निदेशालय की स्थापना की है। राजस्थान पहला राज्य है जिसने गांधीजी के विचारों को आमजन तक पहुंचाने के लिए अलग से निदेशालय बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधीजी की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए प्रशासन एवं सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाने के लिए युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से मुम्बई के टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ सोशल साइन्सेज तथा पुणे स्थित इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड स्कूल ऑफ गवर्नेंस जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की तर्ज पर प्रदेश में महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ गवर्नेंस एण्ड सोशल साइंसेज की स्थापना की गई है। यहां गांधीजी से जुड़े शोध कार्य होंगे। उन्होंने गांधीजी के विचारों के प्रचार-प्रसार की दिशा में गांधी दर्शन समिति द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।

कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा, महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ गवर्नेंस एण्ड सोशल साइंसेज के निदेशक प्रो. बीएम शर्मा, शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक मनीष शर्मा, समग्र सेवा संघ के अध्यक्ष सवाई सिंह, गांधी स्मारक निधि के सदस्य धर्मवीर कटेवा, वर्धा आश्रम से आए मुख्य प्रशिक्षक मनोज नागरे एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने सेन्ट्रल पार्क में बन रहे गांधी दर्शन म्यूजियम के कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से पूरे करने के निर्देश दिए। जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त गौरव गोयल ने साइट प्लान के बारे में जानकारी दी। गहलोत ने वहां मौजूद कामगारों से बातचीत की और उन्हें मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के फायदों के बारे में जानकारी दी।

जेकेके में पुस्तक प्रेमियों ने अपनी चुनौतियां और अनुभव साझा किए

जयपुर, (का.सं.)। जवाहर कला केंद्र (जेकेके) और जयपुर बुक लवर्स की ओर से रविवार को बुक्स विच हैव चैलेंजड/एक्सपैंडेड/चेंजड योर पर्सपेक्टिव विषय पर चर्चा करने और अपने विचारों को साझा करने के लिए जयपुर के पुस्तक प्रेमियों के लिए जेकेके लाइब्रेरी में मीट अप का आयोजन किया गया। इस आयोजन का संचालन वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट अजय असवाल, विवेक शर्मा और प्रशांत गुप्ता ने किया। इस सेशन में 14 वर्ष से 60 वर्ष की उम्र के करीब 25 लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ब्यूरोक्रेट, नए लेखकों सहित स्कूली बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस इंटरेक्टिव सेशन में प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय लेखकों की पुस्तकों जैसे कि युवाल नोआ हरारी की सेपियंस, सिद्धार्थ मुखर्जी की द जीन, द फाउंटेन हेड सहित कई अन्य पुस्तकों पर चर्चा की और अपने विचार रखे। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए कि कैसे उन्होंने पुस्तकें पढ़ ना शुरू किया।

ठेकेदार ने महिला से किया दुष्कर्म

जयपुर (कासं)। भांकरोटा इलाके में एक ठेकेदार द्वारा महिला मजदूर से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार झोटवाड़ा इलाके निवासी 28 वर्षीया महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह 17 नवंबर को सिरसी में एक शादी में काम करने गई थी। महिला का आरोप है कि वापिसी में लौटते वक्त ठेकेदार मक्खन लाल ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस जांच में जुटी है।

''मन की बात'' कार्यक्रम देश के लोगों को जोड़ता है : डॉ. पूनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने जयपुर के करणी विहार मण्डल में बूथ नंबर 316 पर कार्यकर्ता के घर पर अन्य कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

- 'प्रधानमंत्री मोदी ने स्टार्ट-अप की अभिनव पहल से देश एवं प्रदेश के नौजवानों को जॉब क्रिएटर्स के रूप में नई दिशा दी'

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने जयपुर के करणी विहार मण्डल में बूथ नंबर 316 पर कार्यकर्ता के घर कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

डॉ. पूनिया ने पार्टी के प्रदेशभर के सभी बूथ अध्यक्षों से आग्रह करते हुये कहा कि, मन की बात कार्यक्रम को सुनने में निरंतरता लाएं और मन की बात देश के लोगों को जोड़ता है और मकसद के लिए प्रेरित करता है।

डॉ. पूनिया ने कहा कि हमेशा की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम ने सबके मन को छुआ। जिस तरीके से प्रधानमंत्री ने कहा, मन की बात अब मकसद की बात होती जा रही है। खास तौर पर आयुष्मान भारत योजना की उपलब्धियां और मथुरा की सुखदेवी के मुख से जब आयुष्मान की अहमियत समझी, तो उस बात ने भावुक कर दिया कि किस तरीके से 40 वर्ष की उम्र में अनेक वर्ष बिस्तर पर बिताये, जिसके परिवार और जीवन को चुनौती थी, जीवन से उम्मीद छोड़ दी, ऐसे समय में आयुष्मान योजना उनके जीवन में रोशनी बनकर आई। इसी तरह आयुष्मान से लेकर तमाम कल्याणकारी योजनाएं देश के हर वर्ग को लाभान्वित कर रही हैं।

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी ने स्टार्ट-अप की अभिनव पहल से देश एवं प्रदेश के नौजवानों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया है, उनको जॉब क्रिएटर्स के रूप में नई दिशा दी है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

कपड़ा चुराने वाले तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कपड़ा चोरी करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने उनके पास से चोरी के कपड़ों के कई थान सहित एक चोरी की बाइक बरामद की गई है। इसके अलावा चोरी में प्रयुक्त एक कार भी जब्त की गई है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी रायसल सिंह ने बताया कि कपड़ा चोरी करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए शातिर बदमाश तेजसिंह धाकड़, राम धावड़ और संजय धाकड़ को गिरफ्तार किया है और तीनों ही हिंडौन सिटी जिला करौली हाल सांगानेर के रहने वाले है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के कपड़ों के कई थान सहित एक चोरी की बाइक बरामद की गई है। इसके अलावा चोरी में प्रयुक्त एक कार भी जब्त की गई है। आरोपितों ने सांगानेर सदर इलाके में भी दो फैक्ट्रियों से चोरी करना कबूला है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शातिर किस्म के नकबजन है वाहन चोर और बदमाश प्रवृति के हैं। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए करीब 500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालें। टीम के हैड कांस्टेबल ईश्वर चंद की सूचना पर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चोरी की बाइक और कार की नम्बर प्लेट खोलकर रात में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ज्योतिबा फूले पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को 22 गोदाम सर्किल स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

आवेदन निरस्त नहीं करेंगे निकाय

जयपुर। प्रशासन शहरों के संग अभियान को लेकर स्वायत्त शासन विभाग फिर स्पष्टीकरण जारी किया है। विभाग ने साफ किया है कि दस्तावेजों के अभाव और गलत श्रेणी में आवेदन करने पर निकाय आवेदनों को निरस्त नहीं करेंगे। विभाग की ओर से जारी आदेशों में लिखा गया है कि निकायों में चल रहे निरीक्षण के बाद यह बात सामने आई है कि निकाय दस्तावेजों के अभाव में आवेदन निरस्त कर रहे हैं। कई जगहों पर जानकारी के अभाव में गलत श्रेणी में हो रहे आवेदनों को भी निरस्त किया जा रहा है।

बैडमिंटन लीग में डॉक्टर्स की टीमों ने दिखाया दमखम

जयपुर (कासं)। एफ.एस.रियल्टी डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग के तीसरे संस्करण के मैचों में कई टीमों ने दमखम दिखाया। वरिष्ठ वर्ग में न्यू लाइफ हॉस्पिटल ने जयपुर ब्रेन एंड स्पाइन को 3-2 से, उर्मिल हॉस्पिटल ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल को 3-2 से, श्री अंश हॉस्पिटल ने यूरो शूटर्स को 4-1 से, किड्स डेंटल ने अमृतम एंड टैगोर हॉस्पिटल को 3-2 से, फ्लो केअर ने मेडिहैल्थ को 4-0 से, रुंगटा हॉस्पिटल ने जयपुर ब्रेन एंड स्पाइन को 3-2 से, महात्मा गांधी ने अमृतम एंड टैगोर हॉस्पिटल को 5-0 से, श्री अंश हॉस्पिटल ने मेडिसपा रॉयल को 3-2 से हराया।

बॉयज वर्ग में जयपुर यूरोलॉजी ने बराला हॉस्पिटल को 3-2 से, शर्मा डायग्नोस्टिक ने प्रकाश हॉस्पिटल को 4-1 से, ए.आई.ओ.एस.एच ने प्रकाश हॉस्पिटल को 3-2 से, शर्मा डायग्नोस्टिक ने जयपुर यूरो को 3-2 से हराया। किड्स वर्ग में ज्योति जगुआर ने जयपुर गैस्ट्रो केअर को 5-0 से, आंच हॉस्पिटल ने जयपुर गैस्ट्रो को 3-2 से हराया। गर्ल्स कैटेगरी में ईएचसीसी ने पैथोस्कोप को 3-2 से, सिद्धार्थ डायग्नोस्टिक ने जुत्शी केअर वेल को 3-2 से हराया। लीग निदेशक डॉ.अनिल यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता करोना वारियर्स को समर्पित है। इसका समापन आगामी 5 दिसंबर को होगा।

मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए विस्तृत रिपोर्ट बनाने के निर्देश

जयपुर, (का.सं.)। देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने रविवार को श्रीरामचन्द्रजी मन्दिर, सिरह ड्योढ़ी बाजार में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रावत ने ऐसे अराजकीय मंदिर जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। उनके जीर्णोद्धार के लिए जल्द से जल्द एक विस्तृत रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, नियमित पूजा से वंचित मंदिरों को ट्रस्टों, उद्योगों एवं मंदिरों में आस्था रखने वाले व्यक्तियों को गोद दिए जाने के लिए एक स्थाई नीति बनाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश का कोई भी मंदिर सेवा पूजा से वंचित नहीं रहना चाहिए।

शासन सचिव देवस्थान सीताराम भाले ने विभागीय नीतियों और उनकी क्रियान्विति से अवगत कराते हुए बताया कि विभाग की ओर से मंदिरों का नियमित निरीक्षण कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर आयुक्त करण सिंह, संयुक्त शासन सचिव अजय सिंह राठौड़, उपायुक्त सुनील मत्तड़ एवं सहायक आयुक्त आकाश रंजन और महेंद्र कुमार देवतवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

हड़ताल से बिगाड़ी जयपुर शहर की सफाई व्यवस्था

जयपुर । शहर में हूपर संचालकों की पिछले तीन दिनों से चल रही हड़ताल खत्म हो गई है। अब सोमवार से एक बार फिर सफाई व्यवस्था पटरी पर आने की उम्मीद जताई जा रही है। तीन दिन की हड़ताल के चलते शहर में कचरे के ढेर लगे पड़े हैं। सूत्रों के मुताबिक कि बकाया भुगतान की मांग को लेकर ये वेंडर्स हड़ताल पर थे। बीवीजी कंपनी के साथ कई बाद की वार्ता भी हुई, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं होने से हूपर चालक काम पर नहीं लौटे। ग्रेटर निगम में 7 और हैरिटेज के दो जोन में काम बंद पड़ा था। निगम के हस्तक्षेप के बाद वेंडर्स को कंपनी ने समय पर भुगतान का आश्वासन दिया है। इस हड़ताल की वजह से शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे पड़े है। परकोटा क्षेत्र, जगतपुरा, सिविल लाइंस, मालवीय नगर समेत कई वीआईपी इलाकों में भी कचरा नहीं उठा है।

जिले में आज होगी अधिसूचना जारी

करौली, (निं.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहाग ने बताया कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन की अधिसूचना आज 29 नवम्बर सोमवार को जारी की जायेगी।एवं नाम निर्देशन पत्र 2 दिसम्बर गुरूवार प्रात: 11 बजे से अपरा 3 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकेंगे। उन्होने बताया की नाम निर्देशन पत्रों की संमीक्षा प्रात: 11 बजे से एवं नाम वापसी 4 दिसम्बर अपरा 3 बजे तक लिये जा सकेंगे।

चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को 4 दिसम्बर शनिवार नाम वापसी समय समाप्त होने के पश्चात चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जायेगा। प्रथम चरण के लिये मतदान 12 दिसम्बर का,सपोटरा,मासलपुर एवं मंडरायल में द्वितीय चरण के लिए 15 दिसम्बर को,करौली,हिण्डौन व श्रीमहावीरजी में एवं तृतीय चरण के लिये 18 दिसम्बर को नादौती व टोडाभीम में मतदान प्रात: 7:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक कराया जायेगा।

21 दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर मतगणना प्रात: 9 बजे से प्रारंभ की जायेगी।

भरतपुर में 25 लाख रुपये के मोबाइल चोरी

भरतपुर,(निसं)। भरतपुर की आदर्शनगर कालोनी का बहुचर्चित एक मकान इस बार फिर सुर्खियों में है। अब तक एक महिला की जघन्य हत्या के अलावा तीन बार चोरियों को लेकर सुर्खियों में रहे कृष्णा मोबाइल वालो के इस मकान में इस बार ओप्पो कम्पनी के करीब 25-30 लाख रुपये के मोबाइलों के चोरी हो जाने से सनसनी फैल गई।

पता चला है कि शहर के कोतवाली थाना इलाके के आदर्श कॉलोनी में देर रात चोरों ने ओप्पो कंपनी के ऑफिस से करीब 25 लाख रुपये के मोबाइल चोरी कर लिए। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी की इस सनसनीखेज वारदात में रात करीब 2 बजे 2 चोर दीवार फांदकर ऑफिस में दाखिल हुए और 1 घण्टे के अंदर करीब 25 लाख के मोबाइल चोरी कर ले गए। चोरों ने मोबाइल के डिब्बों से फोन निकाल लिए और उन्हें दो बैग में भर लिया और रफूचक्कर हो गए। मजेदार बात यह है कि ओप्पो के इस आफिस में इतने

भरतपुर की आदर्शनगर कालोनी का बहुचर्चित एक मकान इस बार फिर सुर्खियों में है। चोर करीब 25 लाख के मोबाइल ले गये।

कीमती माल के होने के बाद भी रात में कोई चौकीदार तक नही था। ऑफिस में सुखदेव चौधरी नाम का कर्मचारी रहता भी बताया लेकिन वह भी शनिवार को वह अपने घर अलवर चला गया। रविवार शाम जब ओप्पो का एक दूसरा कर्मचारी ऑफिस पहुंचा तो चोरी का पता चला। गौरतलब है कि वर्ष 2018 से अब तक इस घर मे हुई चोरी की चार घटनाओ के अलांबा 10 अप्रैल 2019 को मिथलेश नाम की एक महिला की इसी घर मे जघन्य हत्या हो चुकी है।

ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

भरतपुर (निस) । महात्मा ज्योतिबा फुले की 131 बी पुण्यतिथि पर सूरजपोल चौराहे पर पार्षद रामेश्वर सैनी एवं रामगोपाल सैनी एडवोकेट व सैनी समाज महिला जिला अध्यक्ष बबीता सैनी सहित समाज के अनेक लोगों ने उनकी प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस मौके पर समाजसेवी राहुल सैनी टीटू सैनी ऋषि राज,गिरीश सैनी शिवम सैनी गोपी सैनी श्यामू सैनी चेतन सैनी आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगोपाल सैनी एडवोकेट ने कहा आने की सत्यशोधक समाज एक तरह से ब्राह्मण संस्कृति या हिन्दू धर्म को नकारने जैसा प्रयास था। जिसके प्रभाव में आकर लोगों ने पुरोहितों से किनारा करना शुरू कर दिया।

आधुनिक भारत के इतिहास में 19वीं शताब्दी सही मायनों में परिवर्तन की शताब्दी थी। अनेक महापुरुषों ने उस शताब्दी में जन्म लिया। कार्यक्रम में पार्षद किशोर सैनी ने कहां यदि किसी एक को 'आधुनि वास्तुकार' चुनना पड़े तो वे महात्मा ज्योतिबा फुले ही होंगे। उनका कार्यक्षेत्र व्यापक था सैनी समाज महिला जिला अध्यक्ष बबीता सैनी ने कहा। स्त्री शिक्षा, बालिकाओं की भ्रूण हत्या, बाल-वैधव्य, विधवा-विवाह, बालविवाह, जातिप्रथा और छूआछूत उन्मूलन, धार्मिक आडंबरों का विरोध आदि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज न कराई हो। 28 नवम्बर, 1890 को महात्मा ज्योतिराव फुले का निर्वाण हो गया।

कार्यक्रम में पार्षद रामेश्वर सैनी ने महात्मा ज्योतिराव फूले के जीवन परिचय के बारे में बताएं महात्मा ज्योति राव फूले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में शूद्र वर्ण की माली जाति में हुआ था। जिन्हें 'मनुस्मृति' के विधान के हिसाब से न शिक्षा प्राप्त करने की आजादी थी और न अपनी मर्जी का पेशा चुनने की। लेकिन वक्त बदल चुका था। ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत में 'दासता उन्मूलन अधिनियम-1833' और मैकाले द्वारा प्रस्तुत 'मिनिट्स ऑन एजुकेशन' (1835) लागू किये जा चुके थे। यह मनुस्मृति-आधारित सामाजिक व्यवस्था को बदलने वाली एक महान पहल थी जिसमें जॉन स्टुअर्ट मिल की उल्लेखनीय भूमिका रही।

सार-समाचार

नाव से बकरियों को चारे की व्यवस्था

करौली, (निं.सं.) करौली शहर के मासलपुर गेट स्थित गरीब तबके के लोग बकरी पालन करने के लिए ड्रमों की सहायता से भद्रावती नदी को पार करने को मजबूर हो रहे है। दूसरे किनारे से चारा लाया गया वैकल्पिक तौर पर दिमाग लगाकर नाव बनाने का अनूठा कारनामा सामने आया है। चारा लाने के लिए नदी के दूसरे किनारे से चारा लाया जाता है जो कि उनको मजबूरन जान जोखिम में डालकर यह कार्य करना पड़ रहा है। क्योंकि उनके लिए जनप्रतिनिधि हो या प्रशासन हो उनकी ओर से कोई सुविधाओं का लाभ नही मिल पा रहा है जिससे अपने दिमाग को लगाकर ड्रमों की सहायता से नाव बनाकर बकरियों के लिए चारे की व्यवस्था अन्य दूसरे सामानों को लाने ले जाने की व्यवस्था इसी तरीके से की जा रही है।

बालविवाह की सूचना पर किया पाबंद

बयाना,(निस)। बयाना उपखंड के गांव नगला फागना में बालविवाह की सूचना पर पुलिस व प्रषासन की कवायद हुई। मौके से लौटे नायब तहसीलदार मानवेन्द्रसिंह जयसवाल व सहायक पुलिस उपनिरीक्षक निर्भयसिंह गुर्जर ने बताया कि गांव नगला फागना में बबलू गुर्जर की नाबालिग पुत्री का विवाह होने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो सूचना गलत निकली। जांच के दौरान सामने आया कि बबलू की पुत्री की नही बल्कि उसकी बालिग बहन की षादी थी। फिर भी पुलिस व प्रषासन की ओर से एहतियात के तौर पर नाबालिग बालिका के अभिभावकों को नियम कानून की जानकारी देते हुए बालविवाह नही करने के लिए पाबंद किया गया।

विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास

बयाना,(निसं)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक विवाहिता को घर में अकेला देख उसी के गांव के एक युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला ने प्रतिरोध किया तो उसके साथ मारपीट करते हुए धमकाया। पीडित महिला ने आरोपी युवक के विरूद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि जब उसका पति एक शादी समारोह में बाहर गया हुआ था। तब उसे घर में अकेला देख रात्रि को आरोपी युवक ने दुश्कर्म को प्रयास किया और उसका विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट करते हुए उसे धमकाकर चुप रहने की चेतावनी दी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की है।

मनीष कुमार मीणा का स्वागत किया

मेहंदीपुर बालाजी, (नि.सं.)। हाल ही में कुछ दिन पूर्व आईएएस के आई परिणामों में नागललाट निवासी मनीष मीना ने सफलता हासिल की थी उसके बाद उन्हें अब आईपीएस केडर मिला है। मनीष को आईपीएस कैडर मिलने पर पहलाद योगी ठेकेदार बाबूलाल योगी ठेकेदार महेश मास्टर सहित पाडला के अनेकों ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर मनीष का जोरदार स्वागत किया। मनीष ने प्रथम प्रयास में ही अच्छे अंक हासिल कर टोडाभीम तहसील सहित अपने पूरे गांव व टोडाभीम का नाम रोशन किया है। जिसमें उनको आईपीएस कैडर मिला है मनीष इसे लेकर बहुत खुश है। मनीष ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मैं सभी अभिभावकों से प्रार्थना करना चाहता हूं कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं उन्होंने कहा कि मेरी सफलता का सारा श्रेय मेरे परिवार वालों को जाता है वही मेरे परिवार में मुझे अच्छा माहोल मिला और मेरे परिवार वालों ने शिक्षा के प्रति मुझे हमेशा प्रेरित करते रहे।

चुनाव लड़ने वाले से लिए बायोडाटा

मण्डरायल,(निं.सं.)। जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव नजदीक आते ही लोग सक्रिय हो गए हैं जिन्होंने अपने बायोडाटा चुनाव कार्य में लगे पार्टी पदाधिकारियों को सौंपे। मण्डरायल पंचायत समिति के सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य पद हेतु चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों से बायोडाटा लिए। भाजपा चुनाव संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा,चुनाव सह संयोजक उत्तम सिंह जादौन,विकास सिंह,जसवंत माँच और पूर्व पार्षद कुलदीप पाठक रविवार को मंडरायल पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर पंचायत चुनावों को लेकर चर्चा की इस दौरान चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी भी उपस्थित हुए जिन्होंने चुनाव संयोजक एवं सह संयोजक को अपने अपने बायोडाटा सौपे।

फिरौती वसूली का आरोपी भेजा जेल

बयाना। करीब डेढ माह पूर्व एक पत्थर कारोबारी को महिला का झांसा देकर कारोबारी का अपहरण कर उससे 30 लाख रूप्ए फिरौती मांगने के आरोपी को अब पुलिस ने रिमांड पूरे होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रैट के आदेष पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है। पुलिस उपाधीक्षक अजयषर्मा ने बताया कि रूदावल थाना प्रभारी मनीश षर्मा व उनकी टीम की ओर से इस मामले में धौलपुर जिले के थाना बाडी क्षेत्र के गुम्बट चौकी निवासी रामवीर गुर्जर पुत्र घीसा को रूदावल थाना क्षेत्र के गांव महलपुर निवासी पत्थर कारोबारी षिषुपाल ठाकुर का अपहरण व उससे 30 लाख रूपए की वसूली के मामले में गिरफतार किया था। इस मामले में अन्य आरोपीयों की पूर्व में गिरफ्तारी की जा चुकी है।

पिचूना में सजा सांई बाबा का दरबार

बयाना । निकटवर्ती गांव पिचूना के सांईबाबा मंदिर में वार्शिक उत्सव के अवसर पर साईबाबा का दरबार सजा व विभिन्न धार्मिक एवं सास्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हुए। जिनमें श्रद्धालुओं ने बढचढकर भाग लिया। यह आयोजन सांईबाबा के भक्तों की ओर से आयोजित किए गए। दो दिवसीय समारोह के तहत मंदिर में साई बाबा की प्रतिमा के अभिशेक के प्च्चात सांई बाबा का दरबार सजाया गया तथा 56 भोग व फूलबंगला झांकी सजावट, हवन यज्ञ, महाआरती भजन गीत आदि कार्यक्रमों के आयोजन हुए। इस अवसर पर सामूहिक भोजन प्रसादी वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में दूरदराज से आए श्रद्धालुओं व महिलाओं ने भी बढचढकर भाग लेते हुए मनोकामना पूर्ण होने की अरदास की।

विश्व विकलांग दिवस 3 दिसम्बर को

गंगापुर सिटी (नि.स)। विशेष योग्यजन विकास समिति सवाई माधोपुर के तत्वाधान में तीन दिसंबर 2021 शुक्रवार को 11 बजे माउंट टाउन क्लब गार्डन सवाई माधोपुर में विश्व विकलांग दिवस मनाया जायेगा। जिसकी मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सुदामा देवी होंगी। अध्यक्षता लोक सेवा आयोग के सदस्य सुरजीत मीणा करेंगे। विशिष्ट अतिथि एडीएम सूरज सिंह नेगी, सहायक निदेशक सुनील कुमार गर्ग आदि होंगे। इस अवसर पर विशेष योग्यजनों को ट्राइसाइकिल, वैसाखी, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र और ब्लाइंड छडी का वितरण किया जायेगा।

सुशील दीक्षित प्रभारी नियुक्त

गंगापुर सिटी (नि.स)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने हिंडौन पंचायती चुनाव में सुशील दीक्षित को प्रभारी व नवीन शर्मा को सप्रभारी नियुक्त किया हैं। दीक्षित ने बताया की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला प्रमुख और प्रधान का चुनाव करौली जिले में जीतेगी। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, नगर परिषद सभापति शिवरतन गुप्ता, उपसभापति वीरेंद्र शर्मा, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, घनश्याम शर्मा, सवाई सिंह राजावत, प्रदीप सरकार आदि ने इनकी नियुक्ति पर प्रसन्नत व्यक्त की हैं।

आरोपी पुलिस रिमांड पर

बयाना (नि.स)। कोतवाली पुलिस की ओर से एक नाम एक बल्दियत व जाति और पता समान होने का लाभ उठाते हुए साजिष पूर्ण तरीके से दूसरे की जमीन को बेचान कर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने के आरोपी को पुलिस ने गिरफतार करने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रैट के समक्ष पेष किया जहां से उसे सोमवार तक के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। कोतवाली एचएम लालसिंह ने बताया कि गिरफतार आरोपी कस्बा निवासी प्रकाष चंद पुत्र यादराम सैनी है।

बकाया वसूली के लिए विद्युत निगम ने चलाया विशेष अभियान

बयाना,(निसं)। राजस्व वसूली में लगातार पिछड रहे विधुत निगम के बयाना खंड में अब विधुत निगम की ओर से बकाया राजस्व वसूली का विशेष अभियान चलाया गया है। निगम के सहायक अभियंता विवेक शर्मा ने बताया कि सरकार की ओर से ऐसे

■ 40 के काटे कनैक्शन, कई के उतारे ट्रांसफार्मर

उपभोक्तओं के लिए एमनेस्टी स्कीम भी चालू की गई है। किन्तु फिर भी काफी उपभोक्ता बकाया राशि जमा नहीं करवा पा रहे है। स्कीम के तहत घरेलू या नियमित या कटे हुए कनैक्शनों की एकमुश्त बकाया राशि जमा कराने पर अब बकाया राशि की 50 प्रतिशत पैनल्टी व ब्याज में छूट दी जा रही है तथा कृशि उपभोक्ताओं की पूर्ण पैनल्टी व ब्याज माफ की जा रही है। इसके अलावा पुरानी वीसीआर में समय सीमा की बाध्यता को षिथिल किया है। बार बार कहने के बावजूद बकाया राषि जमा

बयाना के एक गांव में बकाया वसूली के लिए पहुंची टीम।

नही कराने वाले सभी विद्युत उपभोक्ताओं के अब कनैक्शन काटने व ट्रांसफार्मर उतारने का भी अभियान षुरू किया गया है। अभी यह अभियान सामरी, बुढवार, दर्रबराहना, तरसूमा, थानाडांग, फरसों, गुर्धानदी, वमूरी, मूडिया, मिलकपुर, श्रीनगर, बांसरौली, महमदपुरा, बंधबारैठा, कोट व जैसोरा, आदि गांवों सहित कस्बा बयाना में भी चलाया गया है। अभियान के तहत 40 बकाएदारों की ओर से बकाया राषि जमा नही कराने पर उनके कनैक्शन काटे गए। इसके अलावा गांव बांसरौली व मिलकपुर के दो ट्रांसफार्मर भी खुलवाकर उतरवाए गए है। टीम में कनिष्ठ अभियंता ओमप्रकाश शर्मा, नितिन डागुर, पंकजसिंह, सहित करीब 3 दर्जन विद्युत कर्मियों की टीम शामिल है। सहायक अभियंता ने बताया बकाया वसूली अभियान निरंतर जारी रहेगा।

कांग्रेस टिकिट के लिए 500 उम्मीदवारों ने जमा करवाये बायोडाटा

टोडाभीम, (नि.सं.)। हाल ही में पंचायत चुनावों की घोषणा के बाद से क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज होने के साथ ही सोमवार को विधायक पृथ्वीराज मीना के रोड़वेज बस स्टैंड स्थित कार्यालय पर पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्य का चुनाव लड़ने वाले 500 उम्मीदवारों के द्वारा अपने बायोडाटा जमा करवाये गए।

विधायक पृथ्वीराज मीना ने जानकारी पर बताया कि कांग्रेस पार्टी जिताऊ व टिकाऊ उम्मीदवार को ही पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद के चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाएंगी। पंचायत समिति सदस्यों के टिकट के लिए कांग्रेस पार्टी से टिकट वितरण में क्षेत्रीय विधायक की अहम भूमिका रहेगी। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए सरकार ने अधिसूचना जारी करने के बाद क्षेत्रीय विधायक पृथ्वीराज मीना के आवास पर चुनाव लड़ने वाले इच्छुक लोगों का

■ चुनावी सरगर्मियां तेज हुई

सोमवार को देर शाम तक जमावड़ा लग रहा। चुनाव के भावी प्रत्याशी पार्टी का टिकट हासिल करने के लिए विधायक पृथ्वीराज से संपर्क करने के लिए अपनी-अपनी जुगत बिठाने में लगे हुए हैं। विधायक पृथ्वीराज मीना का कहना है कि कांग्रेस पार्टी जिताऊ व टिकाऊ को ही अपना उम्मीदवार घोषित करेगी उन्होंने जानकारी पर बताया कि सोमवार को कांग्रेस पार्टी से टिकिट के लिए 500 उम्मीदवारों के द्वारा अपने बायोडाटा जमा करवाये गए। बायोडाटा देने के दौरान विधायक मीना ने कहा कि पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार टिकट वितरित किये जाएंगे। विधायक कार्यालय पर टिकिटार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए दिनभर पुलिस के जवान तैनात रहे।

पंचायत की अनदेखी, ग्रामीण परेशान

मंडावर (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के ग्राम रसीदपुर में घरों से निकलने वाले गन्दे पानी का निकास नही होने की वजह से गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाने की वजह से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

जानकारी के अनुसार रसीदपुर ग्राम पंचायत के वार्ड 9 में घरो से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी नही होने की वजह से गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। जिससे वहाँ से गुजरने वाले लोगो को दुर्घटना होने का डर बना रहता है। विनय तिवाड़ी, लखन कोली,बीरबल सैनी,योगेश,गोपाल रावत,राहुल कोली व दीपक तिवाडी ने बताया कि ग्राम पंचायत की अनदेखी के चलते नलियों की सफाई नही होने की वजह से घरो से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है। यह गांव का प्रमुख रास्ता भी है। इस रास्ते पर राजकीय विद्यालय व राजकीय अस्पताल मौजूद होने की वजह से इस रास्ते पर होकर अधिकतर लोगों को गुजरना पड़ता है। जँहा विद्यालय में बच्चे पढ़ाई के लिए आते हैं।

मुमुक्षुओं के सम्मान में निकाला वरघोड़ा, बहुमान में उमड़ा सैलाब

गंगापुर सिटी,(निसं)। अरिहंत भगवान और जैन धर्म के गगनभेदी जयकारो के बीच रविवार को जैन भागवती दीक्षा लेने वाले युवक अरिहंत जैन व युवती भव्या जैन का भव्य वरघोडा निकाला गया। प्रन्यास प्रवर मुनि धैर्य सुंदर, मुनि निर्मोह सुंदर आदि ठाणाचार की अगवानी में शहर के प्रमुख बाजारों से बैंड बाजों के साथ निकले वरघोडे का जैन व जैनेत्तर समुदाय के लोगों ने स्वागत किया। समापन पर नसिया स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर में समाज के लोगों व संघों ने दीक्षार्थी मुमुक्षूओं का उनके सांसारिक माता-पिता के साथ बहुमान किया। इससे पहले 9 बजे शत्रुंजय मोटर परिसर से जैन ध्वज पताकाओं से सजी बग्गी में मुमुक्षूओं को सवार किया गया। श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष रीतेश पल्लीवाल ने वरघोडा को रवाना दी। रास्ते में दीक्षार्थियों की ओर से वरसीदान किया गया। इसे प्राप्त करने में लोगों की श्रद्धा देखते हीं बन रहीं थी। कई

जैन मुमुक्षूओं का वर घोडा निकाला।

जगह जैन श्रावकों ने मुनि संघ की वंदन की। रोली कुमकुम का तिलक कर मुमुक्षूओं बहुमान किया। श्वेतांबर जैन मंदिर के अध्यक्ष पारस चंद जैन ने बताया की मुमुक्षू भाई अरिहंत की जैन भागवती दीक्षा 21 जनवरी को खेडली में तथा मुमुक्षू बहन भव्या की दीक्षा नदबई में 15 जनवरी को होगी। इस अवसर पर जैन समाज के उपाध्यक्ष विजय जैन भगवान सहाय, विकास जैन, मोनू, पदम चंद जैन, हेमंत जैन, अनिता, बबिता आदि सहित काफी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित थे। प्रन्यास प्रवर जैन मुनि धैर्य विजय सुंदर महाराज ने जैन मुमुक्षूओं के बहुमान के दौरान कहा की संयमित जीवन मोक्ष मार्ग का आधार होता हैं। उन्होंने कहा जीवन में सबकुछ तय होता हैं लेकिन जन्म और मृत्यु निर्धारित नहीं होती हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं को बताये चुनाव जीतने के टिप्स

गंगापुर सिटी (नि.स)। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा आयोजित बूथ शक्ति सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत के टिप्स बताये।

उन्होंने कहा की बूथ जीता तो चुनाव जीता। अगर बूथ सशक्त होगा तो मंडल मजबूत होगा और चुनाव जीतने में आसानी रहेगी। यह सम्मेलन ईदगाह मोड स्थित सोनी मैरिज होम में आयोजित किया गया।

वहीं मंडल प्रभारी राजेश गोयल ने अपने संबोधन में कहा की भाजपा कार्यकर्ता चुनाव के समय बूथ पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से मत डलवाए अगर सहीं समय पर मत डल गए निश्चित रूप से पार्टी का उम्मीदवार जीतेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कांग्रेस को ले डूबेंगे मुख्यमंत्री के सलाहकार, विधानसभा चुनाव में होगा सूपड़ा साफ : डॉ. किरोडी लाल मीणा

गंगापुर सिटी, (निसं)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद डॉ किरोडी लाल मीणा सवाई माधोपुर से महुआ जाते समय दोपहर 1 बजे गंगापुर सिटी पहुंचे। जयपुर रोड स्थित एक निजी फॉर्महाउस पर भाजपाईयों ने माला व साफा पहनाकर आतिशबाजी करते हुए डॉ किरोडी लाल का स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए सांसद डॉ किरोडी लाल ने कहा की मुख्यमंत्री के सलाहकार हीं कांग्रेस को ले डूबेंगे और इन सलाहकारों की वजह से अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सुपडा साफ हो जायेगा। मीणा ने कहा की सलाहकार जन कल्याण की सलाह नहीं देकर अनर्गल बयानबाजी कर रहें हैं। कांग्रेस के कुशासन में हर वर्ग के लोग दुखी हैं। दलित, आदिवासी एवं महिलाओं पर अत्याचार किये जा रहें हैं। पुलिस थानों में एफआईआर भी दर्ज नहीं की जा रहीं हैं किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा हैं। बिजली की दरों में हर माह बढोतरी की जा रहीं हैं। सरकार ने ना किसानों की संपूर्ण कर्जमाफी का वादा पूरा किया ना बेरोजगारों को रोजगार मिला बल्कि रोजगार मांगने वालों का जेल में डाला जा रहा हैं। मुकदमे दर्ज किये जा रहें हैं। भर्तियों में घोटाले पर घोटाले हो रहें हैं। दुष्कर्म, गुंडागर्दी, चोरियों की वारदात बढ रहीं हैं। वहीं राजनैतिक संरक्षण के कारण मंदिरों की जमीनों व सरकारी भूमियों पर भूमाफिया कब्जे कर रहें हैं। गहलोत ने हर विधायक को उसके क्षेत्र का मुख्यमंत्री बना रखा हैं। नियमों की जमकर धज्जियां उडाई जा रहीं हैं। कर्मचारी अधिकारियों के स्थानांतरण में अवैद्य वसूली व भ्रष्टाचार का खेल चल रहा हैं। कांग्रेस के शासन में तुष्टीकरण की नीति अपनाई जा रहीं हैं।

अपने नए प्रेमी के साथ साजिश कर पुराने प्रेमी की हत्या के मामले में मास्टरमाइंड महिला भेजी जेल

बयाना । बयाना उपखंड के गांव बरौदा में कुछ दिन पूर्व अधेड उम्र के एक दूधिया के ब्लाइंड मर्डर के मामले में गिरफतार की गई मास्टरमाइंड महिला को गिरफतारी व रिमांड पूरे होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रैट की अदालत में पेष किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रैट के आदेष पर आरोपी महिला को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

आरोपी महिला गांव बरौदा निवासी पूजा गुर्जर पत्नी मुखराम आयु 28 वर्श बताई है। पुलिस उपाधीक्षक अजयषर्मा ने बताया कि गत 19 नवम्बर को गांव बरौदा में उसके खेत के पास मलखान गुर्जर आयु 55 वर्श का क्षत विक्षत षव मिला था। जिसकी अज्ञात हत्यारों ने धारदार हथियारों से निर्मम हत्या कर दी थी। इस ब्लाइंड मर्डर के खुलासे के लिए जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विष्नोई की ओर से थाना प्रभारी रूदावल मनीश षर्मा के नेतृत्व में विषेश पुलिस टीम गठित की गई थी। टीम ने विषेश तकनीक से अनुसंधान करते हुए इस ब्लाइंड मर्डर का मात्र 6 दिनों में ही खुलासा कर इस आरोपी महिला को गिरफतार किया था। महिला से पूछताछ में जो कहानी सामने आई। वह सभी को चौकाने वाली और सामाजिक रिष्तों व मर्यादाओं को तार तार करने वाली थी। आरोपी महिला से पूछताछ में पता लगा कि मृतक दूधिया का उनके घर काफी समय से आना जाना था और करीब 3 वर्श पूर्व इस महिला के मृतक दूधिया से सम्पर्क बन गए थे। यह सम्पर्क भी इन दोनों के बीच इतने प्रगाढ हो गए थे कि वह इस महिला से पति की भांति व्यवहार करने लगा था। महिला का पति पुलिस में कांस्टेबल बताया। यह महिला काफी पढी लिखी है। जो अपने पति की भांति सरकारी नौकरी में जाने की इच्छुक थी। जिसने गत माह आयोजित रीट परीक्षा में भी षामिल होकर परीक्षा दी थी। इस परीक्षा के दरम्यान ही इस महिला के अपने से करीब 10 वर्श छोटे अपने ही गांव के एक अन्य युवक से सम्पर्क हो गया। और यह सम्पर्क दोनों के प्रेम में बदल गया।बस यहीं से कहानी बदलती चली गई और इस महिला ने अपने नए प्रेमी के साथ साजिष रचकर अपने पुराने प्रेमी मलखान सिंह की योजनाबद्ध तरीके से बडी ही सफाई के साथ हत्या करवा दी।

यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ने दौरा किया

टोडाभीम, (नि.सं.)। यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा रविवार को बालघाट क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर आगामी पंचायती राज्य के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया।टोडाभीम यूथ कांग्रेस के महासचिव पंकज महावर,सचिव हनुमान सिंह मीना,सचिव नीरज महावर,सहसचिव सतीश कुमार ने बताया कि रविवार को अध्यक्ष के द्वारा बालघाट पाडली शंकरपुर बदलेटा कुढावल मोहनपुर करीरी खानपुर सहित कई गांवो का दौरा करके आगामी पंचायती राज के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से मिले हैं मीना ने कहा बताया कि हमारा लगातार प्रयास जारी है कि योग्य उम्मीदवारों को टिकट दें जो आसानी से अपनी सीट को निकाल सके साथ ही उन्होंने मतदाताओं से भी अपील करते हुए कहा कि बहुत सोच समझ कर मतदान देने करें क्योंकि आपका एक वोट देश के भविष्य की दिशा और दशा को तय करता है इस दौरान हनुमान सिंह मीणा पाडली के द्वारा अध्यक्ष का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम मे टोडाभीम यूथ कांग्रेस महासचिव वसीम खान दिनेश बेरवा बबलू कमालपुरा दिनेश बड़ापुरा धर्मवीर नांगलशेरपुर आदि के साथ में कई कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे।

लैब संचालक रोगियों के जीवन के साथ कर रहे हैं खिलवाड़

करौली, (निं.सं.)। जांचो की रोगियों से मनमानी राशि वसूलने और गलत जांच रिपोर्ट देखकर उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करने का जिला मुख्यालय पर गोरखधंधा जोरों पर जारी है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन आंखें बंद कर बैठा हुआ है।

सरकार ने भले ही वाहवाही लूटने के लिए रोगियों की निशुल्क जांच और दवा की व्यवस्था कर रखी हो मगर सरकारी चिकित्सालय में रोगियों की होने वाली जांच और उपचार के लिए मिलने वाली दवाओं से लोगों का विश्वास उठ चुका है। निजी लैबो पर महंगे दामों में जांच कराने के अलावा चिकित्सक से सरकारी दवाओं के स्थान पर बाहरी दबा का रोगी उपचार लेने के लिए विवश हो रहे हैं। यही नहीं निजी लैबो पर महंगे दामों में हो रही जांचों की भिन्नता से रोगियों के जीवन के साथ सरेआम खिलवाड़ होता देखा जा रहा है।

उदाहरण के तौर पर जिला मुख्यालय का सामान्य चिकित्सालय में होने वाली जांच इस बात का सबूत है कि किस प्रकार रोगियों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है। गंभीरप्रद तो यह है कि जिला मुख्यालय पर चिकित्सा विभाग और जिला प्रशासन के आला अधिकारी बैठने के उपरांत भी रोगियों के जीवन के साथ खिलवाड़ के अलावा जमकर लुटाई हो रही है जो यहां के प्रशासन की कार्यशैली पर दीए तले अंधेरा वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

आश्चर्यजनक बात तो यह है कि जिला मुख्यालय पर अवैध रूप से मेडिकल स्टोर संचालित हैं। जिन पर अप्रशिक्षित लोग रोगियो को दवाई दे रहे हैं। यही नहीं निजी लैबो पर भी अप्रशिक्षित लोग धड़ल्ले से रोगियों के सैंपल लेकर जांच रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं जो जिला स्तरीय अधिकारियों की आंखों से ओझल हैं देखने लायक यह है कि किस प्रकार रोगियों के जीवन के साथ खिलवाड़ और मनमानी राशि वसूली जा रही है।

जिसका उदाहरण यहां का अभिषेक भारद्वाज नाम का युवक है जिस की तबीयत बिगड़ने पर परिवार के लोगों ने उसे करौली सामान्य चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया और उपचार के लिए जांच कराई जिन जॉचो की भिन्नता देख रोगी ही नहीं परिवार जन सकते में आ गए। एक दिन मे ही कराई डेंगू की जांच रिपोर्ट में सरकारी अस्पताल में प्लेटलेट्ट 12हजार तो वही एक निजी लैब की जांच मे 17 हजार और तीसरी जांच रिपोर्ट में 19हजार प्लेटलेट्ट दर्शाई गई है।

यही नहीं सरकारी अस्पताल की हिमोग्लोबिन जॉच रिपोर्ट मे 9.1 पॉइंट एक और एक निजी लैब पर 13.1 पॉइंट एक तो वहीं दूसरे निजी लैब पर 13.8 हिमोग्लोबिन की जांच रिपोर्ट है। वही जयपुर के एक निजी अस्पताल मे कराई गई जॉच रिपोर्ट मे हिमोग्लोबिन 13.1 और प्लेटलेट्ट 43हजार दर्शायी गई। यह तो एक बानगी है। इसके अलावा अधिकांश रोगियों के साथ भी ऐसा ही होता देखा जा रहा है मगर चिकित्सा विभाग और जिला प्रशास

मैं इस तरह के मुहावरे नहीं कहना चाहता हूं। मैं काफी समय से उम्मीदों के बोझ तले जी रहा था। मेरे लिए क्रिकेट मेरी जिंदगी का लक्ष्य है। अब मैं उस स्टेज पर हूं जहां मैं बाहरी शोर को पहले से बेहतर तरीके से अनदेखा कर रहा हूं।

-आर अश्विन

भारतीय क्रिकेटर, अपने प्रदर्शन के बारे में

खेल जगत

आज का खिलाड़ी श्रेयस अय्यर

भारत ने न्यूजीलैंड को कानपुर में जारी पहले टेस्ट मैच में जीत के लिए 284 रन का टारगेट दिया है। यह भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का डेब्यू टेस्ट रहा, जिसमें उन्होंने अपनी चमक बिखेरी है। भारत की पहली पारी में श्रेयस अय्यर ने 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 105, जबकि दूसरी इनिंग में 9 बाउंड्री की मदद से 65 रन बनाए। इसी के साथ अय्यर डेब्यू टेस्ट की दोनों पारियों में 50 रन बनाने वाले पहले भारतीय बन गए। अय्यर ने इस मैच में कुल 170 रन बनाए। इन दोनों पारियों के साथ वह पदार्पण टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे भारतीय खिलाडी बन गए।

क्या आप जानते हैं ?... 2006 में राष्ट्रमण्डल खेलों में भारत हॉकी महिला टीम ने न्यूजीलैण्ड की टीम को हराया।

हार्दिक पंड्या ने खुद टीम इंडिया में आने से मना किया

नई दिल्ली 28 नवम्बर। इंडियन प्रीमियर लीग 2021 सीजन और फिर टी-20 वर्ल्ड कप में पूरी तरह फ्लॉप रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अब कोई जल्दबाजी करने के मूड में नहीं हैं। आईपीएल और वर्ल्ड कप में वे पूरी तरह से फिट नहीं थे, इसके बावजूद उनका सिलेक्शन हुआ और वे दोनों टूर्नामेंट खेले भी। हालांकि, वे कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके। ऐसे में उनकी जमकर आलोचना भी हुई।

आजतक को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि अब हार्दिक पंड्या ने सिलेक्शन कमेटी को साफ लफ्जों में कह दिया है कि जब तक वे पूरी तरह फिट नहीं हो जाते, तब तक उन्हें किसी भी सीरीज के लिए सिलेक्ट नहीं किया जाए। हार्दिक ने कहा कि वे पूरी तरह फिट होकर ही किसी सीरीज में सिलेक्ट होने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

अय्यर का रिकॉर्ड, साहा का नाबाद अर्धशतक, भारत को आखिरी दिन नौ विकेट की जरूरत

कानपुर, 28 नवंबर। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट महज 51 रन पर गंवाने के बावजूद भारत ने बल्लेबाजी की गहराई को दर्शाते हुये रविवार को चौथे दिन सात विकेट पर 234 रन बनाकर पारी समाप्ति की घोषणा की और मेहमान टीम को जीत के लिये 284 रनो का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में कीवी टीम ने एक विकेट गंवा कर चार रन बना लिये थे।

ठीनपार्क मैदान पर भारत ने अपनी पहली पारी में 345 रन बनाये थे जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी 296 रन पर सिमट गयी थी। पहली पारी में 49 रन की महत्वपूर्ण लीड लेने के बाद भारत ने आज दूसरी पारी सात विकेट पर 234 रन पर घोषित कर दी। मेहमान टीम की दूसरी पारी के आज महज चार ओवर के खेल मे रविचंद्रन अश्विन ने सलामी बल्लेबाज विल यंग को महज दो रनों के निजी स्कोर पर पगबाधा आउट कर भारतीय टीम को जीत की ओर एक कदम चलवा दिया। दिन का खेल खत्म होने के समय टाम लाथम (2) और नाइट वाच मैन की भूमिका में विलियम सोमरविल बगैर खाता खोले क्रीज पर डटे हुये थे।

इससे पहले भारतीय टीम ने दूसरी पारी में अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 14 रन से आगे खेलना शुरू किया और लंच तक अपने एक के बाद एक चार विकेट गंवा दिये। लंच पर भारत का स्कोर पांच विकेट पर महज 84 रन था। लंच के समय पहली पारी के शतकवीर श्रेयस अय्यर 18 और रविचंद्रन अश्विन 20 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुये थे। भोजनावकाश के बाद भी श्रेयस और अश्विन

की जोड़ी ने संभल कर खेलते हुये अर्धशतकीय साझीदारी की मगर इस बीच अश्विन 32 रन के निजी स्कोर पर काइल जैमिसन का शिकार बने। बाद में श्रेयस और नये बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (61 नाबाद) ने खेलना शुरू किया और श्रेयस ने आठ चौकों और एक छक्के की सहायता से 65 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली।

पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में अर्धशतक लगाने का कारनामा करने वाले श्रेयस पहले भारतीय टेस्ट बल्लेबाज बने। वह टिम साउदी की गेंद पर विकेटकीपर ब्लेंडल के हाथो लपके गये। श्रेयस ने 125 गेंदों पर 65 रन में आठ चौके और एक छक्का लगाया। श्रेयस के आउट होने के समय भारत का स्कोर सात विकेट पर 167 रन था और भारतीय पारी के जल्द खत्म होने की संभावना जतायी जाने लगी थी मगर चोटिल साहा ने ठोस बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये अपने जोड़ीदार अक्षर पटेल (28 नाबाद) के साथ कीवी गेंदबाजों को भारतीय बल्लेबाजी की गहराई का अहसास कराया।

मैदान पर कम होती रोशनी के बीच भारतीय कप्तान आंजिक्य रहाणे ने पारी के 81वें ओवर के बाद पारी समाप्ति का घोषणा कर दी। साहा 126 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के के सहारे 61 रन बनाकर नाबाद लौटे। यह उनका छठा अर्धशतक था। पटेल ने 67 गेंदों पर नाबाद 28 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया।

सोमवार मैच का अंतिम दिन है जिसमें भारतीय टीम सुबह के सत्र में ही कुछ विकेट झटकने के साथ मेहमानो को दवाब मे लाने की कोशिश करेंगे। न्यूजीलैंड को आज पहली सफलता चेतेश्वर पुजारा (22) के विकेट के तौर पर मिली जो काइल जेमिसन की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये। पारी के 15वें ओवर में एजाज पटेल ने नये बल्लेबाज कप्तान आंजिक्य रहाणे को मात्र चार रन के निजी स्कोर पर पगबाधा आउट कर भारतीय उम्मीदों को करारा झटका दिया। मैच से पहले आउट आफ फार्म चल रहे पुजारा और रहाणे से खेल प्रेमियों को काफी आशायें थी मगर अब इसके लिये उन्हे अगले मैच का इंतजार करना पड़ेगा। भारत की दूसरी पारी अभी संभली नहीं थी कि टिम साउदी ने मयंक अग्रवाल (17) को टाम लाथम के हाथो कैच आउट करा कर चौथा झटका दिया जबकि नये बल्लेबाज रविन्द्र जडेजा को पगबाधा आउट किया। पहली पारी में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले जडेजा दूसरी पारी अपना खाता भी नहीं खोल सके थे और मात्र दो गेंद खेलने के बाद पवेलियन लौट गये।

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी 345 रन
न्यूजीलैंड पहली पारी 296

भारत दूसरी पारी	रन	गेंद	4	6
मयंक का लाथम बो साउदी	17	53	3	0
शुभमन गिल बो जैमिसन	01	3	0	0
पुजारा का ब्लंडेल बो जैमिसन	22	33	3	0
अजिंक्या रहाणे बो एजाज पटेल	04	15	1	0
श्रेयस का ब्लंडेल बो साउदी	65	125	8	1
जडेजा पगबाधा बो साउदी	00	2	0	0
आश्विन बो जैमिसन	32	62	5	0
रिधिमान साहा अविजित	61	126	4	1
अक्षर पटेल अविजित	28	67	2	1

अतिरिक्त : 04
कुल : 81ओवर में सात विकेट पर 234 रन पारी घोषित
गेंदबाजी:-टिम साउदी 22-2-75-3, काइल जैमिसन 17-6-40-3, एजाज पटेल 17-3-60-1, रचिन रवींद्र 9-3-17-0, सोमरविले 16-2-38-0

न्यूजीलैंड दूसरी पारी

टॉम लाथम खेल रह	02	13	0	0
विल यंग पगबाधा बो अश्विन	02	6	0	0
विलियम सोमरविले खेल रहे	00	5	0	0

अतिरिक्त :00
कुल: चार ओवर में एक विकेट पर चार रन
गेंदबाजी:-रविचंद्रन अश्विन 2-0-3-1, अक्षर पटेल 2-1-1-0

मुशफिकुर रहीम बनें बांग्लादेश के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

बांग्लादेश 28 नवम्बर। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच दो टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मुकाबला चैटोठाम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में मेजबान टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने इतिहास रच दिया है। मुशफिकुर अब बांग्लादेश के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ दूसरी पारी में उन्होंने यह कारनामा किया। मुशफिकुर से पहले यह रिकॉर्ड सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल के नाम था। उन्होंने अभी तक टेस्ट क्रिकेट में 39.57 की औसत से 4788 रन बनाए हैं। बात मुशफिकुर के टेस्ट करियर की करें तो उन्होंने अभी तक 76 मुकाबले खेले हैं जिसमें 37.44 की औसत से उन्होंने 4793 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 24 अर्धशतक और 7 शतक जडे हैं।

मिताली और झूलन को आराम, विश्व कप के लिए दावा पेश करेंगी 60 महिला क्रिकेटर

नयी दिल्ली, 28 नवम्बर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू सीनियर महिला वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। चार टीमों का यह टूर्नामेंट चार से नौ दिसंबर के बीच विजयवाड़ा में खेला जाएगा।

हालांकि इस टूर्नामेंट के लिए सीनियर खिलाड़ियों मिताली राज, झूलन गोस्वामी, और महिला बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलीं आठ में से सात खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।

इस बार इस टूर्नामेंट में तीन की जगह चार टीमें खेलेंगी। अगले साल न्यूजीलैंड में होने वाले विश्व कप से पहले बोर्ड कई नए युवा प्रतिभाओं को सीनियर स्तर पर मौक़ा देना चाहता है।

महिला बीबीएल में खेलीं राधा यादव एकमात्र ऐसी खिलाड़ी हैं, जो ऑस्ट्रेलिया से लौट कर इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। उन्हें टी20 विशेषज्ञ माना जाता है और वह वन डे टीम के लिए अपना दावा करना चाहती हैं। बीबीएल में भाग लेने वाली अन्य सात खिलाड़ियों को यह विकल्प दिया गया था कि वह इस टूर्नामेंट में खेलें या नहीं, क्योंकि वे जून-जुलाई के इंग्लैंड दौरे से लगभग लगातार ही बबल में थीं।

स्नेह राणा, तानिया भाटिया, शिखा पांडे और पूजा वस्त्रकर को क्रमशः इंडिया ए, बी, सी और डी टीमों का कप्तान बनाया गया है। प्रत्येक टीम में कुल 15 खिलाड़ी हैं।

चारों टीमें इस प्रकार हैं: इंडिया ए: स्नेह राणा (कप्तान), शिवली शिंदे, लक्ष्मी यादव, वृंदा दिनेश, झांसी लक्ष्मी, यास्तिका भाटिया, सुश्री दिव्यदर्शनी, महक केसर, बी. अनुषा, एस.एस. कलाल, गंगाडब्ल्यू, डी.डी. कसात, रेणुका सिंह और सिमरन दिल बहादुर

इंडिया बी: तानिया भाटिया (कप्तान), अंजू तोमर, रिया चौधरी, पलक पटेल, शुभा सतीश, हरलीन देओल, हुमैरा काज़ी, चंदू वी राम, राशि कनौजिया, जी.तृषा, सौम्या तिवारी, मेघना सिंह, सरला देवी, साइमा ठाकुर और राम्याश्री

इंडिया सी: शिखा पांडे (कप्तान), मुस्कान मलिक, श्वेता वर्मा, शिप्रा गिरी, तरन्नुम पठान, आरती देवी, राधा यादव, सी. प्रत्यूषा, अनुष्का शर्मा, काशवी गौतम, प्रियंका गरखेडे, आरआर साहा, धारा गुर्जर, प्रिया पुनिया और ऐश्वर्या

इंडिया डी: पूजा वस्त्रकर (कप्तान), अमनजोत कौर, इंद्राणी रॉय, के. प्रत्यूषा, एस. मेघना, दिव्या जी, आयुषी सोनी, कनिका आहूजा, कीर्ति जेम्स, राजेश्वरी गायकवाड़, संजुला नाइक, मोनिका पटेल और अश्विनी कुमारी

डेविस कप फाइनल्स में जोकोविक सर्बिया को नहीं दिला पाए जीत, जर्मनी से मिली हार

वाशिंगटन, 28 नवम्बर। विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाडी नोवाक जोकोविक ने सिंगल्स और पुरुष डबल्स दो मुकाबले खेले लेकिन इसके बावजूद वह अपनी टीम सर्बिया को डेविस कप फाइनल्स टूर्नामेंट के ठ्रुप चरण में जर्मनी के खिलाफ जीत नहीं दिला पाए।

कोरोना वायरस पाबंदियों के कारण खाली स्टेडियम में हुए मुकाबले में डोमीनिक कोफर ने फिलिप क्राजिनोविक को 7-6, 6-4 से हराकर जर्मनी को 1-0 से बढत दिलाई। लेकिन नोवाक जोकोविक ने अपने 50वें डेविस कप मुकाबले में जेन-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-2, 6-4 से हराकर सर्बिया को 1-1 से बराबरी दिला दी। संक्षिप्त ब्रेक के बाद जोकोविक डबल्स मुकाबले के लिए उतरे लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। जोकोविक ने निकोला सेसिक के साथ जोड़ी बनाकर डबल्स मुकाबले में उतरे। टिम पुएट्ज और केविन क्राविट्ज की जोडी ने कड़े मुकाबले में जोकोविक और निकोला की जोडी को 7-6, 3-6, 7-6 से शिकस्त देकर जर्मनी को 2-1 से जीत दिला दी। डबल्स मुकाबला हारने के बाद जोकोविक ने अपना रैकेट गुस्से में कोर्ट पर फेंक दिया। सर्बिया की टीम अब भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकती है। छह ठ्रुप विजेता और दो उप विजेता अंतिम-आठ में जगह बनाएंगे। जर्मनी की टीम ठ्रुप-एफ में आस्ट्रिया को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर सकती है जबकि आस्ट्रिया को सर्बिया ने हराया था।

भारत ने पोलैंड को 8-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

भुवनेश्वर, 28 नवम्बर। ओडीसा में चल रही जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने तीसरे मुकाबले में पोलैंड को 8-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपना जगह बनाई है। इस मुकाबले में संजय, हुंडल अरइजीत सिंह और सुदीप चिरमाको ने 2-2 गोल दागे जबकि उत्तम सिंह और शारदानंद तिवारी ने 1-1 गोल किया। पोलैंड के लिए वोज्सेच रुत्कोव्स्की और रॉबर्ट पॉवलक ने 1-1 गोल किया। भारत के पहले 2 मैचों में हैट्रिक बनाने के बाद उप कप्तान संजय ने शानदार फॉर्म जारी रखी जबकि कनाडा के खिलाफ हैट्रिक करने वाले हुंडाल ने भी इस मैच में 2 गोल दागे। भारतीय जूनियर हॉकी टीम का सामना अब एक दिसंबर को क्वार्टर फाइनल में पिछले चरण की उप विजेता बेल्जियम से होगा। बेल्जियम ने पूल-ए में गोल अंतर में मलेशिया को पछाड़ा क्योंकि दोनों टीमों के 7-7 अंक थे। टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में भारत को फ्रांस से हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में भारत को क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का करने के लिए दोनो मैच जीतना जरूरी था। भारत ने पहले कनाडा को 13-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल के लिए अपनी उम्मीद बनाए रखी थी। वहीं पोलैंड के खिलाफ मुकाबला उसके लिए करो या मरो जैसा था। टार ड्रैग फ्लिकर संजय ने चौथे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से टीम के लिए पहला गोल किया। यह उनका टूर्नामेंट का सातवां गोल था। इसके ठीक चार मिनट बाद भारत ने अपनी बढ़त दो गुनी कर दी। जिसमें फिर गोल पेनल्टी कॉर्नर से हुआ लेकिन यह गोल हुंडाल ने किए। फिर 24 वें मिनट में सुदीप ने शानदार मैदानी गोल से भारत की बढत तीन गुनी कर दी।

अर्जेंटीना से हारकर पाकिस्तान बाहर

भुवनेश्वर, 28 नवम्बर। पाकिस्तान की टीम अर्जेंटीना से रविवार को बेहद नजदीकी मुकाबले में 3-4 से हारकर जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल की होड़ से बाहर हो गयी। पाकिस्तान को तीन मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा जबकि अर्जेंटीना ने दूसरी जीत हासिल की और उसने छह अंकों के साथ अंतिम आठ में स्थान बना लिया। अर्जेंटीना ने मैच के 10वें मिनट में बतिस्ता कापुरो के गोल से बढ़त बनायी। पाकिस्तान को कप्तान अब्दुल राणा ने 17वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल कर बराबरी दिला दी। अर्जेंटीना ने 20वें मिनट में इग्नेसियो नारदोलिलो के गोल से फिर बढ़त बना ली। रिजवान अली ने 28वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर पाकिस्तान के लिए फिर बराबरी का गोल दाग दिया। फ्रांसिस्को रुइज ने 30वें मिनट में अर्जेंटीना को 3-2 से आगे किया जबकि इग्नेसियो इबारा ने 47वें मिनट में अर्जेंटीना को 4-2 की मजबूत बढ़त दिला दी। अकील अहमद ने 53वें मिनट में मिले पेनल्टी कार्नर पर पाकिस्तान का तीसरा गोल दागा। लेकिन उसके बाद उसे बराबरी का गोल नहीं मिल पाया और उसे बाहर हो जाना पड़ा।

बंगलादेश ने गंवाए 4 विकेट

चटगांव, 26 नवम्बर। लेफ्ट आर्म स्पिनर तेजुल इस्लाम ने घातक गेंदबाजी करते हुए 116 रन पर सात विकेट लेकर पाकिस्तान को पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को पहली पारी में 286 रन पर समेट दिया। बंगलादेश को पहली पारी में 44 रन की बढ़त हासिल हुई।लेकिन दूसरी पारी में बंगलादेश ने लड़खड़ाती शुरुआत करते हुए अपने चार विकेट मात्र 39 रन तक गंवा दिए। बंगलादेश के पास अब कुल बढ़त 83 रन की हो गयी है और उसके छह विकेट बाकी हैं। इससे पहले पाकिस्तान के आबिद अली ने 93 रन से आगे खेलते हुए 282 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 133 रन बनाये जबकि अब्दुल्लाह शफीक अपने कल के 52 रन के स्कोर में कोई इजाफा किये बिना आउट हो गए। अजहर अली का खाता नहीं खुला और कप्तान बाबर आजम 10 रन बनाकर हसन मिराज का शिकार बने। फहीम अशरफ ने 80 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के के सहारे 38 रन बनाकर टीम को 286 रन तक ले गए और आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। तेजुल इस्लाम ने 44.4 ओवर में 116 रन देकर सात विकेट हासिल किये।

अश्विन ने की हरभजन की बराबरी

कानपुर, 28 नवम्बर। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने न्यूज़ीलैंड की दूसरी पारी में विल यंग को पगबाधा कर अपना 417वां अंतर्राष्ट्रीय विकेट लिया और इसके साथ ही वह भारत के महानतम ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह की बराबरी पर पहुंच गए। 35 वर्षीय अश्विन के इस मैच से पहले तक 413 विकेट थे। पहली पारी में तीन विकेट लेकर उन्होंने अपने विकेटों की संख्या 416 पहुंचा दी और दूसरी पारी में अपना पहला विकेट लेने के साथ ही उनके 417 विकेट हो गए। हरभजन ने 103 टेस्टों में 417 विकेट लिए थे जबकि अश्विन अपने 80 वें टेस्ट में इस उपलब्धि तक पहुंचे हैं। अश्विन इसके साथ ही टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में 13 वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके पास कानपुर टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन हरभजन से आगे निकलने का पूरा मौका रहेगा।

स्पेन क्वार्टरफाइनल में

भुवनेश्वर, 28 नवम्बर। स्पेन ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई टीम दक्षिण कोरिया को रविवार को 9-0 से करारी शिकस्त देते हुए जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल सी से क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। स्पेन की तरफ से पेप कुनील ने 19वें और 40वें मिनट में,इग्नेसियो अबाजो ने 35वें और 44वें मिनट तथा पायो कुनील ने 55वें और 58वें मिनट में दो-दो गोल किये। गुइलर्मो फोर्च्युनो ने आठवें मिनट में पहला गोल किया। एडवर्ड सिमो डी इग्नेसियो ने 24वें मिनट में टीम का तीसरा गोल दागा। राफेल विलालांगा ने 51वें मिनट में टीम का अन्य गोल किया। स्पेन की तीन मैचों में यह दूसरी जीत रही और वह ठ्रुप में हॉलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा।

भारतीय चुनौती समाप्त

ह्यूस्टन, 28 नवम्बर। भारतीय जोड़ियों की क्वार्टरफाइनल में हार के साथ विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत की चुनौती समाप्त हो गयी। मणिका बत्रा और जी सत्यन की मिश्रित युगल जोड़ी तथा अर्चना कामथ और मणिका बत्रा की महिला युगल जोड़ी को अपने सम्बंधित क्वार्टरफाइनल मैचों में हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल क्वार्टरफाइनल में मणिका और अर्चना को लक्समबर्ग की सराह दी नुत्ते और नी जिया लियॉन से एकतरफा अंदाज में 0-3(1-11, 6-11, 8-11) से हार का सामना करना पड़ा। बाद में मिश्रित युगल में मणिका और सत्यन को जापानी जोड़ी तोमाकाजू हरिमोत्तो और हिना हयाता से 1-3 (5-11, 2-11, 11-7, 9-11) से शिकस्त झेलनी पड़ी।

विजय चौथे स्थान पर रहे

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। राजस्थान के भावेश शेखावत ने 64वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप के पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में रविवार को स्वर्ण पदक अपने किया जबकि वापसी करने वाले ओलिंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार चौथे स्थान पर रहे। विजय कुमार के इस प्रदर्शन ने सबको चौंका दिया। भावेश शेखावत का यह पहला खिताब था और इसी स्पर्धा का रजत पदक सेना के गुरप्रीत सिंह ने जीता। शेखावत ने आठ सीरीज के फाइनल में 40 में 33 हिट से पहला स्थान हासिल किया।

हॉलैंड क्वार्टरफाइनल में

भुवनेश्वर, 28 नवम्बर। माइल्स बुर्केस के पांच गोलों की बदौलत हॉलैंड ने अमेरिका को रविवार को 14-0 से रौंदकर जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में पूल सी से शीर्ष टीम के रूप में स्थान बना लिया। बुर्केस ने 11, 12, 31, 33 और 51वें मिनट में पांच गोल दागे। वान बिजनेन ने 14, 25, 44वें मिनट और ल्यूक डोमरसुइजज़ें ने 16, 33, 57वें मिनट में तीन-तीन गोल दागे।

ग्रीनपार्क पर दर्शक उड़ा रहे हैं घर की बनी पूरी सब्जी की दावत

कानपुर, 28 नवंबर। कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दौरान दर्शक दीर्घाओं में न सिर्फ कोविड प्रोटोकाल की धज्जियां खुलेआम उडाई जा रही है बल्कि नियमों को दरकिनार कर दर्शकों को टिफिन बॉक्स और पानी की बोतलों के साथ बगैर मास्क प्रवेश दिया जा रहा है।

रविवार को ग्रीनपार्क की सभी दर्शक दीर्घायें पूरी तरह भरी थीं। प्रवेश द्वार पर लंबी कतारों में लगे दर्शकों में से अधिकांश के चेहरे पर मास्क नदारद था जबकि कई अपने कंधों पर बैग टांगे हुये थे। प्रवेश के समय तैनात कर्मी दर्शकों की जेब में पडे सिक्कों को अंदर नहीं ले जाने दे रहे थे मगर दूसरी ओर बैग के अंदर पडे सामान पर उनकी कोई नजर नहीं थी और न हीं थर्मल स्कैनिंग और सेनेटाइजर वगैरह के कोई इंतजाम थे।

दर्शक दीर्घा में गंदगी का आलम इस कदर दिखा कि चलना फिरना दूभर था। जगह जगह पडे चिप्स के रैपर,कोल्ड ड्रिंक्स के गिलास माहौल को असहज बना रहे थे। स्टैंड पर कई दर्शक घर से लाई पूड़ी सब्जी को मजे से खा रहे थे और पानी की बोतल से गला तर कर रहे थे। नियमो का पालन कराने के जिम्मेदार यूपीसीए के अधिकारी सारा दिन जिला प्रशासन के आला अधिकारियों और निकट संबंधियों के स्वागत सत्कार में व्यस्त थे जबकि पुलिसकर्मी मजे से मैच का मजा ले रहे थे।

दर्शक दीर्घाओं में सामाजिक दूरी को कोई अनुपालन नहीं किया गया जबकि मास्क वगैरह तो दूर की बात थी। लोगबाग सेल्फी लेने में मशगूल दिखायी पडे। शौचालय गंदगी से बजबजा रहे थे। यहां तक कि डायरेक्टर पवेलियन के प्रवेश द्वार के पास मैच शुरू होने के बाद भी गंदगी को साफ नहीं किया गया था और उसे तिरपाल से ढक दिया गया था।

गौरतलब है कि टेस्ट मैच शुरू होने से पहले जिला प्रशासन ने नियमों की एक सूची प्रकाशित की थी जिसके अनुसार लोगों को बगैर मास्क प्रवेश नहीं दिया जायेगा। दर्शक कोई भी सामान के साथ स्टैंड पर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। दर्शकों को सामाजिक दूरी का पालन करना होगा मगर ये सभी कानून कागजी साबित हुये। इस कृत्य के गवाह टीवी प्रसारण के जरिये देश दुनिया के करोडों लोग बने।

विक्रम राठौर ने पुजारा और रहाणे पर भरोसा जताया

कानपुर, 28 नवम्बर। अपने पहले टेस्ट में शतक और अर्धशतक बनाने वाले पहले भारतीय बने श्रेयस अय्यर की बढ़िया बल्लेबाज़ी के बाद सभी की नजरें चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे पर हैं। अगले हफ़्ते के मुंबई टेस्ट के लिए कप्तान विराट कोहली टीम में वापसी कर रहे हैं। अय्यर को अगले टेस्ट के लिए टीम में बरकरार रखा जाएगा या नहीं, इसके बारे में भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कोई संकेत दिए बिना अपने दो अनुभवी बल्लेबाजों पर भरोसा जताया है।

विशेष रूप से राठौर से जब सवाल किया गया कि दो सीनियर क्रिकेटरों का खराब फॉर्म कितनी बडी चिंता का विषय है तो राठौर ने कहा, "बेशक हम चाहते हैं कि हमारा शीर्ष क्रम योगदान दें, लेकिन आपने जिन क्रिकेटरों का उल्लेख किया है, उन्होंने 80 और 90 टेस्ट मैच खेले हैं। उनके पास अनुभव है। जाहिर है कि इतने मैच खेलने के लिए उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया होगा। मैं समझता हूं कि दोनों खराब दौर से गुजर रहे हैं लेकिन उन्होंने अतीत में हमारे लिए कई महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं। हमें पूरा यकीन है कि वे फॉर्म में वापसी करेंगे और भविष्य में भी हमारी टीम के लिए और भी महत्वपूर्ण पारियां खेलेंगे।"

पिछले 16 टेस्ट मैचों में बॉक्सिंग डे टेस्ट में शतक के साथ रहाणे की औसत 24.39 की रही है। इस मैच में 35 और चार रनों की पारियां खेलने के बाद उनके करियर की औसत गिरकर 40 से नीचे चली गई है। घरेलू परिस्थितियों में उन्होंने 35.73 के औसत से रन बनाए हैं। वहीं दूसरी तरफ 2018-19 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से पुजारा के बल्ले से एक भी शतक नहीं निकला है और उनकी औसत 28.61 की रही है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में उन्होंने कई अहम पारियां जरूर खेली लेकिन पूरी तरह अपनी लय प्राप्त नहीं कर पाए।

इसी के कारण इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट महज़ 36.1 का रहा है। इस मैच में उन्होंने क्रमशः 26 और 22 रन बनाए। एक समय पर भारत 51 रन पर पांच विकेट गंवाकर नाजुक स्थिति में था। बढ़त 100 की थी और पिच बाकी भारतीय पिचों की तुलना में कम बिखरी थी। उस मुश्किल स्थिति में पिच की धीमी गति और एक विश्व स्तरीय विपक्षी स्पिनर की कमी का साथ मिला जो तेज गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन को आगे नहीं बढ़ा पाया। अय्यर और ऋद्धिमान साहा ने पहले भारत को मुश्किल से बाहर निकाला और फिर सूझबूझ भरी बल्लेबाजी करते हुए इस मैच को न्यूजीलैंड की पकड से बहुत दूर भेज दिया है। अगर भारत इस समय नाजुक स्थिति में होता तो रहाणे और पुजारा पर और उंगलियां उठाई जाती। इसके बावजूद राठौर से पूछा गया कि अगर उनके बल्ले से रन नहीं आ रहे हैं तो अतीत में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को और कितने मौके दिए जाएंगे।

राठौर ने जवाब में कहा, "मुझे नहीं लगता कि हम इसमें कोई निर्धारित संख्या डाल सकते हैं। यह टीम की स्थिति और जरूरतों पर निर्भर करेगा।" तो क्या होगा जब कोहली वापस आएंगे? राठौर ने कहा, "मुझे पता है कि कप्तान मुंबई में टीम में वापस आएंगे।

हम उस नतीजे पर तब पहुंचेंगे जब हम मुंबई में होंगे। फिलहाल हम मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अभी भी एक दिन का खेल खेला जाना है और नतीजा निकालना है। इसलिए हमारा ध्यान इस मैच पर हैं।" क्या आप इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि अय्यर अगला टेस्ट खेलेंगे?

राठौर ने कहा, "यह फैसला हम तब लेंगे जब हम मुंबई पहुंचेंगे।" यह बेशक कठिन निर्णय होंगे लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि विकल्पों की कमी होने की बजाय बाहर बैठे खिलाडी एकादश में मौजूद खिलाडियों पर दबाव बनाए रखें।ऐसी ही स्थिति विकेटकीपिंग विभाग में भी चल रही है।

विश्व में सबसे ज्यादा ऊँचाई पर चढ़ने वाली फ्युनिकुलर लाइन (केबल रेल) स्विट्ज़रलैण्ड में है। यह ट्रेन श्वीट्स शहर से स्टूस तक जाती है। स्टूस एस्पाइन पहाड़ियों पर 110 मीटर की ऊँचाई पर स्थित एक गांव है, जहां से पहाड़ियों व झरनों के अद्भुत नज़ारे देखे जा सकते हैं। यह गांव कार फ्री है और यहाँ पहुँचने का सर्वश्रेष्ठ जरिया फ्युनिकुलर है। श्वीट्स से यह ट्रेन पहाड़ की सीधी खड़ी चढ़ाई चढ़ती है, और कभी सुरगों से तो कभी खुले में होते हुए अपनी मंजिल, स्टूस गांव तक पहुँचती है। पूरे 14 साल की योजना और निर्माण के बाद इस ट्रेन ने 84 साल पुरानी फ्युनिकुलर की जगह ली है। इसे इंजिनियरिंग का करिश्मा कहा जा रहा है। इसके सिलैण्डर नुमा डिब्बे पूरी यात्रा के दौरान घूमते रहते हैं, पर यात्रियों को ऐसा महसूस भी नहीं होता और चार मिनट की यात्रा में वे सामान्य स्थिति में ही बैठे रहते हैं।

'हर दसवें दिन भारत में एक नया "यूनिकॉर्न" स्टार्टअप खड़ा हो रहा है'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, स्टार्टअप के मामले में भारत पूरी दुनिया को "लीड" कर रहा है

नई दिल्ली, 28 नवंबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत में आज हर 10 दिन में एक नया यूनिकॉर्न स्टार्टअप खड़ा हो रहा है, देश स्टार्टअप क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहा है और यहां की स्टार्टअप कंपनियां वैश्विक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर रही हैं।

मोदी ने अपने मासिक रेडियो संबोधन मन की बात में देशवासियों से बातचीत करते हुए कहा कि भारत की विकास गाथा का यह नया मोड़ है। पहले युवकों को नौकरी के लिए प्रेरित किया जाता था और आज अपना रोजगार शुरू करने वालों को सराहना और प्रोत्साहन मिल रहा है। मोदी ने कहा कि उनकी पहली सरकार आने के समय देश में 9-10 यूनिकॉर्न हुआ करते थे। यूनिकॉर्न ऐसी स्टार्टअप कंपनी को कहा जाता है, जिन का मूल्यांकन एक अरब डॉलर या 7000 करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा होता है।

- **यूनिकॉर्न, ऐसी स्टार्टअप कंपनी को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर या 7000 करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा होता है।**

उन्होंने कहा कि भारत यूनिकॉर्न के क्षेत्र में आज दुनिया में तेज उड़ान भर रहा है और एक रिपोर्ट के अनुसार देश में इस समय 70 से अधिक स्टार्टअप यूनिकॉर्न की श्रेणी में आ गए हैं। दुनिया का ध्यान इस ओर गया है। यूनिकॉर्न के क्षेत्र में भारत निवेश को आकर्षित कर रहा है तथा देश के युवा वैश्विक समस्याओं के समाधान में योगदान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यूनिकॉर्न के क्षेत्र में भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है। आज चारों तरफ स्टार्टअप की चर्चा है। अब छोटे-छोटे शहरों में भी स्टार्टअप कंपनियां खड़ी हो रही हैं। पहले जब कोई युवा अपना काम शुरू करने की बात करता था तो बड़े बुजुर्ग उसे नौकरी की सलाह देते थे और कहते थे कि नौकरी में आराम है, पैसा है, लेकिन आज अपना काम शुरू करने वालों को उनके परिवार और समाज से प्रोत्साहन मिलता है तथा सहायता मिलती है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने मयूर नाम के एक युवा उद्यमी से बातचीत की, जिसने पढ़ते हुए अपनी मोटरसाइकिल का माइलेज बढ़ाने और और वाहन प्रदूषण कम करने की प्रौद्योगिकी के विकास पर काम किया। आज वह अपने साथियों के साथ प्रौद्योगिकी का विकास कर चुका है। मयूर ने मोदी को बताया कि उसने अपने चार साथियों के साथ मिलकर जो फिल्टर प्रौद्योगिकी विकसित की है, उससे मोटरसाइकिल का एवरेज 25 किलोमीटर प्रति लीटर से बढ़कर 39 किलोमीटर प्रति लीटर तक पहुंच गया और कार्बन उत्सर्जन में 40 प्रतिशत की कमी आई है। इस प्रौद्योगिकी का प्रयोग उसने सरकारी बसों में किया है।

मयूर ने प्रधानमंत्री के सवालों के जवाब में कहा कि बसों में उत्सर्जन में 35 से 40 प्रतिशत की कमी देखी गई है और ईंधन में भी 10 प्रतिशत की बचत हुई है।

उसने इस प्रौद्योगिकी का पेटेंट कराने के लिए आवेदन कर रखा है और उसे उम्मीद है कि पेटेंट जल्दी मिल जाएगा। उद्यमी ने बताया कि उसे नीति आयोग की अटल इंडिया चैलेंज योजना के तहत अनुदान प्राप्त हुआ है।

मोदी ने कहा कि आज भारत में स्टार्टअप का वातावरण बना है और युवा नौकरी खोजने की जगह, नौकरी देने वाले बन रहे हैं। भारत में आर्थिक वृद्धि की कहानी आज एक निर्णायक मोड़ ले रही है। इससे दुनिया में भारत का प्रभाव बढ़ा है।

अखिलेश को मिलेगा चंद्रशेखर रावण का साथ

लखनऊ, 28 नवम्बर। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रावण की मुलाकात कल लखनऊ में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव से हुई। जिसमें कयास लगाया जा रहा है कि चंद्रशेखर सपा के साथ गठबंधन में जा सकते हैं। अखिलेश यादव सभी छोटे-बड़े दलों के साथ गठबंधन पर जोर दे रहे हैं।

चंद्रशेखर का कहना है कि, लखनऊ में उनकी पार्टी की कोर कमेटी की बैठक चल रही है। कमेटी जो तय करेगी वही हमारा फैसला होगा। यह पूछने पर की आप तो अकेले चुनाव लड़ने वाले थे, तो चंद्रशेखर ने कहा कि भाजपा को रोकने के लिए अगर सभी दल एक साथ एक सार्थक प्रयास से आएं तो प्रदेश और देश के लिए बेहतर होगा। वहीं चंद्रशेखर ने कहा कि राजनीति महज चुनाव जीतना नही है बल्कि आबादी के मुताबिक हिस्सेदारी सुनिश्चित कराना है।

चंद्रशेखर ने कहा कि कांशीराम कहते थे कि सरकार मजबूत नहीं मजबूर होनी चाहिए।

एन.डी.ए. के सहयोगी दल ने सी.ए.ए. निरस्त करने की मांग उठाई

मेघालय की नैशनल पीपुल्स पार्टी ने सर्वदलीय मीटिंग में विपक्षी नेताओं के सामने भाजपा को हैरत में डाल दिया

नई दिल्ली, 28 नवंबर (वार्ता)। संसद के सोमवार से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र से पहले आज यहां नैशनल डैमोक्रेटिक अलायंस (एन.डी.ए.) के सहयोगी दलों की बैठक में मेघालय की नैशनल पीपुल्स पार्टी (एन.पी.पी.) ने सिटीजनशिप अमैंडमैंट एक्ट (सी.ए.ए.) को खत्म करने की मांग की।

एन.पी.पी. से लोकसभा सांसद अगाथा संगमा ने बैठक में यह मुद्दा उठाया। लोकसभा सांसद अगाथा संगमा ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, सरकार ने लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कृषि कानूनों को रद्द करने की घोषणा की है, मैंने उनसे पूर्वोत्तर के लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सी.ए.ए. को खत्म करने का आग्रह किया है।

- **लोकसभा सांसद अगाथा संगमा ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, सरकार ने जिस तरह से कृषि कानूनों को रद्द करने की घोषणा की है, मैंने उनसे पूर्वोत्तर के लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सी.ए.ए. को खत्म करने का आग्रह किया है।**
- **अपना दल की सांसद और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बैठक में जाति आधारित जनगणना का मुद्दा उठाया।**

सूत्रों ने कहा कि अपना दल की सांसद और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बैठक में जाति आधारित जनगणना का मुद्दा उठाया। बैठक में सरकार के सहयोगियों ने संसद के सुचारू संचालन के लिए सरकार को समर्थन देने का आश्वासन दिया।

बैठक के बाद संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार किसी भी विषय पर चर्चा एवं बहस के लिए तैयार है। सकारात्मक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा , हमने विपक्ष से अपील की है कि आप बहस करिए और हम सरकार की ओर से हर मुद्दे पर बहस करके आपको जवाब देना चाहते हैं।

इससे पहले भाजपा की संसदीय कार्यकारिणी दल की बैठक भी हुई। पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सांसदों को सत्र के दौरान उपस्थित रहने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि कानूनों और पेगासस जासूसी विवाद जैसे मुद्दों सहित सभी मुद्दों पर विपक्ष का मुकाबला करने के लिए तैयार है। बैठक में सांसदों को संसद में पेश किए जाने वाले विधेयकों की जानकारी भी दी गई



भले ही वे यह बात स्वीकार न करना चाहें, किन्तु यह सच है कि ज्यादातर माता-पिता को उनका कोई एक बच्चा विशेष प्रिय लगता है। अब तो शोधकर्ता भी इस नतीजे पर पहुँच गये हैं कि सबसे छोटी सन्तान के ज्यादा प्रिय होने की सम्भावना अधिक होती है। ब्रिंघम यंग यूनिवर्सिटी के असिस्टैंट प्रोफेसर एलैक्स जैन्सन तथा पैन्सिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर सूजन एम. मैकहेल, दो बच्चों वाले परिवारों का अध्ययन करके इस नतीजे पर पहुँचे हैं। तथापि, शोधकर्ताओं ने पाया कि सबसे छोटे बच्चे के ज्यादा प्रिय लगने का संबंध माता-पिता की निजी पसंद से नहीं होता, सबसे छोटा बच्चा आमतौर पर प्रिय लगता ही है। ऐसी स्थिति में, सबसे छोटे बच्चे के संबंध माता-पिता से और भी प्रगाढ़ हो जाते हैं। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने भी यह निष्कर्ष निकाला था कि 74 प्रतिशत माताओं तथा 70 प्रतिशत पिताओं का किसी एक बच्चे पर विशेष लाड़ होता है।

केंद्रीय नेतृत्व...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सतीश पूनिया की बात करें तो करोनाकाल में प्रदेशभर में पार्टी के "सेवा ही संगठन" अभियान की लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। रोजाना फील्ड में रहे, अस्पतालों का दौरा किया और लगातार पदाधिकारियों की बैठक लेकर फीडबैक लेते रहे। इस दौरान खुद भी संक्रमण की चपेट में आ गए, जिससे संघर्ष कर परास्त किया और उस दौरान ही पार्टी के दिवंगत नेताओं के निवास स्थानों पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। लेकिन सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि इतने लंबे समय बाद वसुंधरा राजे का शोक संवेदना व्यक्त करने का मकसद संशय पैदा करता है, जिसको लेकर नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया भी सवाल खड़ा कर चुके हैं।

'मुसलमान देश की सबसे पुरानी पार्टी से अपनापन नहीं महसूस कर पा रहे'

पूर्व केन्द्रीय मंत्री के. रहमान खान ने यह भी कहा कि, इसी बात का खामियाजा कांग्रेस पार्टी को भुगतना पड़ रहा है

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री के. रहमान खान ने पार्टी के भीतर खुद को उपेक्षित करार देते हुए रविवार को कहा कि पार्टी मुस्लिम समुदाय से सही लोगों को प्रतिनिधित्व नहीं दे रही है और अब मुसलमानों को देश के सबसे पुराने दल को लेकर अपनापन महसूस नहीं हो रहा है जिसका खामियाजा पार्टी भुगत रही है। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के पदासीन मुस्लिम नेताओं की योग्यता पर भी सवाल खड़े किए और दावा किया कि राष्ट्रीय संगठन में मुसलमान समुदाय से सही लोगों को जगह नहीं दी गई है।

- **के. रहमान ने ए.आई.सी.सी. में पदासीन मुस्लिम नेताओं की योग्यता पर भी सवाल खड़े किए और दावा किया कि, इस राष्ट्रीय संगठन में मुसलमान समुदाय से सही लोगों को जगह नहीं दी गई है।**
- **"इंडियन मुस्लिमः द वे फॉरवर्ड" नाम की पुस्तक लिखने वाले 82 वर्षीय रहमान खान ने कहा, देश की 20 करोड़ की आबादी को लगता है कि, उसके नेतृत्व की कोई पहचान नहीं है।**

राज्यसभा के पूर्व उपसभापति ने यह भी स्पष्ट किया कि वह आजीवन कांग्रेसमैन रहेंगे क्योंकि पार्टी छोड़ना उनके डी.एन.ए. में नहीं है।

उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है जब ऐसी खबरें हैं कि चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कर्नाटक में कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की है जिसे इन नेताओं को तृणमूल कांग्रेस में शामिल कराने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है।

'आंकड़े झूठे हैं...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राहुल गांधी ने ट्विटर पर 4.31 मिनट का एक वीडियो साझा किया जिसमें गुजरात में करोना वायरस से अपने प्रियजन को खोने वाले परिवार आरोप लगा रहे हैं कि उस वक्त उन्हें सरकार से कोई सहयोग नहीं मिला। उन्होंने "गुजरात मॉडल" की भी आलोचना की जिसे सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी देश में बेहतर बताती है।

गांधी ने ट्वीट किया, "कोविड के कारण मरने वाले परिवारों की कहानी सच है, उनका दर्द और उनकी पीड़ा भी सच है। सरकार के आंकड़े गलत हैं। सच्चे आंकड़े बताने होंगे और चार लाख रुपये मुआवजा देना होगा।" एक वीडियो में उन्होंने कहा कि गुजरात मॉडल पर काफी चर्चा होती है लेकिन "जिन परिवारों से हमने चर्चा की उन्होंने कहा कि उन्हें न तो अस्पतालों में बिस्तर मिला, न ही ऑक्सीजन या वैंटिलेटर।" कांग्रेस के पूर्व प्रमुख ने दावा किया कि गुजरात सरकार कहती है कि आधिकारिक रूप से केवल दस हजार लोगों की कोविड-19 से मौत हुई लेकिन सच्चाई है कि राज्य में महामारी से तीन लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है।

एम.एस.पी. की गैरेन्टी देने वाला कानून संसद में लाये सरकार'

किसान नेता राकेश टिकैत ने सरकार को चेतावनी दी कि, एम.एस.पी. के बिना सरकार की कोई बात बनने वाली नहीं है

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। भारतीय किसान यूनियन (भा.कि.यू.) के नेता राकेश टिकैत ने रविवार को किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) की गारंटी देने वाला कानून लाने की मांग की। टिकैत ने यह मांग मुंबई के आजाद मैदान में संयुक्त शेतकारी कामगार मोर्चा (एस.एस.के.एम.) के बैनर तले आयोजित किसान महापंचायत में उठाई।

- **टिकैत ने कहा कि, नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो एम.एस.पी. पर सख्त कानून लाने का समर्थन करते थे।**
- **टिकैत ने कहा कि, अब केन्द्र सरकार किसानों के साथ उनके मुद्दों पर चर्चा से दूर भाग रही है।**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब एम.एस.पी. का समर्थन किया करते थे और किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रव्यापी कानून चाहते थे। इसके साथ ही राकेश टिकैत ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि अब वह किसानों के लिए महत्वपूर्ण इस मुद्दे पर चर्चा करने से भाग रही है।

टिकैत ने कहा, केंद्र को किसानों को एम.एस.पी. की गारंटी देने के लिए एक कानून लाना चाहिए। कृषि और श्रमिक क्षेत्र के ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है और हम इन मुद्दों को उठाने के लिए पूरे देश में यात्रा करेंगे। उन्होंने किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले किसानों के परिजनों को आर्थिक मदद देने की मांग भी उठाई।

इससे पहले शनिवार को टिकैत ने कहा था कि सरकार ने अभी तक किसानों की मौत, लखीमपुर खीरी की घटना, एम.एस.पी. पर मुद्दे और किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमों को लेकर कोई बात नहीं की है। उन्होंने कहा था कि हमारी मुख्य मांग एम.एस.पी. पर कानून लाना है। उन्होंने कहा था कि किसानों का आंदोलन अभी भी चलता रहेगा।

केंद्र सरकार की ओर से लाए गए तीन कृषि कानूनों का पूरे देश के किसान विरोध कर रहे थे और लगभग एक साल से दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे थे।

कुछ दिन पहले ही केंद्र सरकार ने इन कानूनों को वापस लेने का एलान किया था। सरकार ने किसानों को मनाने की कई कोशिशें की थीं लेकिन वह इसमें असफल रही थी।

सात करोड़...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बंडलों में ये नकली नगदी बरामद हुई है।

नकली मुद्रा पाकिस्तान में बनाई गई और श्रीलंका भेजी गई, जहां से उन्हें संगमरमर के कंटेनर में चटोग्राम बंदरगाह ले जाया गया।

असदुज्जमां ने कहा कि आरोपी की पहचान फातेमा अख्तर के रूप में हुई है, जो एक अन्तर्राष्ट्रीय नकली मुद्रा रैकेट का सक्रिय सदस्य है, जिसने पाकिस्तान से नकली मुद्रा एकत्र की और उसे भारत में भेजने की कोशिश की।

ढाका के खिलखेत और डेमरा इलाके से शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय नकली मुद्रा रैकेट के दो लोगों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने फातेमा के घर पर छापा मारा। उन्होंने नकली करेंसी रैकेट के सरगना के रूप में दो पाकिस्तानी नागरिकों सुल्तान और शफी को नामित किया।

त्रिपुरा निकाय...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लिए बधाई। इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस के पश्चिम बंगाल में महासचिव और प्रवक्ता कुणाल घोष ने दावा किया कि त्रिपुरा में केवल दो महीने पहले पहुंची उनकी पार्टी कई सीटों पर दूसरा स्थान प्राप्त करने में सफल हुई है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति तब है जब वहां सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा हिंसा की गई।

रिलायंस जियो के रिचार्ज प्लान्स भी 20 प्रतिशत मंहगे हुये

जियो ने अपने कुछ पॉपुलर प्लान्स में 480 रु. तक की बढ़ोतरी की है

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया (वी.आई.) ने अपने प्लान्स में 500 रुपये तक की बढ़ोतरी कर अपने ग्राहकों को बड़ा झटका दिया था। अब रिलायंस जियो भी इस लिस्ट में शामिल हो गया।

जियो ने रविवार को अपने कुछ चुनिंदा प्रीपेड प्लान्स की कीमतों में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। जियो ने अपने कुछ पॉपुलर प्लान्स में 480 रुपये तक की बढ़ोतरी कर ग्राहकों को तगड़ा झटका दिया है। नई कीमतें 1 दिसंबर से लागू होंगी। तो चलिए देखते हैं कि अब ग्राहकों को किस प्लान पर कितना अधिक खर्च करना पड़ेगा।

जियोफोन का 75 रुपये वाले प्लान के लिए 1 दिसंबर से ग्राहकों को 16 रुपये ज्यादा यानी 91 रुपये खर्च करने होंगे। प्लान की वैलिडिटी 28 दिनों की है। इस अवधि में ग्राहकों को महीनेभर के लिए कुल 3जी.बी. डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉल और 50 एस.एम.एस. मिलेंगे।

129 रुपये का पैक, 155 रुपए का हुआ- 28 दिनों की वैधता वाले 129 रुपये पैक के लिए 1 दिसंबर से 155 रुपये खर्च करने होंगे। प्लान में 28 दिनों के लिए डेली 2 जी.बी. डेटा, अनलिमिटेड वॉयल कॉल और कुल 300 एस.एम.एस. मिलेंगे।

149 रुपये का पैक, 179 रुपये का हुआ- 24 दिनों की वैलिडिटी वाले 149 रुपए पैक के लिए 1 दिसंबर से ग्राहकों को 179 रुपये खर्च करने होंगे। प्लान में 24 दिनों के लिए ग्राहकों को डेली 1 जी.बी. डेटा, अनलिनिटेड वॉयस कॉल और डेली 100 एस.एम.एस. मिलेंगे।

199 रुपये का पैक, 239 रुपये का हुआ- 28 दिनों की वैलिडिटी वाला 199 रुपए का पैक अब 239 रुपये का हो गया है। प्लान में ग्राहकों को 28 दिनों के लिए डेली 1.5 जी.बी. डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉल और डेली 100 एस.एम.एस. मिलेंगे।

- **गौरतलब है कि, इससे पहले एयरटैल और वोडाफोन-आइडिया भी अपने रिचार्ज प्लान्स में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर चुके हैं।**

249 रुपये का पैक, 299 रुपये का हुआ- 28 दिनों की वैलिडिटी वाला 249 रुपये का पैक, बढ़ोतरी के बाद 299 रुपये का हो गया है। इस प्लान में ग्राहकों को डेली 2 जी.बी. डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉल और डेली 100 एस.एम.एस. मिलेंगे।

399 रुपये का पैक, 479 रुपये का हुआ- 56 दिनों की वैलिडिटी वाला 399 रुपये का पैक, बढ़ोतरी के बाद 479 रुपये का हो गया है। इस प्लान में ग्राहकों को डेली 1.5 जी.बी. डेटा, अनलिमिडेट वॉयस कॉल के साथ डेली 100 एस.एम.एस. मिलेंगे।

444 रुपये का पैक, 533 रुपये का हुआ- 56 दिनों की वैलिडिटी वाला 444 रुपए का पैक, बढ़ोतरी के बाद 533 रुपये का हो गया है। इस प्लान में ग्राहकों को डेली 2 जी.बी. डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉल और डेली 100 एस.एम.एस. मिलेंगे। 329 रुपये का पैक, 395 रुपये का हुआ- 84 दिनों की वैलिडिटी वाला 329 रुपये का पैक के लिए 1 दिसंबर से ग्राहकों को 395 रुपये में मिलेगा। प्लान में कुल 6 जीबी डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉल और कुल 1000 एस.एम.एस. मिलेंगे।

देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो से अब लोगों का मोह भंग होता दिख रहा है क्योंकि सितंबर महीने में 1.90 करोड़ लोगों ने जियो का दामन छोड़ दिया।

इस दौरान तीसरी बड़ी कंपनी वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या भी 10.8 लाख घट गयी जबकि दूसरी बड़ी कंपनी भारती एयरटेल के ग्राहकों की संख्या 2.47 लाख बढ़ गयी। दूरसंचार नियामक ट्राई के सितंबर महीने के टेलीफोन उपभोक्ताओं के जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2021 में रिलायंस जियो के ग्राहकों की संख्या एक करोड़ 90 लाख 23 हजार 618 कम हो गयी। इसके बाद उसके ग्राहकों की कुल संख्या 4.29 प्रतिशत घटकर करीब 42.5 करोड़ पर आ गयी। इस दौरान वोडा आइडिया के ग्राहकों की संख्या 10 लाख 77 हजार 806 कम होकर अर्थात 0.40 प्रतिशत घटकर करीब 27 करोड़ पर आ गयी है।

ग्राहक आधार पर देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी भारती एयरटेल ने सितंबर 2021 में दो लाख 74 हजार 845 नये ग्राहक जोड़ने में सफल रही है।

बंगाल में सड़क...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कहा, नदिया जिले में सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से टकराने के बाद नदिया जिले में 18 लोगों की मौत और 5 अन्य लोगों के घायल होने की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ।

उम्मीद करता हूं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मृतकों और घायलों के परिवार की हर संभव तरीके से मदद करेंगी। हमें सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की जरूरत है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: घूघरा घाटी, जयपुर रोड, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स: 0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908